THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 323 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) फाल्गुन शु 1 , 2082 बुधवार, 18 फरवरी-2026

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ※ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये




SHOWROOMS: TELANGANA: HYDERABAD: RENAULT KUKATPALLY Ph: 7067322620, RENAULT LB NAGAR Ph: 9311700671. RENAULT KARIMNAGAR Ph: 9582305983. RENAULT KHAMMAM Ph: 8527234093. RENAULT MAHBUBNAGAR Ph: 9289995319. RENAULT NIZAMABAD Ph: 9311700672. RENAULT SHADNAGAR Ph: 9311700675.

# जुवेनाइल सेंटर से 2 पाकिस्तानी समेत 3 नाबालिग फरार

> पुलिसकर्मियों पर फायर किया > मामले में 6 अधिकारी सस्पेंड > एक नाबालिग की मां भी लापता




जम्मू, 17 फरवरी (एजेंसियां)। जम्मू के आरएस पुरा सेक्टर में जुवेनाइल ऑब्जर्वेशन सेंटर से 2 पाकिस्तानी नागरिक समेत 3 नाबालिग फरार हुए। इस मामले में आज 6 पुलिसकर्मी सस्पेंड किए गए। मामले की जांच जारी है। नाबालिगों के सेंटर से फरार होने की घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुई थी। 22 सेकेंड के वीडियों में नजर आ रहा है कि शाम करीब 5.15 बजे दो नाबालिग झगड़ा कर रहे हैं।

सेंटर के दो कर्मचारी पास ही खड़े उन्हें समझाने की कोशिश कर रहे हैं। तभी कैप पहना हुआ नाबालिग पीछे से आता है और कर्मचारी के सिर पर फायर कर देता है। फायर होते ही दोनों कर्मचारी पीछे हटते हैं। इसमें नाबालिग फिर से गन लोड करता है और दूसरा फायर करने की कोशिश करता है, लेकिन फायर नहीं होता। कैप पहना लड़का और सफेद जैकेट पहना लड़का कर्मचारियों पर हमला कर देते हैं। इसके बाद तीन नाबालिग सेंटर से भाग निकलते हैं। वहीं, जुवेनाइल सेंटर से फरार नाबालिग में एक की मां भी लापता हैं। पुलिस के मुताबिक महिला की भी तलाश की जा रही है।

**फायरिंग में 2 पुलिसकर्मी घायल**

नाबालिग की फायरिंग में एसपीओ विनय कुमार और हेड कांस्टेबल पर्वीन कुमार को घायल हुए हैं। उनका इलाज जारी है। नाबालिग के पास पिस्टल कैसे पहुंची, फिलहाल इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस ने बताया कि जांच शुरू कर दी गई है। फरार कैदियों को पकड़ने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। टीम की अलग-अलग जगहों पर छापेमारी जारी है। जुवेनाइल ऑब्जर्वेशन सेंटर की सुरक्षा को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस ने आसपास के इलाकों में चौकसी बढ़ा दी है। नागरिकों से जानकारी देने का अनुरोध किया है।

**कठुआ में जैश के 5 आतंकी एक्टिव, एलओसी से भारत में घुसे**

इधर, जम्मू-कश्मीर के कठुआ में सुरक्षा बलों ने सोमवार को जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े पांच आतंकवादियों की तस्वीरें जारी की हैं। सूत्रों ने दैनिक भास्कर को बताया कि ये सभी आतंकी हाल ही में कठुआ जिले में घुसपैठ कर चुके हैं। ये आतंकी एलओसी पार करके सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय हैं। सुरक्षाबलों ने लोगों से सतर्क रहने और आतंकियों को कहीं भी देखने पर तुरंत सूचाना देने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा कि सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। इस बीच, संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। आतंकियों को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन लगातार जारी है।




## पार्थ पवार को मिली बड़ी राहत, जांच समिति ने दी क्लीन चिट

**दो अधिकारियों पर कार्रवाई की सिफारिश**

मुंबई, 17 फरवरी (एजेंसियां)। पुणे की बहुचर्चित जमीन खरीद मामले में राष्ट्रवादी कांग्रेस (एनसीपी) नेता पार्थ पवार को बड़ी राहत मिली है। जांच समिति ने पार्थ पवार को क्लीन चिट देते हुए दो सरकारी अधिकारियों पर कार्रवाई की सिफारिश की है। अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व) विकास खरगे की अध्यक्षता वाली जांच समिति ने पाया कि जमीन सौदे में पार्थ पवार की सीधी अनियमितता साबित नहीं होती, हालांकि सौदे की प्रक्रिया में शामिल दो अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। इस रिपोर्ट में हवेली के तहसीलदार सूर्यकांत येवले और असिस्टेंट रजिस्ट्रार रविंद्र तारू के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की गई है। दोनों अधिकारियों को पहले ही निलंबित किया जा चुका है और वे फिलहाल जेल में हैं। विवाद बढ़ने पर तत्कालीन उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने इस सौदे को रद्द करने की घोषणा की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विस्तृत जांच के आदेश दिए थे। अब जांच रिपोर्ट राजस्व मंत्री को सौंप दी गई है और जल्द ही इसे मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। लगभग 1800 करोड़ रुपए मूल्य की महार वतन जमीन को 300 करोड़ रुपए में खरीदे जाने के आरोपों की जांच कर रही समिति ने अपनी रिपोर्ट सोमवार को राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले को सौंप दी।

# खबरें जरा हटके

## मरकर दोबारा जिंदा हुई महिला 24 मिनट तक रुकी रहीं सांसें

**अब बताई- क्या देखा मौत के बाद?**




मौत के बाद क्या होता है, यह एक ऐसा सवाल है जिसका जवाब सदियों से इंसान ढूंढ रहा है. लेकिन कई लोग ऐसे हैं, जो मरकर दोबारा जिंदा हो गए. इसके बाद उन्होंने दूसरी दुनिया में क्या देखा, इसके बारे में चौंकाने वाले खुलासे भी किए. आज हम आपको एक ऐसी ही महिला के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसका नाम लॉरिन कैनाडे है. लॉरिन भी मरकर दोबारा जिंदा हुई थीं. उनकी सांसें 24 मिनट के लिए रुक गई. लेकिन अब उन्होंने बताया कि मौत के बाद उन्होंने क्या देखा? यकीन मानिए, सुनकर आपके भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे. बता दें कि लॉरिन को उनके घर पर दिल का दौरा पड़ा, जिसके बाद उनकी धड़कनें पूरी तरह बंद हो गई थीं. उनके पति और फिर पैरामेडिक्स ने आधे घंटे तक सीपीआर दिया, लेकिन लॉरिन की पल्स पूरे 24 मिनट तक वापस नहीं आई.

मेडिकल साइंस की भाषा में वह 24 मिनट तक क्लीनिकली डेड थीं, लेकिन जब उनकी धड़कनें वापस लौटीं, तो उन्होंने एक ऐसी दुनिया का जिक्र किया जिसे सुनकर हर कोई दंग रह गया. इस चमत्कारिक वापसी के बाद लॉरिन को आईसीयू में भर्ती किया गया, जहां वह नौ दिनों तक रहीं और दो दिन कोमा में बिताए. जब उन्हें होश आया, तो उनके लिए दुनिया वैसी नहीं थी जैसी वह छोड़ कर गई थीं. उन्हें अपने हार्ट अटैक से एक हफ्ते पहले की कोई बात याद नहीं थी और अस्पताल के शुरुआती दिनों का भी उन्हें कुछ पता नहीं था. शुरू में उन्हें बोलने और लिखने में भी काफी दिक्कत हुई, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद कहा की कि उनके दिमाग को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है. लॉरिन कहती हैं कि भले ही वह शारीरिक रूप से ठीक हैं, लेकिन मौत के उस 24 मिनट के एक्सपीरिएंस ने उनकी आत्मा को बदल दिया.

## भारत का इकलौता रेलवे स्टेशन, जहां प्लेटफॉर्म के बीच खड़ी होती हैं हजारों कैब-टैक्सी




ट्रैक के विद्युतीकरण, ट्रेनों के आधुनिकीकरण, साफ-सफाई व्यवस्था और प्रीमियम वेटिंग एरिया जैसी सुविधाओं ने इसे वैश्विक स्तर पर अलग पहचान दिलाई है. भारत ही नहीं, विदेशों से आने वाले पर्यटक भी रेलवे की व्यवस्थाओं को देखकर हैरान रह जाते हैं. वैसे तो देश में कई अनोखे रेलवे स्टेशन हैं, लेकिन एक स्टेशन ऐसा भी है जहां प्लेटफॉर्म के बीच से सड़क गुजरती है और वहां टैक्सी-कैब खड़ी दिखाई देती हैं.

देश के अनोखे स्टेशनों की बात करें तो कई उदाहरण मिलते हैं. जैसे दो राज्यों में फैला स्टेशन भवानी मंडी-नवापुर, पासपोर्ट की जरूरत वाला अटारी रेलवे स्टेशन, भूतिया माना जाने वाला बेगुनकोडोर रेलवे स्टेशन, छोटा नाम वाला इब रेलवे स्टेशन और छोटे प्लेटफॉर्म के लिए चर्चित बासपानी रेलवे स्टेशन. लेकिन सबसे खास है हावड़ा जंक्शन, जो पश्चिम बंगाल में स्थित है. यहां प्लेटफॉर्म 8 और 9 के बीच से "कैब रोड" नाम की सड़क गुजरती है, जिससे वाहन सीधे स्टेशन परिसर के भीतर पहुंच सकते हैं. इस व्यवस्था के कारण टैक्सी और कैब यात्रियों को लगभग उनके कोच के पास ही उतार सकती हैं.

यह सड़क स्टेशन के डिजाइन का स्थायी हिस्सा है, जहां वाहन फोरशोर रोड से प्रवेश करते हैं और निर्धारित एकतरफा मार्ग से होकर बकलैंड ब्रिज गेट की ओर निकलते हैं, जिससे ट्रैफिक व्यवस्थित बना रहता है. इस कैब रोड पर रोज करीब 900 से 1000 वाहन आते-जाते हैं. निजी कारों को सीमित समय के लिए प्रवेश शुल्क देना पड़ता है, जबकि ऐप-आधारित कैब ड्राइवर पिक-अप या ड्रॉप के लिए अलग व्यावसायिक शुल्क अदा करते हैं.

## जीपीएस पर जरूरत से ज्यादा भरोसा पड़ा भारी बीच समुद्र में जा फसा डिलीवरी ड्राइवर

**फिर ऐसे बचाई जान!**



आज के टाइम में हम इतने ज्यादा तकनीक पर निर्भर हो चुके हैं कि बिना मोबाइल और जीपीएस के एक कदम चलना भी मुश्किल लगता है. रास्ता पूछने की पुरानी आदत लगभग खत्म हो चुकी है. अब लोग आंखों से कम और स्क्रीन पर दिख रहे तीर के निशान पर ज्यादा भरोसा करते हैं. लेकिन कई बार यही भरोसा भारी भी पड़ जाता है. ऐसा ही एक मामला इंग्लैंड के एसेक्स में सामने आया, जहां एक डिलीवरी ड्राइवर जीपीएस के भरोसे चलते-चलते सीधे ऐसे जगह जा फसा जिसके बारे में सुन आपके भी होश उड़ जाएंगे.

दरअसल, यह घटना इंग्लैंड के एसेक्स में स्थित ऐतिहासिक ब्रूमवे पर हुई. सूचना मिली कि एक अमेजन डिलीवरी वैन ग्रेट वेकरिंग इलाके से होते हुए ब्रूमवे पर चली गई है. ब्रूमवे लगभग 600 साल पुराना और 6 मील लंबा रास्ता है, जो थेम्स एस्टुरी के बीच से फाउलनेस आइलैंड तक जाता है. यह रास्ता आम सड़क नहीं, बल्कि ज्वार-भाटा के समय पानी में डूब जाने वाला पैदल रास्ता है. वहां के लोग इसे बोलचाल की भाषा में "ब्रिटेन का सबसे खतरनाक फुटपाथ" भी कहते हैं.

**जीपीएस के भरोसे बढ़ता गया ड्राइवर**

रिपोर्ट के मुताबिक, ड्राइवर अपने जीपीएस के सहारे वेकरिंग स्टेयर्स से सीधे ब्रूमवे पर चला गया. उसे शायद अंदाजा नहीं था कि यह रास्ता ज्वार के समय पानी में डूब जाता है. जैसे-जैसे समुद्र का पानी बढ़ा, वैन कीचड़ और पानी में फंसती चली गई. स्थिति को भांपते हुए ड्राइवर ने तुरंत खुद को सुरक्षित बाहर निकाला और कंपनी को घटना की जानकारी दी. अमेजन ने स्थानीय किसान की मदद से वैन को निकालने की व्यवस्था की. बाद में कोस्टगार्ड अधिकारियों की निगरानी में वाहन को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया.

# बेअंत सिंह हत्याकांड के दोषी की याचिका पर सुनवाई 11 मार्च तक टली, पंजाब जेल शिफ्ट की मांग

नई दिल्ली, 17 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने 1995 में पंजाब के मुख्य मंत्री बेअंत सिंह की हत्या के दोषी जगतार सिंह हवारा की याचिका पर सुनवाई 11 मार्च तक स्थगित कर दी। हवारा ने दिल्ली की तिहाड़ जेल से पंजाब की किसी जेल में स्थानांतरण की मांग की है। न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरश और न्यायमूर्ति एन. कोटिस्वर सिंह की पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के अनुरोध पर मामले को आगे की तारीख तक टाल दिया।

**हवारा की दलील क्या है?**

याचिका में कहा गया है कि हवारा पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले के निवासी हैं और उनके खिलाफ दिल्ली में कोई मामला लंबित नहीं है, इसलिए उन्हें पंजाब की जेल में रखा जाना चाहिए। याचिका में यह भी दावा किया गया कि जेल में उनका आचरण पिछले 19 वर्षों से संतोषजनक रहा है। हालांकि, 2004 में एक बार जेल से फरार होने की घटना का उल्लेख भी किया गया है। हवारा ने यह भी कहा कि समान मामले में दोषी एक अन्य कैदी को तिहाड़ से चंडीगढ़ जेल स्थानांतरित किया जा चुका है। हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ हवारा और अभियोजन पक्ष, दोनों की अपीलें सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं। अब इस मामले पर अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी।



**1995 के विस्फोट मामले में उम्रकैद**

हवारा 31 अगस्त 1995 को चंडीगढ़ स्थित सिविल सचिवालय के बाहर हुए बम विस्फोट मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। इस हमले में तत्कालीन पंजाब के मुख्यमंत्री बेअंत सिंह और 16 अन्य लोगों की मौत हुई थी।

मार्च 2007 में ट्रायल कोर्ट ने हवारा को मौत की सजा सुनाई थी, जिसे बाद में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने अक्तूबर 2010 में आजीवन कारावास में बदल दिया। अदालत ने आदेश दिया था कि उन्हें जीवन भर जेल में ही रहना होगा।

## एमबीए छात्रा की हत्या से पहले आरोपी ने खाई थी पॉवर बढ़ाने की गोलियां

इंदौर, 17 फरवरी (एजेंसियां)। इंदौर में एमबीए छात्रा की हत्या करने वाले आरोपी पीयूष से पुलिस की पूछताछ जारी है। उसने पुलिस को बताया था कि वह नशे में था और हत्या से पहले उसने पावर बढ़ाने की गोलियां खाई थीं। रूम पर आने के बाद छात्रा से उसका विवाद हुआ था। इसके बाद उसके सिर पर इतना खून सवार हुआ कि उसने छात्रा की हत्या कर दी। रूम पर आने के बाद छात्रा का शारीरिक संबंध बनाने से इनकार करना आरोपी को नागवार गुजरा था।

**हत्या के बाद पी थी शराब**

आरोपी ने छात्रा के हाथ-पैर बांध दिए थे और कपड़ा मुंह में ठूंस कर गला घोंट दिया था। हत्या के बाद वह तत्काल नहीं भागा, बल्कि रूम में ही बैठा रहा। उसने फिर शराब पी और शव के साथ गलत हरकतें कीं। बाद में उसने खिड़की-दरवाजे बंद किए और दरवाजे पर ताला लगाकर भाग गया। उसे पता था कि वह अपने मोबाइल की लोकेशन के कारण पकड़ा जा सकता है, इस कारण उसने रेलवे स्टेशन जाने से पहले नई सिम खरीदी। यह भी पता चला कि वह खुद भी ट्रेन से कटकर जान देना चाहता था। यह बात भी सामने आई है कि उसने मुंबई में छात्रा के फोटो के आगे फूल, कुमकुम रखकर तंत्र क्रिया भी की थी। उसे लग रहा था कि ऐसा करने से छात्रा की आत्मा उससे बात करेगी। वह तीन दिन मुंबई के रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में सफर करता रहा।

## ग्वालियर का 'नटवरलाल' जयपुर से गिरफ्तार

**जीपीएस हटाकर एसयूवी से लेकर डंपर तक कर दिए पार**



ग्वालियर, 17 फरवरी (एजेंसियां)। करोड़ों के वाहनों को अच्छे खासे किराये के झांसे में लेकर उन्हें खुर्द बुर्द करने वाला शातिर बदमाश हिमाचल शर्मा को क्राइम ब्रांच पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया हैं। आरोपी को पुलिस ने जयपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में रिमांड पर भेज दिया गया। करीब 42 लोगों ने एसपी धर्मवीर सिंह से मिलकर हिमाचल शर्मा द्वारा की गई धोखाधड़ी की शिकायत की थी।

**फर्जी सूबेदार बनकर देता था झांसा**

पटेल नगर सिटी सेंटर का रहने वाला हिमाचल शर्मा पूर्व में भी फर्जी सूबेदार बनकर लोगों को झांसा देता हुआ पकड़ा गया था। उसके खिलाफ पहले भी एक मुकदमा दर्ज है। उसने पुलिस सब इंस्पेक्टर की वर्दी में टूर और ट्रैवल्स चलाने वाले लोगों को अपने झांसे में लिया और उनकी महंगी कार, एसयूवी सहित ट्रैक्टर-ट्राली, डंपर और ट्रक तक किराए के लालच में हथिया लिए। बाद में हिमाचल ने इन गाड़ियों से जीपीएस सिस्टम भी हटा दिया। इसके बाद गाड़ी मालिकों को कुछ अंदेशा हुआ। उन्होंने जब हिमाचल शर्मा से सर्विस के लिए गाड़ी मांगी तो उसने इंकार कर दिया और वाहनों का किराया भी नहीं दिया। बाद में वह शहर से ही गायब हो गया।

## संपत्ति छिपाने पर कांग्रेस एमएलए की कुर्सी गई

**कर्नाटक हाईकोर्ट ने रद्द किया 2023 का बागेपल्ली चुनाव**

बंगलूरू, 17 फरवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक हाईकोर्ट ने कांग्रेस विधायक एस. एन. सुब्बारेड्डी का चुनाव रद्द कर दिया है। वे 2023 के विधानसभा चुनाव में चिक्कबल्लापुर जिले की बागेपल्ली सीट से जीते थे। कोर्ट के इस फैसले से कांग्रेस को झटका लगा है। क्योंकि जो सीट कांग्रेस के पास थी, अब उस पर उनके विधायक की सदस्यता खत्म हो गई। अगर दोबारा चुनाव हुआ तो सीट बचाना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती होगी। इस सुनवाई के दौरान यह साबित हो गया कि विधायक ने संपत्ति की घोषणा में नियमों का उल्लंघन किया और जरूरी जानकारी छिपाई गई थी। इसी आधार पर कोर्ट ने उनका चुनाव अमान्य यानी रद्द कर दिया। इसके साथ ही कर्नाटक कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि अब इस सीट पर दोबारा चुनाव कराने का अधिकार चुनाव आयोग के पास है।

## अजित पवार विमान हादसा : संजय राउत ने ब्लैक बॉक्स जलने को बताया गंभीर मामला

> सरकार की मंशा पर उठाए सवाल



नई दिल्ली, 17 फरवरी (एजेंसियां)। हाल ही में हुए एनसीपी नेता अजित पवार के विमान हादसे को लेकर एक नई साजिश की चर्चा शुरू हो गई है। यह मामला अब राजनीतिक और तकनीकी दोनों तरह से लोगों के बीच चिंता का विषय बन गया है। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने इस मामले में सरकार की मंशा पर सवाल उठाए हैं और मांग की है कि हादसे की सही और निष्पक्ष जांच कराई जाए। उनका कहना है कि केवल जांच के जरिए ही इस पूरे घटनाक्रम के रहस्य को साफ किया जा सकता है।

संजय राउत ने कहा कि यह मामला बहुत गंभीर है, क्योंकि इसमें कई रहस्यमयी बातें सामने आ रही हैं। उन्होंने विशेष रूप से ब्लैक बॉक्स के बारे में चिंता जताई। उन्होंने बताया कि आमतौर पर विमान हादसों में ब्लैक बॉक्स को सुरक्षित रखा जाता है और कई बार यह 20 साल बाद भी मिल जाता है। लेकिन अजित पवार के विमान का ब्लैक बॉक्स जल गया है, जो कि बहुत ही असामान्य और गंभीर स्थिति है। राउत ने कहा, "ब्लैक बॉक्स का जल जाना सामान्य नहीं है। यह तकनीकी रूप से और भी सवाल खड़े करता है कि आखिर ऐसा कैसे हो सकता है।" संजय राउत ने यह भी कहा कि रोहित पवार, जो पवार परिवार के सदस्य हैं, तकनीकी मामलों को अच्छी तरह समझते हैं। अगर उन्होंने इस मुद्दे को उठाया है, तो इसका मतलब यह है कि मामला और भी गंभीर है। राउत ने जोर देकर कहा कि अगर पवार परिवार चाहें तो उन्हें इस मामले की खुद जांच करनी चाहिए और सब तथ्य सामने लाने चाहिए। उन्होंने सरकार की मंशा पर भी सवाल उठाए। राउत का कहना है कि इस मामले में सरकार की नीयत सही नहीं लग रही है। उन्होंने साफ कहा कि केवल निष्पक्ष और पारदर्शी जांच से ही यह साबित किया जा सकता है कि यह हादसा केवल एक दुर्घटना था या इसके पीछे कुछ और कारण हैं।

इस हादसे के बाद राजनीति में भी हलचल मची हुई है। कई नेता और राजनीतिक पार्टियां इस घटना पर नजर रख रही हैं। एनसीपी के परिवार और समर्थक इस मामले को लेकर सच जानने की कोशिश में हैं। अब सवाल यह है कि सरकार इस मामले को कितनी गंभीरता से लेगी और कितनी पारदर्शिता के साथ इसकी जांच कराएगी।

# मुंबई की कोर्ट ने किया बरी, भारत में केस नहीं

**अब 10 साल बाद हॉन्ग-कॉन्ग वापस जाएगा गैंगस्टर कुमार पिल्लै**

मुंबई, 17 फरवरी (एजेंसियां)। अदालत ने मुंबई पुलिस को कथित गैंगस्टर कुमार पिल्लै को उसके देश हांगकांग वापस भेजने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आदेश दिया है। अदालत ने यह कदम यह देखते हुए उठाया कि उसे उन सभी मामलों में बरी कर दिया गया है जिनके लिए उसे मूल रूप से प्रत्यर्पित किया गया था। विशेष मकोका अदालत के न्यायाधीश सत्यनारायण आर नवंदर ने 13 फरवरी को पारित आदेश में कहा कि सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले ने यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रत्यर्पण करने वाले देश की अनुमति के अभाव में आवेदक पर भारत में किसी अन्य लंबित मामलों में मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

न्यायाधीश ने कहा कि परिणामस्वरूप अभियोजन पक्ष के पास आवेदक (पिल्लै) को उसके गृह देश, यानी हांगकांग वापस भेजने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। अदालत ने यह भी कहा कि रिकॉर्ड में ऐसा कोई सबूत नहीं है जिससे यह पता चले कि अभियोजन पक्ष ने अन्य लंबित मामलों में पिल्लै पर मुकदमा चलाने के लिए हांगकांग के अधिकारियों से अनुमति मांगी है।



**2016 में सिंगापुर से हुआ था गिरफ्तार**

मूल रूप से भारतीय नागरिक पिल्लै हांगकांग चला गया था और वहां की नागरिकता प्राप्त कर ली। उसे 2012 के रेड कॉर्नर नोटिस के बाद 2016 में सिंगापुर में गिरफ्तार किया गया और महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत मामला दर्ज किया गया। भारत ने सिंगापुर की सक्षम अदालत से उसके खिलाफ लंबित छह मामलों में उसके प्रत्यर्पण की मांग की थी। हालांकि, तीन मामलों में सुनवाई के लिए ही पिल्लै के प्रत्यर्पण को मंजूरी मिली थी।

अदालत के आदेश में कहा गया है कि वे सभी मामले निपटा दिए गए हैं और आवेदक को बरी कर दिया गया है। पिल्लै के वकील पंकज कावले ने तर्क दिया कि प्रत्यर्पण का उद्देश्य अब समाप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि आवेदक भारत का नागरिक नहीं है, इसलिए देश में उसका रहना वैध नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि प्रत्यर्पण अधिनियम की धारा 21 के तहत उसे हांगकांग वापस भेजा जाना आवश्यक है। अभियोजन पक्ष ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि आवेदक के खिलाफ मामले लंबित हैं और उनमें कार्यवाही अभी पूरी नहीं हुई है।

## ज्यादा मात्रा में खा लिए कच्चे मटर 16 साल की लड़की की मौत

पटियाला, 17 फरवरी (एजेंसियां)। पटियाला के गांव सधारनपुर में 16 साल की एक लड़की की खेतों में काम करते समय ज्यादा मात्रा में कच्चे मटर खाने से मौत हो गई है। मृतका की पहचान प्राची के तौर पर हुई है। प्राची की माता बलजीत कौर ने बताया कि उनका परिवार खेत मजदूर के तौर पर काम करता है। रोजाना की तरह जब वे खेतों में मटर तोड़ रहे थे। तभी प्राची ने ज्यादा मात्रा में कच्चे मटर खा लिए। इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और वह उल्टियां करने लगी। तुरंत उसे सिविल हॉस्पिटल लाया गया। जहां से उसे पटियाला रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान प्राची की मौत हो गई है। परिवार ने आशंका जताई है कि पेस्टिसाइड स्प्रे के कारण बेटी की मौत हुई है।




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 323 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) फाल्गुन शु.1, 2082 बुधवार, 18 फरवरी-2026

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर * पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## राहुल गांधी के खिलाफ किया मानहानि का केस खारिज

बेंगलुरू, 17 फरवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी की तरफ से लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि की याचिका खारिज कर दी। यह याचिका कथित तौर पर पार्टी के खिलाफ प्रचार करने के आरोप में दायर की गई थी। यह मामला विधानसभा चुनाव के दौरान पिछली भाजपा सरकार को टारगेट करते हुए एक 'करप्शन रेट कार्ड' ऐड से जुड़ा है। राहुल गांधी ने अपने खिलाफ लगे आरोपों को रद्द करने के लिए एक पिटीशन फाइल की थी। जस्टिस सुनील दत्त यादव के नेतृत्व वाली बेंच ने कहा कि कार्रवाई जारी रखने की इजाजत देना कानून के प्रोसेस का गलत इस्तेमाल होगा।

# भारत एवरेस्ट तक उड़ने वाला हेलिकॉप्टर बनाएगा : मोदी

## मैक्रों बोले-भारत पर भरोसा इसलिए टेक्नोलॉजी शेयर करते हैं



मुंबई, 17 फरवरी (एजेंसियां)। पीएम मोदी ने मंगलवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने मुंबई में जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस मिलकर भारत में ऐसे हेलिकॉप्टर का निर्माण करेंगे, जो माउंट एवरेस्ट जैसी ऊंचाइयों तक उड़ान भरेगा।

इससे पहले दोनों नेताओं ने मिलकर टाटा-एयरबस की एच-125 हेलिकॉप्टरों असेंबली लाइन का ऑनलाइन उद्घाटन किया। असेंबली लाइन वो जगह है जहां हेलिकॉप्टर का ढांचा, इंजन, पंखे, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम अलग-अलग स्टेज में जोड़े जाते हैं। यहीं पूरा हेलिकॉप्टर तैयार होता है। मोदी ने फ्रांस को भारत का स्पेशल पार्टनर बताया और कहा कि दोनों देशों ने अपने रिश्तों को 'स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' लेवल तक अपग्रेड करने का फैसला किया है। 'स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' का मतलब है कि दोनों देश सिर्फ व्यापार या हथियारों की खरीद-फरोख्त तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि सुरक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष, समुद्री इलाकों की सुरक्षा और बड़े वैश्विक मुद्दों पर साथ मिलकर काम करेंगे। इससे पहले दोनों देशों के बीच संबंध 'स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' लेवल के थे। यह पार्टनरशिप साल 1998 में शुरू हुई थी। मैक्रों ने कहा कि भारत एक भरोसेमंद साझेदार है और फ्रांस भारत के साथ तकनीक साझा करने में भरोसा रखता है।

**राष्ट्रपति बनने के बाद चौथी बार भारत पहुंचे मैक्रों :**

राष्ट्रपति बनने के बाद मैक्रों का यह चौथा भारत दौरा है। इससे पहले वे मार्च 2018 में पहली बार भारत आए थे। इसके बाद वे सितंबर 2023 में जी-20 समिट के लिए और जनवरी 2024 में गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बनकर आए थे।

भारत और फ्रांस के बीच 1998 से रणनीतिक साझेदारी है और दोनों देश रक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में साथ काम करते हैं। यह दौरा भी इसी सहयोग को आगे बढ़ाने के लिहाज से अहम माना जा रहा है। बॉलीवुड एक्टर मनोज बाजपेयी ने मैक्रों के साथ तस्वीर शेयर की। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि आज के लंच में फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से मिलना गर्व की बात थी। वहां और भी कई खास मेहमान मौजूद थे।

# 'वैश्विक साझेदारों के साथ अधिक मजबूती से जुड़ रहा भारत'




मुंबई, 17 फरवरी (एजेंसियां)। विदेश मंत्री डॉ.एस. जयशंकर ने कहा है कि भारत आज दुनिया के देशों के साथ पहले से ज्यादा मजबूती के साथ जुड़ रहा है और यह भारत की बढ़ती ताकत को दिखाता है। मुंबई में आयोजित ग्लोबल इकोनॉमिक कोऑपरेशन कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए उन्होंने कहा कि हाल में हुए कई व्यापार समझौते इस बात का प्रमाण हैं कि भारत अब वैश्विक मंच पर मजबूत स्थिति में है।

**दुनिया का माहौल तेजी से बदल रहा :**

जयशंकर ने कहा कि आज दुनिया एक बहुत अनिश्चित और अस्थिर दौर में प्रवेश कर चुकी है। उनके मुताबिक वैश्विक व्यवस्था तेजी से बदल रही है और पुराने सिस्टम कमजोर पड़ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि नई व्यवस्था बनने में समय लग रहा है और इस वजह से दुनिया एक 'लंबे संक्रमण काल' में जा रही है।

उन्होंने यह भी कहा कि अब उत्पादन, वित्तीय ताकत, बाजार हिस्सेदारी और निर्यात नियंत्रण जैसे आर्थिक साधनों को हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। विदेश मंत्री ने इस मौके पर हाल में हुए दो अहम समझौतों का खास जिक्र किया। इसमें पहला भारत-अमेरिका समझौता- प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बातचीत के बाद बड़ा फैसला हुआ। इसमें अमेरिका ने भारतीय सामान पर टैरिफ 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया। इससे भारत के निर्यात को बड़ा फायदा मिलेगा। दूसरा भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) व्यापार समझौता- पिछले महीने फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर बातचीत पूरी हुई। इससे दोनों के बीच व्यापार और आर्थिक रिश्ते मजबूत होंगे।

**क्या है भारत की रणनीति :**

विदेश मंत्री डॉ.एस. जयशंकर के मुताबिक भारत अब आत्मविश्वास के साथ वैश्विक साझेदारी कर रहा है, आर्थिक ताकत बढ़ा रहा है और व्यापारिक अवसरों का विस्तार कर रहा है। उनके अनुसार, भारत अब 'कमजोर देश' की तरह नहीं, बल्कि एक मजबूत और भरोसेमंद वैश्विक साझेदार की तरह दुनिया से जुड़ रहा है।

# राजनीतिक पार्टियों की चुनाव आयुक्त के साथ बैठक : दो फेज में चुनाव कराने की मांग



गुवाहाटी, 17 फरवरी (एजेंसियां)। असम विधानसभा चुनाव 2026 से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ आज को गुवाहाटी में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य दलों के साथ विचार-विमर्श किया। अधिकारियों ने बताया कि असम की राष्ट्रीय और राज्य की राजनीतिक पार्टियो ने मंगलवार को चुनाव आयोग के साथ अपनी मीटिंग में असम विधानसभा चुनाव एक या ज्यादा से ज्यादा दो फेज में कराने की मांग की। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग की पूरी बेंच राज्य में होने वाले आम चुनावों की तैयारियों का रिव्यू करने के लिए असम के दौरे पर है। कुमार ने असम में अपने अधिकारियों के साथ राज्य के अपने तीन दिन के दौरे के दूसरे दिन एक होटल में मीटिंग की।

राष्ट्रीय पार्टियों में आम आदमी पार्टी, भाजपा, माकपा और कांग्रेस ने मीटिंग में हिस्सा लिया, जबकि राज्य पार्टियों में ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ), असम गण परिषद (एजीपी), बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) और यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) ने कमीशन के साथ अलग-अलग मीटिंग कीं।

## 6 कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

अहमदाबाद, 17 फरवरी (एजेंसियां)। गुजरात में स्कूलों के बाद मंगलवार को छह अलग-अलग अदालतों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। धमकी भरे ईमेल मिलने के बाद हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस पहुंची। आनन-फानन में कोर्ट परिसर को खाली कराया गया। हालांकि, जांच के बाद कहीं भी कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। अधिकारियों ने इसे अफवाह बताया है। अधिकारियों के मुताबिक, अहमदाबाद, वडोदरा, वलसाड, राजकोट, गांधीनगर और मेहसाणा की अदालतों को ये धमकी भरे ईमेल मिले हैं।

# एआई के लिए यूपीआई जैसा प्लेटफॉर्म बनाएंगे : मंत्री वैष्णव




नई दिल्ली, 17 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में कहा कि भारत के एआई और डीप-टेक इकोसिस्टम में वैश्विक निवेशकों की रुचि तेजी से बढ़ रही है। अगले दो वर्षों में देश में 200 अरब डॉलर से अधिक निवेश आने की उम्मीद है।

समिट के दौरान वैष्णव ने 'एआई का यूपीआई' बनाने की योजना का भी एलान किया, जिसे उन्होंने एक भरोसेमंद तकनीकी समाधानों के समूह के रूप में बताया। उनके अनुसार यह एक यूपीआई जैसी ओपन प्लेटफॉर्म व्यवस्था होगी, जिस पर डेवलपर्स और कंपनियां विभिन्न एआई समाधान तैयार कर सकेंगी। एनवीडिया के सीईओ जेनसन हुआंग के समिट में शामिल न होने पर मंत्री ने स्पष्ट किया कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर अपनी अनुपस्थिति को अनिवार्य कारणों से जोड़ा है और अपनी जगह एक वरिष्ठ अधिकारी को भेजा है। उन्होंने कहा कि एनवीडिया भारतीय कंपनियों के साथ एआई क्षेत्र में बड़े निवेश पर काम कर रही है। वैष्णव ने बताया कि एआई स्टैक की पांचों लेयर्स इंफ्रास्ट्रक्चर, कंप्यूट, डेटा, मॉडल और एप्लिकेशन में निवेश की संभावनाएं बन रही हैं। उन्होंने कहा कि निवेश के साथ-साथ वेंचर कैपिटल द्वारा डीप-टेक फंडिंग और भारत की डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) भी वैश्विक रुचि के प्रमुख कारण हैं।

# शिव मंदिर में 'ड्रग्स चढ़ाने' वाले युवक का वीडियो वायरल

## पुलिस ने युवाओं को कार्रवाई की चेतावनी दी

हैदराबाद, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद पुलिस ने मंगलवार को युवाओं को सोशल मीडिया 'लाइक्स' के लिए आपत्तिजनक हरकतें करने से सावधान किया। यह चेतावनी उस वीडियो के वायरल होने के बाद आई है, जिसमें दो युवक महाशिवरात्रि के मौके पर कथित रूप से भगवान शिव की मूर्ति को नशे का पदार्थ चढ़ाते दिखे। वीडियो में दिखाई देता है कि शमशाबाद इलाके के एक शिव मंदिर के पास दोनों युवक यह कहते हैं कि वे प्रसाद चढ़ाने आए हैं। इसके बाद युवक गर्व से बताते हैं कि आमतौर पर भक्त नारियल चढ़ाते हैं, लेकिन वे कुछ अलग कर रहे हैं। एक युवक हाथ में गांजा जैसी नशे की वस्तु पकड़कर यह दिखा रहा है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट होने के बाद कई नेटिजंस ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की।

**पुलिस ने युवाओं को चेताया :**

हैदराबाद पुलिस कमिश्नर वी.सी. सज्जनार ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर कहा, महाशिवरात्रि भक्ति का प्रतीक है, मुक्ति का मार्ग है। ऐसे पवित्र अवसर पर नशे की वस्तु को प्रसाद के नाम पर दिखाना अत्यंत शर्मनाक और विकृत व्यवहार है। सज्जनार ने कहा कि यह एक गंभीर अपराध है और यदि नारकोटिक्स ड्रग्स और साइकोट्रॉपिक सबस्टेंस (एनडीपीएस) एक्ट की धाराएं लागू की गईं, तो इसके लिए उम्रभर पछतावा करना पड़ सकता है। उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि लाइक्स और व्यूज की तात्कालिक संतुष्टि के लिए अपने सुनहरे भविष्य को खतरे में न डालें। पुलिस कमिश्नर ने चेताया- ऐसे कृत्य किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया को अपनी रचनात्मकता के मंच में बदलें, न कि नशे की राह में। इस बीच, हैदराबाद नारकोटिक्स एन्फोर्समेंट विंग (एच-एनईडब्ल्यू) की टीम इस घटना की जांच कर रही है।

## कर्नाटक के वेमगल में एच-125 हेलीकॉप्टर का उद्घाटन

# भारत बना रक्षा निर्यात में वैश्विक खिलाड़ी : राजनाथ



वेमगल, 17 फरवरी (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फ्रांस की रक्षा मंत्री कैथरीन वाउटरिन ने कर्नाटक के वेमगल में एच-125 हेलीकॉप्टर का उद्घाटन किया। इस मौके पर भारतीय वायु सेना के प्रमुख एपी सिंह भी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में बोलते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत में रक्षा उत्पादन हमेशा सरकारी क्षेत्र की ओर केंद्रित रहा है। इसके कारण निजी कंपनियों का योगदान रक्षा उत्पादन और निर्यात में अपेक्षानुसार कम रहा। लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है। भारत के रक्षा निर्यात में काफी बढ़ोतरी हुई है और देश दुनिया के शीर्ष रक्षा निर्यातकों में शामिल हो गया है।

उन्होंने आगे कहा कि इस वृद्धि से छोटे और मध्यम उद्योग और सहायक उद्योगों को भी बहुत फायदा मिला है। कई विदेशी कंपनियां अब अपने कई हिस्सों की आपूर्ति भारतीय एमएसएमई से करती हैं। उन्होंने इन कंपनियों को आमंत्रित किया कि वे इस साझेदारी को और मजबूत करें, तकनीकी ज्ञान साझा करें और अन्य देशों की सुरक्षा जरूरतों के लिए उन्नत समाधान प्रदान करें।

इसके साथ ही रक्षा मंत्री ने एच-125 हेलीकॉप्टर कार्यक्रम के निवेश के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना में 1000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा और इससे सीधे और अप्रत्यक्ष रूप से देश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। एच-125 हेलीकॉप्टर की यह फाइनल असेंबली लाइन भारत में हेलीकॉप्टर निर्माण और रक्षा उत्पादन में निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों के सहयोग का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है।

## राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस सत्ता में नहीं आएगी : रामदास आठवले

मुंबई, 17 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास आठवले ने कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के बयान पर कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस सत्ता में नहीं आएगी, ऐसा अब उनकी पार्टी के नेताओं को भी लगने लगा है। मुंबई में केंद्रीय राज्यमंत्री रामदास आठवले ने कहा कि मणिशंकर अय्यर का बयान सही है। कांग्रेस पार्टी जनता का नेतृत्व नहीं कर सकती और राहुल गांधी पार्टी को मजबूत या प्रतिष्ठित नहीं बना सकते। मणिशंकर अय्यर ने जो कहा, यही उसका सार है। उन्होंने कहा कि मणिशंकर अय्यर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं। मेरे साथ उनके संबंध बहुत अच्छे रहे हैं। अय्यर बहुत नाराज चल रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के नेता भाजपा में आ रहे हैं और राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस सत्ता में नहीं आएगी। कांग्रेस पार्टी घोषणाबाजी और हंगामा करने का काम करती है। कांग्रेस पार्टी में कुछ दम नहीं है।

* 'लाल आतंक' का अंत करीब

# सुकमा में 22 नक्सलियों ने डाले हथियार, एक महिला भी



सुकमा, 17 फरवरी (एजेंसियां)। नक्सल मुक्त भारत अभियान के तहत सुरक्षाबलों को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। सुकमा जिले में 22 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर सुरक्षाबलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। इसमें एक महिला नक्सली भी शामिल है। इस घटना को नक्सलवाद के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। आत्मसमर्पण की यह प्रक्रिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित शाह और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस बड़ी सफलता में जिला रिजर्व गार्ड, जिला पुलिस बल, क्षेत्रीय फील्ड टीम, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और कोबरा बटालियन की सराहनीय भूमिका रही। सुरक्षाबलों द्वारा लंबे समय से चलाए जा रहे सघन तलाशी व घेराबंदी अभियानों के कारण नक्सली संगठनों पर लगातार दबाव बना हुआ था। प्रशासन के अनुसार, सरकार की पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति, बेहतर जीवन की संभावनाओं और विकास कार्यों के विस्तार से प्रभावित होकर नक्सलियों ने हथियार छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का निर्णय लिया है।

# 'माहौल जहरीला हो रहा है' : नेताओं के भाषणों पर सुप्रीम कोर्ट की कड़ी नसीहत, कहा-देश में भाईचारा बढ़ाएं




नई दिल्ली, 17 फरवरी (एजेंसियां)। देश में नेताओं के भाषणों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की है। मंगलवार को एक सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाने का काम करना चाहिए।

कोर्ट ने शिक्षाविद रूप रेखा वर्मा समेत 12 याचिकाकर्ताओं से राजनीतिक भाषणों पर दिशानिर्देश के लिए एक नई याचिका दाखिल करने को कहा है। चीफ जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस जयमाल्य बागची की बेंच ने मौजूदा जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। याचिका में नेताओं और मीडिया के लिए गाइडलाइन बनाने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि कुछ नेताओं के भाषण भाईचारे और संवैधानिक मूल्यों को प्रभावित करते हैं।

**याचिका में क्या थी मांग :**

याचिकाकर्ताओं की तरफ से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल पेश हुए। उन्होंने कहा कि देश में माहौल जहरीला होता जा रहा है। यह याचिका असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के कथित हेट स्पीच के संदर्भ में दायर की गई थी। सिब्बल ने दलील दी कि किसी एक नेता के खिलाफ राहत नहीं मांगी जा रही है, बल्कि भाषणों में जवाबदेही तय करने के लिए गाइडलाइन बनाने का अनुरोध किया गया है। हालांकि, बेंच कपिल सिब्बल की दलील से सहमत नहीं हुई। चीफ जस्टिस ने कहा कि यह याचिका एक खास राजनीतिक दल के कुछ चुनिंदा व्यक्तियों के खिलाफ दिखती है। उन्होंने कहा कि इसे वापस लें। एक दूसरी याचिका दायर करें जिसमें यह बताया जाए कि राजनीतिक दल कैसे नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं।

## हिंदू 3 बच्चे पैदा करें, यूजीसी नियम किसी के खिलाफ नहीं

# मोहन भागवत बोले-भारतीय मुसलमान भी हिंदू, घर वापसी करानी है



लखनऊ, 17 फरवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने मंगलवार को लखनऊ में कहा-भारत में रहने वाले मुस्लिम भी हिंदू हैं, वे कोई अरब से नहीं आए हैं। घर वापसी का काम तेज होना चाहिए। जो लोग हिंदू धर्म में लौटें, उनका ध्यान भी हमें रखना होगा। संघ प्रमुख ने बढ़ती घुसपैठ पर कहा, घुसपैठियों को डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट करना होगा। उन्हें रोजगार नहीं देना है। हिंदुओं की घटती जनसंख्या दर पर कहा, हिंदुओं के कम से कम तीन बच्चे होने चाहिए। अभी जनसंख्या दर 1.1 है। यह कम से कम 3 होनी चाहिए। जिस समाज में औसतन तीन से कम बच्चे होते हैं, वह समाज भविष्य में समाप्त हो जाता है। अब जो भी बच्चे शादी कर रहे हैं, उन्हें बताइए कि कम से कम तीन बच्चे पैदा करें। डॉ. भागवत ने कहा कि विवाह का उद्देश्य सृष्टि आगे चले, यह होना चाहिए, वासना पूर्ति नहीं। इसी भावना से कर्तव्य बोध आता है। यूजीसी गाइडलाइंस किसी के खिलाफ नहीं है। सभी को साथ लेकर चलना होगा। उन्होंने कहा- यदि एक व्यक्ति गड्ढे में गिरा हुआ है तो उसे बाहर निकलने के लिए हाथ उठाना होगा और बाहर खड़े व्यक्ति को उसे बाहर निकालने के लिए थोड़ा झुककर हाथ बढ़ाना होगा, जब दोनों हाथ बढ़ाएंगे तो ही बात बनेगी। भागवत ने समाज को जातियों में बांटने और बंटने पर चिंता जताई। कहा, हमें जाति के चक्कर में नहीं पड़ना है।

# चुनाव आयोग बना 'तुगलकी आयोग' : सीएम ममता

## > राजनीतिक पार्टी के इशारे पर काम कर रहा



कोलकाता, 17 फरवरी (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर एक बार फिर चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग अब 'तुगलकी आयोग' बन गया है और किसी राजनीतिक पार्टी के इशारे पर काम कर रहा है।

बता दें कि पश्चिम बंगाल में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राज्यभर की सियासत में गर्माहट तेज है। चुनावी रण में राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारियां भी तेज कर दी है। हालांकि राज्य में जारी गहमागहमी का एकमात्र कारण चुनाव नहीं है। इसका बड़ा कारण राज्य में चल रहे मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) भी है, जिसको लेकर राज्य सरकार लगातार केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर कई गंभीर आरोप लगाते आ रही है।

**मतदाता सूची से हटा दिए 58 लाख नाम :**

कोलकाता में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ममता बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा आईटी सेल की एक महिला पदाधिकारी ने एआई तकनीक का इस्तेमाल कर पश्चिम बंगाल में 58 लाख वोटरों के नाम वोटर लिस्ट से हटवा दिए। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। सीएम ममता ने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनदेखी कर रहा है, वोटरों को निशाना बना रहा है और लोकतंत्र को कमजोर कर रहा है। ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी पार्टी इस मुद्दे पर कानूनी और राजनीतिक लड़ाई लड़ेगी। इसके साथ ही ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर यह भी आरोप लगाए कि आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के निर्देश पर चुनाव आयोग विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान पश्चिम बंगाल के मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटा रहा है। ममता बनर्जी ने दावा किया कि इस प्रक्रिया की वजह से लोगों में डर और तनाव का माहौल है। उन्होंने कहा कि एसआईआर से जुड़े तनाव और काम के दबाव के कारण राज्य में 160 लोगों की जान चली गई।

# मुख्यमंत्री कप से छिपी प्रतिभाओं की खोज: भट्टी विक्रमार्का



हैदराबाद, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्का ने कहा कि तेलंगाना में ग्रामीण खेलों को प्रोत्साहन देने और खिलाड़ियों के लिए अनुकूल सूचना व्यवस्था स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित मुख्यमंत्री कप 2025—26 के दूसरे चरण में तकनीकी सुधारों का समावेश सराहनीय है। डॉ. भीमराव अंबेडकर सचिवालय में उन्होंने राज्य खेल मंत्री वाकिति श्रीहरि और अन्य अधिकारियों के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित दूरभाष केंद्र तथा 'नीलमणि' अनुप्रयोग का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि गांव, मंडल, विधानसभा क्षेत्र और जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में लगभग साढ़े चार लाख खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से 22,000 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए किया गया है। 44 खेल विधाओं में 12 जिलों में प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह पहल भविष्य में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को जन्म देगी।

## सीएम कप के उद्घाटन कार्यक्रम में आने के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रण

### विद्यार्थी, युवतियां और युवक सीएम कप में भाग लें : वाकिटी श्रीहरी



हैदराबाद, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। 20 फरवरी को गच्चीबौली स्टेडियम में शुरू होने वाले सीएम कप-2026 कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री अनुमुला रेवंत रेड्डी को राज्य के पशुपालन, डेयरी विकास, मत्स्य, युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के मंत्री वाकिटी श्रीहरी, राज्य स्पोर्ट्स अथॉरिटी के चेयरमैन शिवासेन रेड्डी तथा स्पोर्ट्स अथॉरिटी की प्रबंध निदेशक सोनीबाला देवी ने आमंत्रित किया। मंत्री वाकिटी श्रीहरी ने कहा कि तेलंगाना के गांव से लेकर शहर तक विद्यार्थियों, युवतियों और युवकों में छिपी खेल प्रतिभा को निखारने के लिए राज्य सरकार सीएम कप का प्रतिष्ठित रूप से आयोजन कर रही है। उन्होंने बताया कि सीएम कप के तहत कुल 44 प्रकार के खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। मंत्री वाकिटी श्रीहरी ने कहा कि खेलों में भाग लेने से प्रतिस्पर्धात्मक भावना के साथ शारीरिक फिटनेस में भी सुधार होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्कूल स्तर से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक सीएम कप का लाभ उठाएं।

## शिक्षा ही समुदाय की प्रगति की कुंजी : शब्बीर अली

हैदराबाद, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार के सलाहकार मो. अली शब्बीर ने मंगलवार को आदर्श नगर, अस्विन कॉलोनी में मस्जिद-ए-आल्या जवाद का उद्घाटन करते हुए शिक्षा, कल्याण का उपयोग और सामुदायिक एकता के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि मस्जिदों को अनुशासन, एकता और सामाजिक जिम्मेदारी केंद्र के रूप में काम करना चाहिए। रमजान के दौरान अधिक भागीदारी और जरूरतमंदों की मदद के लिए ईमानदार दान की अपील की।

उन्होंने शिक्षा और रोजगार में मुस्लिमों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण को एक परिवर्तनकारी नीति बताते हुए कहा कि इससे हजारों छात्रों को चिकित्सा और इंजीनियरिंग जैसे पेशेवर पाठ्यक्रम करने में मदद मिली। उन्होंने मदरसों में आधुनिक शिक्षा जैसे कंप्यूटर कौशल और अंग्रेजी भाषा प्रशिक्षण को धार्मिक अध्ययन के साथ जोड़ने की भी वकालत की। धार्मिक विद्वान, समुदायिक नेता और स्थानीय निवासी उद्घाटन समारोह में शामिल हुए।

# ट्रैफिक जाम की समस्या दूर करने के लिए मंत्री कोमटिरेड्डी का कदम

## छोटे विक्रेताओं को स्थानांतरित करने का आदेश

हैदराबाद, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। लगातार ट्रैफिक जाम की समस्या को कम करने के उद्देश्य से सड़क एवं भवन तथा सिनेमेटोग्राफी मंत्री कोमटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने मंगलवार तड़के नलगोंडा शहर के व्यस्त प्रकाशम बाजार क्षेत्र में सड़क डिवाइडरों को हटाने और लगभग 60-70 छोटे विक्रेताओं को स्थानांतरित करने का आदेश दिया। सुबह 4 बजे निरीक्षण शुरू करते हुए मंत्री ने लतीफ साब गुट्टा और प्रकाशम बाजार का दौरा किया। यह कार्रवाई फुटपाथ और सड़क के मध्य भाग पर अतिक्रमण के कारण बढ़ती दुर्घटनाओं और ट्रैफिक जाम की शिकायतों के मद्देनजर की गई। जेसीबी मशीनों से डिवाइडर हटाने का कार्य तुरंत शुरू कराया गया और अधिकारियों को शाम तक काम पूरा करने के निर्देश दिए गए। नलगोंडा को 'सुपर स्मार्ट सिटी' के रूप में विकसित करने की योजना के तहत मंत्री ने घोषणा की कि फुटपाथ और डिवाइडर पर व्यापार कर रहे फूल, फल और अन्य छोटे विक्रेताओं को ओल्ड कलेक्टरेट परिसर में पुनर्वासित



किया जाएगा। वहां पर्याप्त स्थान और पार्किंग सुविधा उपलब्ध है। दुकानों के वर्तमान आकार के अनुसार 50 से 100 वर्ग गज तक के प्लॉट आवंटित किए जाएंगे। मंत्री ने ओल्ड कलेक्टरेट स्थित मौजूदा डीसीएम पार्किंग को देवरकोंडा रोड स्थित हाउसिंग बोर्ड भूमि पर स्थानांतरित करने के निर्देश भी दिए। नए वेंडिंग ज़ोन में सीसी फ्लोरिंग, उचित मार्किंग और लाइन डिमार्केशन तुरंत करने का आदेश दिया गया। प्रकाशम बाजार में जल्द ही भूमिगत बिजली केबलिंग और नई सीसी सड़क बनाई जाएगी, ताकि दुर्घटनाएं कम हों और यातायात सुचारू रहे। अधिकारियों के अनुसार, प्रतिदिन लगभग 10 हजार लोग इस बाजार में आते हैं और हाल के वर्षों में शहरी विस्तार के कारण भीड़ बढ़ी है। विक्रेताओं से बातचीत में मंत्री ने आश्वासन दिया कि किसी भी छोटे व्यापारी की आजीविका प्रभावित नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों के साथ मजबूती से खड़ी है।

## सोशल मीडिया पर वायरल बच्चा चोरी का संदेश फर्जी : पुलिस

हैदराबाद, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे उस संदेश को पूरी तरह फर्जी बताया है, जिसमें दावा किया गया था कि एक महिला शहर में घूमकर बच्चों को बहलाने-फुसलाने की कोशिश कर रही है। वी.सी. सज्जनार ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि हैदराबाद में ऐसी किसी घटना या किसी संगठित गिरोह की गतिविधि की कोई सूचना नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि वायरल संदेश निराधार है और इसका उद्देश्य लोगों में अनावश्यक डर फैलाना है।

पुलिस ने नागरिकों से अपुष्ट संदेशों को आगे न भेजने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की अफवाहें समाज में भय का माहौल बनाती हैं, कानून-व्यवस्था को प्रभावित कर सकती हैं और निर्दोष लोगों को नुकसान पहुंचा सकती हैं। आयुक्त ने लोगों से सोशल मीडिया पर फैल रही बातों के आधार पर कानून अपने हाथ में न लेने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि सही जानकारी के लिए केवल पुलिस के आधिकारिक माध्यमों पर ही भरोसा करें। पुलिस ने यह भी कहा कि यदि किसी को कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत नजदीकी थाने में सूचना दें या आपातकालीन सेवा नंबर पर संपर्क करें, ताकि तथ्यों की जांच कर उचित कार्रवाई की जा सके।

## कुकटपल्ली में शव को घर में रखने की घटना, स्थिति सामान्य

हैदराबाद, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कुकटपल्ली के रामकृष्ण नगर क्षेत्र में एक महिला के शव को चार दिनों तक घर में रखे जाने की घटना के बाद उत्पन्न तनावपूर्ण स्थिति अब नियंत्रण में है। पुलिस ने बताया कि परिवार ने शव को आंध्र प्रदेश स्थित अपने पैतृक स्थान पर ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया है। मृतका की पहचान शैलजा (46 वर्ष) के रूप में हुई है। वह लंबे समय से एक गंभीर बीमारी का उपचार करा रही थीं और 13 फरवरी को उनका निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर श्री साई भारद्वाज अपार्टमेंट्स स्थित किराए के फ्लैट में लाया गया और फ्रीजर में सुरक्षित रखा गया।

बताया जाता है कि अंतिम संस्कार की व्यवस्था करने के बजाय परिवार के सदस्य प्रार्थना करते रहे और उन्हें विश्वास था कि वह पुनः जीवित हो जाएंगी। इस दौरान फ्लैट से दुर्गंध आने लगी, जिसके बाद चिंतित पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिवार को कानूनी प्रावधानों और सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े पहलुओं के बारे में समझाया। प्रारंभिक बातचीत के बाद परिवार अंतिम संस्कार करने के लिए तैयार हो गया। पुलिस के अनुसार मृत्यु संदिग्ध परिस्थितियों में नहीं हुई और इस संबंध में कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं किया गया है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि संबंधित परिवार प्रायः एकांत में रहता था और अन्य लोगों से कम ही मेलजोल रखता था। पुलिस ने स्पष्ट किया कि स्थिति अब पूरी तरह सामान्य है और मामले का समाधान सौहार्दपूर्ण ढंग से कर लिया गया है।

## हाईकोर्ट के स्टे से इब्राहिमपट्टनम नगरपालिका चेयरमैन चुनाव में उथल-पुथल

हैदराबाद, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। रंगारेड्डी जिले की इब्राहिमपट्टनम नगरपालिका में राजनीतिक तनाव बढ़ गया, जब तेलंगाना हाईकोर्ट ने वार्ड-19 के पार्षद आकुला यादगिरी के कथित गायब होने के संबंध में याचिका पर चेयरमैन चुनाव को स्टे किया।

याचिका उनके बेटे द्वारा दायर की गई थी, जिसमें आरोप था कि उनके पिता को किसी ने अगवा कर लिया। कोर्ट के अंतरिम आदेश मिलने के बाद निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को स्थगित कर दिया, जिसमें पुलिस को पार्षद को कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया गया।

यह विकास उस समय हुआ जब चुनाव प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी थी। कोर्ट में सुनवाई के दौरान नगरपालिका काउंसिल हॉल में दिलचस्प घटनाएं हुईं। बताया गया कि बीआरएस उम्मीदवार आकुला सुर्दशन रेड्डी को काउंसिल हॉल में 15 पार्षदों के समर्थन के साथ चेयरमैन के रूप में निर्वाचित किया गया, जबकि उप-चेयरमैन का चुनाव शुक्रवार तक स्थगित कर दिया गया। एक आश्चर्यजनक मोड़ में, मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद पार्षद यदागिरी काउंसिल हॉल में दिखाई दिए। हाईकोर्ट के स्टे आदेश मिलने के बाद अधिकारियों ने प्रक्रिया को तुरंत रोक दिया, जिससे चेयरमैन के नाम की आधिकारिक घोषणा से कुछ मिनट पहले ही चुनाव रोक दिया गया।

## एफटी ग्लोबल एमबीए रैंकिंग में आईएसबी 12वें स्थान पर

हैदराबाद, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। फाइनेंशियल टाइम्स (एफटी) ग्लोबल एमबीए रैंकिंग 2026 में इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) को वैश्विक स्तर पर 12वां स्थान मिला है। वर्ष 2025 में आईएसबी 27वें स्थान पर था, इस प्रकार संस्थान ने 15 स्थानों की बड़ी छलांग लगाई है। आईएसबी का पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (पीजीपी) भारत में पहले और एशिया में दूसरे स्थान पर रहा है। यह उपलब्धि भारत के विकास में योगदान देने वाले नेतृत्वकर्ताओं को तैयार करने की संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। संस्थान की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह रैंकिंग मजबूत और नवोन्मेषी पाठ्यक्रम की ताकत को दर्शाती है, जिसे बदलते वैश्विक व्यावसायिक माहौल के अनुरूप तैयार किया गया है। आईएसबी में दुनिया के प्रमुख बिजनेस स्कूलों से जुड़े बड़े फैकल्टी समूह के साथ अकादमिक उत्कृष्टता और विविध शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराया जाता है, जिससे छात्र प्रभावशाली नेतृत्व के लिए तैयार होते हैं। आईएसबी की अकादमिक कार्यक्रमों की उप डीन प्रोफेसर दीपा मणि ने कहा कि वैश्विक शीर्ष 100 में कई भारतीय संस्थानों की मौजूदगी भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव को दर्शाती है।

## टोलीचौकी में पुलिस का विशेष अभियान, 23 विदेशी नागरिक हिरासत में



हैदराबाद, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सोमवार देर रात टोलीचौकी क्षेत्र में पुलिस ने व्यापक घेराबंदी एवं तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी देश में रह रहे 23 विदेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया तथा कई अवैध सामान जब्त किए गए। यह अभियान पैरामाउंट कॉलोनी (गेट संख्या 1 से 4), आईएएस कॉलोनी और हकीमपेट कुंटा जैसे आवासीय क्षेत्रों में चलाया गया। कार्रवाई विशेष खुफिया सूचना के आधार पर की गई थी।

इस संयुक्त अभियान में लगभग 250 पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। क्षेत्र को पूरी तरह घेरने और किसी को भागने से रोकने के लिए 10 तलाशी दल, सात घेराबंदी दल, पांच पकड़ दल और दो हिरासत केंद्र बनाए गए। विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय हैदराबाद की सहायता से दस्तावेजों की जांच की गई। जांच में 23 विदेशी नागरिक वैध वीजा के बिना शहर में रह रहे पाए गए। उनके विरूद्ध संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई शुरू की गई है। तलाशी के दौरान 30 दोपहिया वाहन बिना वैध दस्तावेज के, अवैध रूप से ईंधन भरने में प्रयुक्त नौ गैस सिलेंडर तथा अवैध रूप से संग्रहीत या बेची जा रही शराब की 53 बोतलें भी जब्त की गईं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में इस प्रकार के विशेष अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के पक्ष में माहौल बनाया : रामचंदर राव

हैदराबाद, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एन. रामचंदर राव ने मंगलवार को पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में भाजपा के पक्ष में मजबूत माहौल बना है और लोग अब भाजपा को एकमात्र सशक्त विकल्प के रूप में देख रहे हैं। उन्होंने पार्टी के राज्य कार्यालय में आयोजित 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय शिक्षण महाभियान-2026' राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित किया।

यह अभियान बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय नेतृत्व तक कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने की व्यापक राजनीतिक पहल का हिस्सा है। राव ने कहा कि हालिया नगरपालिका और निगम चुनावों में भाजपा के प्रदर्शन से पार्टी के बढ़ते प्रभाव का पता चलता है। उन्होंने चेयरमैन, मेयर, डिप्टी मेयर और उपाध्यक्ष जैसे प्रमुख पदों पर मिली



जीत का उल्लेख किया। नारायणपेट में चेयरपर्सन पद जीतने और भैंसा नगरपालिका में राजनीतिक वर्चस्व को तोड़कर पार्टी का झंडा फहराने के लिए कार्यकर्ताओं की सराहना की। संगठनात्मक मजबूती पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर भाजपा के लगभग 14 करोड़ सदस्य हैं, लेकिन पार्टी की असली ताकत समर्पित जमीनी कार्यकर्ता हैं। उन्होंने प्रतिद्वंद्वी दलों की पारिवारिक संरचना की तुलना में भाजपा की आंतरिक लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बेहतर बताया। भारतीय जनसंघ से दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनने तक की यात्रा का उल्लेख करते हुए राव ने कहा कि वर्तमान प्रशिक्षण अभियान का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाना, संगठन को मजबूत करना और तेलंगाना में आगामी चुनावों के लिए तैयार करना है। कार्यशाला में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरून चुघ, राज्य प्रभारी अभय पाटिल, राज्य महासचिव डॉ.एन. गौतम राव, वीरेंद्र गौड़ और वेमुला अशोक, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर तिवारी, राज्य उपाध्यक्ष कासम वेंकटेश्वरलु, वरिष्ठ नेता अमरनाथ सरंगुला सहित कई जिला स्तरीय नेता उपस्थित थे।

# जेईई मेन परीक्षा में बीसी इंटर के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

### 90 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 5 विद्यार्थी

### 80 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 28 विद्यार्थी



हैदराबाद, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। देशभर में आयोजित जेईई मेन की प्रथम चरण की प्रवेश परीक्षा में बीसी गुरुकुल इंटरमीडिएट के 318 विद्यार्थी शामिल हुए। इनमें से 5 विद्यार्थियों ने 90 से अधिक पर्सेंटाइल प्राप्त किया, जबकि 28 विद्यार्थियों ने 80 से अधिक पर्सेंटाइल हासिल किया। बालिका वर्ग में ए. नित्या (92.19), सीएच. गायत्री (91.50), एम. सहस्रा (87.69), पी. चरिता (86.20), एम. स्नेहा (85.09) पर्सेंटाइल प्राप्त किए। बालक वर्ग में एम. नरेंद्र (91.58), आर. कौशिक (91.25), बी. मल्लेश (90.50), बी. हरीश (89.19), डी. रोहन (88.05) पर्सेंटाइल प्राप्त किए। मंत्री पोनम प्रभाकर ने कहा कि पहले केवल दो सीओई (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) में ही विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग दी जाती थी, लेकिन वर्तमान सरकार ने राज्यभर में 10 सीओई स्थापित किए हैं और दीर्घकालिक (लॉन्ग टर्म) कोचिंग भी प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने इस अवसर का लाभ उठाकर बड़ी संख्या में प्रतियोगी परीक्षाएं दीं और अच्छे परिणाम हासिल किए हैं। भविष्य में और भी बेहतर परिणाम प्राप्त करने की उन्होंने कामना की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और शिक्षण स्टाफ को मंत्री पोनम प्रभाकर, बीसी कल्याण विभाग के प्रधान सचिव ई. श्रीधर (आईएएस) तथा एमजेपी सोसाइटी के सचिव बडुगु सैदुलु (आईएफएस) ने बधाई दी।

## वाहन सेवाओं के लिए नया ऑनलाइन पोर्टल जल्द होगा शुरू

हैदराबाद, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। परिवहन सेवाओं के डिजिटलीकरण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए परिवहन विभाग शीघ्र ही 'वाहन' नामक नया ऑनलाइन पोर्टल शुरू करने जा रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से वाहन संबंधी सभी सेवाएं एक ही मंच पर उपलब्ध कराई जाएंगी। प्रारंभ में यह व्यवस्था सिकंदराबाद के क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण में प्रायोगिक रूप से लागू की जाएगी। सफल संचालन के बाद इसे हैदराबाद के सभी क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों में विस्तारित किया जाएगा। वर्तमान में ड्राइविंग लाइसेंस संबंधी सेवाएं 'सारथी' पोर्टल के माध्यम से दी जा रही हैं। इसी प्रकार नया वाहन पोर्टल 52 प्रकार की वाहन सेवाओं का संचालन करेगा, जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सरल बनेगी।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार ग्रेटर हैदराबाद क्षेत्र में लगभग 89 लाख वाहन पंजीकृत हैं। इन सभी वाहनों का विवरण नई प्रणाली में स्थानांतरित या अद्यतन किया जाएगा। नई व्यवस्था लागू होने के बाद प्रत्येक नया वाहन ग्राहक को सौंपने से पहले पोर्टल पर पंजीकृत किया जाएगा। इससे वाहन मालिकों को परिवहन कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने की आवश्यकता कम होगी। पहले चरण में शोरूम से होने वाले पंजीकरण शामिल किए जाएंगे। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से अन्य सेवाएं जोड़ी जाएंगी। अंतरराज्यीय और अंतर-जिला वाहन हस्तांतरण की प्रक्रिया भी सरल होगी और अलग से अनापत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता समाप्त होने की संभावना है। आवेदन के बाद स्वामित्व परिवर्तन की प्रक्रिया ऑनलाइन पूरी की जाएगी। यह पोर्टल दुर्घटना या चोरी से जुड़े वाहनों की जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराने में भी सहायक होगा। ड्राइविंग लाइसेंस नवीनीकरण, डुप्लीकेट लाइसेंस, पता परिवर्तन, वाहन हस्तांतरण, परमिट और शुल्क भुगतान जैसी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध रहेंगी। हालांकि लर्नर लाइसेंस परीक्षा, ड्राइविंग परीक्षा और वाहन फिटनेस जांच के लिए आवेदकों को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य रहेगा। अधिकारियों को आशा है कि इस पहल से कार्यक्षमता बढ़ेगी, कागजी कार्यवाही कम होगी और आम जनता को सुविधा मिलेगी।

# कुत्ते सिर्फ जानवर नहीं, बल्कि भरोसेमंद साथी : विजय कुमार

### 25वीं पुलिस कुत्ता प्रशिक्षण बैच की पासिंग आउट परेड



हैदराबाद, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मोइनाबाद स्थित एकीकृत खुफिया प्रशिक्षण अकादमी में मंगलवार को 25वें बैच के पुलिस कुत्तों और उनके प्रशिक्षकों की पासिंग आउट परेड धूमधाम से आयोजित की गई। आठ महीने की कठिन और वैज्ञानिक प्रशिक्षण प्रक्रिया पूरी करने के बाद 105 प्रशिक्षक और 76 कुत्ते अब सक्रिय सेवा के लिए तैयार हैं। इस बैच में तेलंगाना से 42, बिहार सीआईडी से 30 और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल से 4 कुत्ते शामिल हैं। मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक (खुफिया) विजय कुमार ने कहा कि पुलिस कुत्ते केवल जानवर नहीं हैं, बल्कि अपराध जांच और सार्वजनिक सुरक्षा में अत्यंत अनुशासित और भरोसेमंद साथी हैं। उन्होंने प्रशिक्षक और कुत्ते के बीच मजबूत तालमेल को संचालन में सफलता के लिए जरूरी बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि नए प्रशिक्षित टीमें अपराधियों को पकड़ने, विस्फोटक और मादक पदार्थों का पता लगाने, और खोज-बचाव कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी, जिससे पुलिस विभाग की क्षमता और बढ़ेगी। इस अवसर पर विशेष पुलिस प्रशिक्षण सलाहकार वी.बी. कमलासन रेड्डी ने बताया कि 2004 में स्थापित यह प्रशिक्षण केंद्र देश के प्रमुख पुलिस कुत्ता प्रशिक्षण संस्थानों में से एक बन चुका है। उन्होंने कहा कि अब तक 919 पुलिस कुत्ते और 1,310 प्रशिक्षक विभिन्न राज्यों से अकादमी में प्रशिक्षित हो चुके हैं। उन्होंने याद दिलाया कि तेलंगाना पुलिस ने 67वीं और 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी प्रतियोगिता में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीतकर प्रशिक्षण की उच्च गुणवत्ता दिखाई। उन्होंने अकादमी में उपलब्ध विशेष सुविधाओं को भी बताया, जिनमें 650-यार्ड का कुत्ता गंध पहचान मैदान और अत्याधुनिक पशु चिकित्सालय शामिल हैं, जो कुत्तों के स्वास्थ्य, फिटनेस और सेवा क्षमता बनाए रखने में सहायक हैं। एम. सुरेश रेड्डी ने परेड कमांडर के रूप में कार्य किया। पासिंग आउट परेड में खुफिया पुलिस महानिरीक्षक कार्तिकेय, क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी अपूर्वा राव, करुणाकर, चक्रवर्ती, अकादमी प्रशिक्षण सलाहकार मणिक राज और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## रमजान के दौरान मुस्लिम कर्मचारियों को 4 बजे से छुट्टी की अनुमति

हैदराबाद, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार ने रमजान के पवित्र महीने में मुस्लिम सरकारी कर्मचारियों, शिक्षकों, अनुबंध और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों, बोर्डों, निगमों और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों में काम करने वाले कर्मियों को कार्यालय और स्कूलों से शाम 4 बजे से छुट्टी लेने की अनुमति दी है।

मुख्य सचिव के. रामाकृष्ण राव के आदेशानुसार यह छूट 19 फरवरी से 20 मार्च 2026 तक (दोनों दिन शामिल) लागू रहेगी। जल्दी छुट्टी का उद्देश्य कर्मचारियों को रमज़ान के दौरान प्रार्थना और धार्मिक अनुष्ठानों का पालन करने में सुविधा प्रदान करना है। हालांकि आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि सेवा की आवश्यकताओं के चलते कर्मचारी उपरोक्त अवधि में उपस्थित रह सकते हैं।

## परली वैजनाथ- सिकंदराबाद सेक्शन का महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण



हैदराबाद, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक संजय कुमार श्रीवास्तव ने आज परली वैजनाथ-सिकंदराबाद सेक्शन का निरीक्षण किया। उन्होंने परली वैजनाथ, बीदर, जाहिराबाद और विकराबाद रेलवे स्टेशनों का दौरा कर यात्री सुविधाओं, सुरक्षा प्रबंधों और चल रही पुनर्विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। महाप्रबंधक ने परली वैजनाथ अमृत स्टेशन से निरीक्षण शुरू कर लोको रनिंग रूम, स्टाफ सुविधाएं और स्टेशन परिसर की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने नंबर 33 और सेक्शन के मुख्य ब्रिज नंबर 178 सहित ट्रैक सुरक्षा और सिग्नलिंग कार्यों की भी जांच की। बीदर अमृत स्टेशन में 12 मीटर चौड़ी फुट ओवर ब्रिज, लिफ्ट्स और स्टेशन परिसर के सुधार कार्यों की प्रगति का आकलन किया। वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टाल का दौरा कर स्थानीय हस्तशिल्प उत्पादों के प्रचार-प्रसार पर जानकारी ली। जहिराबाद और विकराबाद स्टेशनों पर चल रही 24.35 करोड़ रुपये लागत वाली पुनर्विकास परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए महाप्रबंधक ने अधिकारियों को तेजी से कार्य पूरा करने और सुरक्षा उपायों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर स्थानीय रेल विकास कार्यों संबंधी प्रतिनिधित्व प्रस्तुत किया।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

मेरा हैदराबाद

सुविचार

राह संघर्ष की जो चलता है
वो ही संसार को बदलता है,
जिसने रातो से जंग जीती
सूर्य बनकर वही निकलता है!



# हैदराबाद वैश्विक क्षमता केंद्रों का प्रमुख केंद्र बन चुका है : ए. रेवंत रेड्डी

## सीएम ने बायोएशिया 2026 का उद्घाटन किया



हैदराबाद, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कहा कि हैदराबाद वैश्विक क्षमता केंद्रों का प्रमुख केंद्र बन चुका है। बायोएशिया हैदराबाद की जीवन-विज्ञान केंद्र के रूप में सफलता का प्रमाण है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हैदराबाद में आयोजित बायोएशिया शीघ्र ही दावोस में आयोजित वर्ल्ड एकोनामी फोरम की भांति वैश्विक पहचान प्राप्त करेगा। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को सूचना प्रौद्योगिकी एवं उद्योग मंत्री श्रीधर बाबू के साथ हाईटेक्स प्रदर्शनी परिसर में बायोएशिया 2026 का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि तेलंगाना की सुदृढ़ दृष्टि और स्पष्ट नीति, उच्च शिक्षित मानव संसाधन की उपलब्धता तथा उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान राज्य को वैश्विक टीका राजधानी से वैश्विक जीवन-विज्ञान राजधानी बनाने में सहायक होंगे। उन्होंने बताया कि हैदराबाद वैश्विक क्षमता केंद्रों का प्रमुख केंद्र बन चुका है तथा अनुसंधान और अभिकल्पना में उत्कृष्टता प्राप्त कर रहा है। रेवंत रेड्डी ने दावोस में तेलंगाना अगली पीढ़ी जीवन-विज्ञान नीति के शुभारंभ, जीनोम घाटी के विस्तार, विश्वस्तरीय अनुसंधान एवं नवाचार पहल 'वन बायो' की शुरुआत, हरित औषधि नगरी की प्रगति तथा हैदराबाद में विभिन्न वैश्विक क्षमता केंद्रों की स्थापना का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि विश्वभर से बायोएशिया में हुई भारी भागीदारी को देखते हुए यह सम्मेलन अपने नाम से आगे बढ़कर 'बायो-वर्ल्ड' के रूप में भी पहचाना जा सकता है। उन्होंने कहा कि हैदराबाद में वैश्विक टीका राजधानी से वैश्विक जीवन-विज्ञान राजधानी बनने की अपार संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, 'पिछले दो वर्षों में जीवन-विज्ञान क्षेत्र में 73,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्राप्त हुए हैं।' उन्होंने बताया कि हैदराबाद क्षमता केंद्र स्थापित करने, नवाचार तंत्र विकसित करने, अणुओं एवं औषधियों की अभिकल्पना, नैदानिक विश्लेषण प्रबंधन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता मंच निर्माण तथा डिजिटल विनिर्माण को आगे बढ़ाने के लिए पसंदीदा स्थान बन चुका है। उन्होंने औषधि, जैव-विज्ञान, जैव-प्रौद्योगिकी, थोक दवाएं, टीके और स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रमुख चिंतकों एवं उद्योगपतियों की हैदराबाद में उपस्थिति को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, 'थोक दवाओं से जैव-औषधियों तक, विनिर्माण से नवाचार तक, भारत से विश्व तक तेलंगाना मूल्य श्रृंखला में निरंतर आगे बढ़ रहा है।' बायोएशिया 2026 में 4,000 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जो जीवन-विज्ञान क्षेत्र की 500 अग्रणी कंपनियों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे।

## हैदराबाद को 'भविष्य की प्रयोगशाला' बनाने का लक्ष्य: डी. श्रीधर बाबू



हैदराबाद, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। सूचना प्रौद्योगिकी एवं उद्योग मंत्री डी. श्रीधर बाबू ने कहा कि तेलंगाना सरकार ने हैदराबाद को 'भविष्य की प्रयोगशाला' में परिवर्तित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है, जिससे शहर को नवाचार-आधारित जीवन-विज्ञान विकास का वैश्विक केंद्र बनाया जा सके। हैदराबाद अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में बायोएशिया 2026 का उद्घाटन करते हुए मंत्री ने घोषणा की कि राज्य 2030 तक जीवन-विज्ञान क्षेत्र में 25 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश आकर्षित करने और पांच लाख नए रोजगार सृजित करने का लक्ष्य रखता है। उन्होंने बताया कि तेलंगाना अगली पीढ़ी जीवन-विज्ञान नीति (2026—2030) राज्य को इस दशक के अंत तक विश्व के शीर्ष तीन जीवन-विज्ञान समूहों में शामिल करने के उद्देश्य से तैयार की गई है।

उन्होंने कहा कि बदलते वैश्विक स्वास्थ्य परिदृश्य में भारत अब केवल औषधियों और टीकों का आपूर्तिकर्ता नहीं, बल्कि उन्नत वैज्ञानिक समाधानों का स्रोत बन रहा है। तेलंगाना विनिर्माण केंद्र से वैश्विक नवाचार, अनुसंधान और उन्नत औषधि खोज केंद्र की ओर अग्रसर है। राज्य तेलंगाना जीवन-विज्ञान विद्यालय और यंग इंडिया कौशल विश्वविद्यालय जैसी संस्थाओं के माध्यम से भावी कार्यबल तैयार कर रहा है। संदेशवाहक राइबोन्यूक्लिक अम्ल प्रौद्योगिकी, जीन संपादन तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित औषधि खोज जैसे उभरते क्षेत्रों में विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हैदराबाद को वैश्विक चिकित्सीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने हेतु समर्पित नीति भी लागू की गई है।

## मणिकोंडा में मंजीरा जल पाइपलाइन फटी, सड़कों पर भरा पानी

हैदराबाद, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मंगलवार तड़के करीब 3 बजे मणिकोंडा क्षेत्र में 1,200 मिमी व्यास की मंजीरा जल पाइपलाइन फटने से भारी जल रिसाव हो गया। इससे आंतरिक सड़कें तीन से चार फीट तक पानी में डूब गईं और कई घरों में पानी घुस गया। अधिकारियों के अनुसार इस घटना से क्षेत्र के लगभग 8,000 से 10,000 जल कनेक्शन प्रभावित हुए। अचानक पानी भर जाने से स्थानीय लोग घबरा गए।

हैदराबाद महानगर जल आपूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड (एचएमडब्ल्यूएसएसबी) के मणिकोंडा स्थित महाप्रबंधक डी. श्रीनिवास रेड्डी ने जल रिसाव की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि पाइपलाइन फटने के बाद पानी तेजी से बहने लगा, जिससे कॉलोनी की सड़कें जलमग्न हो गईं। सूचना मिलते ही विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और आगे रिसाव रोकने के लिए संबंधित सभी वाल्व बंद कर दिए गए।

# सूचना का अधिकार लोकतंत्र की जीवनरेखा : डॉ. राव



हैदराबाद, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। सूचना का अधिकार अधिनियम लोकतांत्रिक व्यवस्था की जीवनरेखा है। यह बात तेलंगाना राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. वकुलाभरणम कृष्ण मोहन राव ने मंगलवार को बाग अंबरपेट स्थित भारत नगर कम्युनिटी हॉल, हैदराबाद में आयोजित आरटीआई रक्षक ह्यूमन राइट्स सोसाइटी के प्रथम वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में कही। डॉ. राव ने कहा कि आरटीआई अधिनियम पारदर्शी और भ्रष्टाचार-मुक्त प्रशासन को सुदृढ़ बनाने का प्रभावी माध्यम है। नागरिक जब अपने संवैधानिक अधिकार के तहत सूचना मांगते हैं, तब प्रशासनिक जवाबदेही मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही सुशासन की आधारशिला हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष अरुकुला महेंदर गौड़ ने की। इस अवसर पर ईस्ट ज़ोन डिप्टी अतिरिक्त डीसीपी जे. नरसैया ने कहा कि सूचना प्राप्त करना संवैधानिक अधिकार है, किंतु इसका उपयोग कानून की सीमाओं के भीतर ही होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन अवैध माना जाएगा। उन्होंने कहा कि आरटीआई का जिम्मेदार उपयोग प्रशासनिक संतुलन और अनुशासन को सुदृढ़ करता है तथा नागरिकों और आरटीआई कार्यकर्ताओं को इसे जनसमस्याओं के समाधान हेतु सकारात्मक रूप से उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में गौड़ कर्मचारी प्रोफेशनल एवं ऑफिशियल एसोसिएशन के अध्यक्ष बंड़ी सायन्न, सामाजिक कार्यकर्ता मुद्धागौनी राममोहन गौड़, सुदर्शन, तारकेश्वरी, वीरेंदर गौड़, नवीन कुमार, अनिल कुमार, भानु प्रसाद, सत्यनारायण, नाग ज्योति, अभिषेक गौड़ और नवीन सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी संबोधित किया। राज्य भर से बड़ी संख्या में आरटीआई कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए। संस्था की पिछले वर्ष की गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा भावी कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

## कुरुक्षेत्र के एनआईटी में तेलंगाना के छात्र ने की आत्महत्या

कुरुक्षेत्र, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कुरुक्षेत्र) में तेलंगाना के एक 19 वर्षीय छात्र ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार छात्र की पहचान अंगोद शिवा के रूप में हुई है। वह तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले के महेश्वरी गांव का रहने वाला था।

शिवा कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (सीएसई) प्रथम सेमेस्टर का छात्र था और कॉलेज के छात्रावास में रह रहा था। सोमवार को वह अपने कमरे में छत के पंखे से लटका मिला। घटना के समय वह कमरे में अकेला था। उसके दोनों रूममेट दोपहर का खाना खाने बाहर गए हुए थे। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे शिवा ने अपनी क्लास अटेंड की थी।

इसके बाद वह कमरे में लौट आया। जब वह मेस में खाना खाने नहीं पहुंचा तो एक रूममेट उसे बुलाने कमरे पर गया। कमरा अंदर से बंद था। कई बार दरवाजा खटखटाने पर भी जवाब नहीं मिला।

इसके बाद रूममेट इमारत के पीछे गया और खिड़की से अंदर देखा, जहां शिवा पंखे से लटका दिखाई दिया। तुरंत कॉलेज प्रशासन और पुलिस को सूचना दी गई। थानेसर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल (एलएनजेपी) के मुर्दाघर में रखवा दिया है। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है। परिवार के आने के बाद उनके बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# तेलंगाना का अस्तित्व ही चंद्रशेखर राव की ऐतिहासिक विरासत : रामाराव





हैदराबाद, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भारत राष्ट्र समिति के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामाराव ने कहा है कि तेलंगाना राज्य का गठन ही पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की सबसे बड़ी ऐतिहासिक उपलब्धि है और उसे कोई भी शक्ति मिटा नहीं सकती। उन्होंने पार्टी प्रमुख की उपलब्धियों को कमतर आंकने तथा उनके समुदाय और वंश पर प्रश्न उठाने वालों की कड़ी आलोचना की। मंगलवार को तेलंगाना भवन में चंद्रशेखर राव के 72वें जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए रामाराव ने कहा कि कुछ लोग उन्हें तेलंगाना का जनक कहे जाने पर आपत्ति जता रहे हैं, जबकि यह सम्मानजनक संबोधन जनता ने स्नेहवश दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चंद्रशेखर राव ने कभी स्वयं इस उपाधि का दावा नहीं किया।

उन्होंने कहा कि जो लोग तेलंगाना आंदोलन के इतिहास और उसमें हुए त्याग व बलिदान को नहीं समझते, उन्हें इस विषय पर टिप्पणी करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। केवल वही लोग पहचान और आत्मसम्मान के महत्व को समझ सकते हैं, जिन्होंने आंदोलन के दौरान संघर्ष किया, लाठीचार्ज सहा और जेल गए। रामाराव ने रुद्रमादेवी, कुमराम भीम, सम्मक्का-सरलम्मा, सरवई पपन्ना, दोड्डी कोमुरैया, चकली ऐलम्मा, भाग्य रेड्डी वर्मा, तुर्रेबाज़ खान, कालोजी नारायण राव और दाशरथी कृष्णमाचार्य जैसे तेलंगाना के महान व्यक्तित्वों का स्मरण करते हुए कहा कि इस भूमि की पहचान संघर्ष और स्वाभिमान से बनी है।

उन्होंने 1952 के गैर-मुल्की वापस जाओ आंदोलन और 1969 के तेलंगाना आंदोलन का उल्लेख करते हुए कहा कि सैकड़ों युवाओं ने राज्य की स्थापना के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। रामाराव ने कहा कि जब वर्ष 2001 में चंद्रशेखर राव ने पृथक राज्य आंदोलन प्रारंभ किया, तब उनके पास न धनबल था, न बाहुबल और न ही किसी बड़े तंत्र का समर्थन। उनके पास केवल दृढ़ विश्वास और न्याय दिलाने का संकल्प था। 14 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद तेलंगाना राज्य का गठन संभव हो सका। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली ने एक अवसर पर टिप्पणी की थी कि चंद्रशेखर राव आंदोलनकारी और कुशल प्रशासक—दोनों रूपों में सफल रहे। पार्टी कार्यकर्ताओं से एकजुट रहने का आह्वान करते हुए रामाराव ने कहा कि उनके लिए सबसे बड़ा जन्मदिवस उपहार भारत राष्ट्र समिति को पुनः सत्ता में लाना होगा। उन्होंने जनता से पूर्व मुख्यमंत्री के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करने की अपील की।

## मल्लेपल्ली लक्ष्मैया को सी. सुब्रमण्यम सामुदायिक नेतृत्व सम्मान



नई दिल्ली, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। नेशनल फाउंडेशन फॉर इंडिया द्वारा सीडीएस के अध्यक्ष मल्लेपल्ली लक्ष्मैया को वर्ष 2025-26 का सी. सुब्रमण्यम सामुदायिक नेतृत्व सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में दिल्ली बाल अधिकार आयोग की अध्यक्ष रश्मी सिंह, फाउंडेशन के अध्यक्ष सेवानिवृत्त आईएएस सत्यनंदन मिश्रा, कार्यकारी निदेशक विराज पटनायक, परियोजना निदेशक समीरा तथा दलित मानवाधिकारों के लिए राष्ट्रीय अभियान के पॉल दिवाकर सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सी. सुब्रमण्यम की स्मृति में स्थापित यह सम्मान उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के क्षेत्र में निरंतर कार्य किया है। यह पुरस्कार विशेष रूप से उन नेताओं को मान्यता देता है जिन्होंने वंचित समुदायों के बीच लोकतांत्रिक मूल्यों और सामुदायिक नेतृत्व को सुदृढ़ किया है।

मल्लेपल्ली लक्ष्मैया लंबे समय से दलित और आदिवासी समुदायों से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय हैं। लेखक और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने सामाजिक समानता तथा जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए व्यापक शोध और नीतिगत पहल की है। उन्होंने तेलंगाना सहित विभिन्न राज्यों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति उप-योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे ऐतिहासिक रूप से वंचित वर्गों के लिए लक्षित बजट प्रावधान और कल्याणकारी उपाय सुनिश्चित किए जा सकें। यह सम्मान सामाजिक न्याय और समान अवसरों के प्रति उनके समर्पण की स्वीकृति है। उनका कार्य समाज में समानता और अधिकारों की स्थापना के प्रयासों को निरंतर प्रेरित करता रहा है।

## 28 फरवरी को दिखेगा छह ग्रहों का दुर्लभ संरेखण

हैदराबाद, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। इस महीने तेलंगाना के आसमान में एक दुर्लभ खगोलीय नजारा देखने को मिलेगा। 28 फरवरी को छह ग्रह एक साथ एक पंक्ति में नजर आएंगे। यह दृश्य आम लोगों और शौकिया खगोलविदों के लिए खास अवसर होगा। यह खगोलीय घटना फरवरी के मध्य से शुरू हो चुकी है, लेकिन 28 फरवरी को यह अपने चरम पर पहुंचेगी। उस दिन बुध, शुक्र, शनि, नेपच्यून, यूरेनस और बृहस्पति शाम के आकाश में एक साथ दिखाई देंगे। दक्कन क्षेत्र में यह नजारा सूर्यास्त के तुरंत बाद देखा जा सकेगा।

नासा के अनुसार, ग्रहों का यह संरेखण अंतरिक्ष में सीधी रेखा में खड़े होने जैसा नहीं होता, बल्कि यह एक दृश्य प्रभाव है। सभी ग्रह सूर्य के चारों ओर लगभग एक ही समतल तल पर परिक्रमा करते हैं, जिसे क्रांतिवृत्त कहा जाता है। अलग-अलग गति के कारण पृथ्वी से देखने पर वे एक ही दिशा में दिखाई देते हैं। इस घटना को देखने के लिए किसी विशेष उपकरण की जरूरत नहीं है। इसे नंगी आंखों से देखा जा सकता है। ये ग्रह स्थिर और चमकीले प्रकाश बिंदुओं की तरह दिखाई देंगे और तारों की तरह टिमटिमाएंगे नहीं। शुक्र और बृहस्पति सबसे ज्यादा चमकीले दिखाई देंगे और शहर की रोशनी में भी आसानी से देखे जा सकेंगे। वहीं, जिन लोगों के पास दूरबीन है, वे नेपच्यून और बृहस्पति के चंद्रमाओं जैसे धुंधले पिंड भी देख सकते हैं।

## CLASSIFIEDS

### जन्म नाम में बदलाव

मैं, चक्रकोल्ला सुंदरम्मा धर्मपत्नी स्व. सी. चक्रकोल्ला रामदास (नाइक आर्मी नं.13934714W & सेवानिवृत्त दि.01-11-1988) निवास स्थानः डोर नं.14/145, अलीबैग स्ट्रीट, प्रोद्दूर (तालुका & मंडल), वाइएसआर कडप्पा (जिला), आंध्र प्रदेश निवासी, यह सत्यकथन करती हूं कि,पूर्व में गलती से मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में, मेरी जन्म तिथि 01-01-1957 (पुरानी जन्म तिथि) लिखी गयी थी। अतः मैने मेरी जन्म तिथि को आधार कार्ड (आयडी नं.-616140400745) नुसार, दि. 03-05-1956 में परिवर्तित किया है तथा आगे से यह परिवर्तित जन्म तिथि ही सभी रिकार्ड्स हेतु उपयोग की जायेगी। एफिडविट दिनांक 5-2-2026 समक्ष दि नोटरी पब्लिक (आं.प्र. सरकार) देखें।

I , S Yadaiah, Father of No.17004336W, Hav, S Damodar, R/o, Dist: Nagarkurnool , Telangana, changed my name from S Yadaiah to Sangishetti Yadaiah vide Affidavit No.284696 dt. 16.02.2026, before Medchal-Malkajgiri Court, Telangana.

I, Mithilesh Kumar, Father of No. 17027598Y, CFN, Vinit Kumar , R/o, Dist: Khagaria, Bihar, changed my name from Mithilesh Kumar to Mithleshwar Choudhary vide Affidavit No 284679 dt. 16.02.2026 before Medchal-Malkajgiri Court, Telangana.

I, Ragni Devi, Mother of No. 17027598Y, CFN, Vinit Kumar, R/o, Dist: Khagaria, Bihar, changed my name from Ragni Devi to Raagni Devi vide Affidavit No. 284681 dt.16.02.2026, before Medchal-Malkajgiri Court, Telangana.

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

## नशीले पदार्थों की तस्करी में तीन विद्यार्थी गिरफ्तार

हैदराबाद, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य मादक पदार्थ निरोधक ब्यूरो की ईगल फोर्स ने सोमवार को नशीले पदार्थों की तस्करी के आरोप में तीन विद्यार्थियों को चौथी बार गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बुचाला आदित्य (20 वर्ष), जो अभियांत्रिकी तृतीय वर्ष का छात्र है, तथा वदलकोंडा यशवंत उर्फ मिंटू और गोल्लापल्ली निखिल उर्फ चिंटू (19 वर्ष), जो इंटरमीडिएट द्वितीय वर्ष के छात्र हैं, शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार, दो आरोपियों को वारंगल से करीमनगर जाने वाले मार्ग पर मोटरसाइकिल से गांजा ले जाते समय पकड़ा गया। उनके पास से लगभग 36 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसे एक थैले में छिपाकर रखा गया था। इसके बाद चलाए गए अभियान में उनका एक अन्य साथी भी गिरफ्तार कर लिया गया। जांच में सामने आया है कि आदित्य और निखिल ने आठ अन्य युवकों के साथ मिलकर निजी उपयोग और अवैध बिक्री के उद्देश्य से धन एकत्र कर गांजा खरीदा था। वे करीमनगर निवासी तथा वर्तमान में ओडिशा में रह रहे कलावेना प्रवीण कुमार से दो हजार रुपये प्रति किलोग्राम की दर से गांजा मंगाते थे। बाद में वे स्वयं इसका सेवन करते और कुछ मात्रा अन्य लोगों को बेचते थे। आरोपियों के विरुद्ध वारंगल स्थित मादक पदार्थ नियंत्रण थाने में मामला दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## जनगांव नगरपालिका में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव, विरोध के बीच प्रक्रिया पूरी

जनगांव, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जनगांव नगरपालिका में मंगलवार को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुआ। चुनाव के दौरान बीआरएस पार्षदों तथा विधायक पल्ला राजेश्वर रेड्डी ने आपत्ति दर्ज कराई। संभावित विवाद को देखते हुए नगरपालिका कार्यालय के 200 मीटर के दायरे में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू की गई थी। परिसर में भारी पुलिस बल तैनात रहा।

चुनाव प्रक्रिया के तहत सबसे पहले बीआरएस के पार्षद और विधायक राजेश्वर रेड्डी नगरपालिका भवन पहुंचे। बाद में कांग्रेस पार्षदों के साथ सांसद चमाला किरण कुमार रेड्डी भी पहुंचे। नगर परिषद में बीआरएस के 13, कांग्रेस के 12 पार्षद हैं, जबकि चार निर्दलीय और एक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के पार्षद हैं। विधायक राजेश्वर रेड्डी और सांसद किरण कुमार रेड्डी क्रमशः अपने दलों के पदेन सदस्य थे।

दो निर्दलीय पार्षदों ने बीआरएस का समर्थन किया, जबकि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के पार्षद और दो निर्दलीय पार्षदों ने कांग्रेस का समर्थन किया। पीठासीन अधिकारी गोपीराम ने प्रक्रिया समझाने के बाद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए डाले गए मतों की गणना की। दोनों पक्षों को 16-16 मत मिलने पर निर्णय लॉटरी के माध्यम से किया गया। लॉटरी के आधार पर कांग्रेस पार्षद के. बालमणि अध्यक्ष निर्वाचित हुए, जबकि बीआरएस समर्थित निर्दलीय पार्षद बुशा पर्वतलू उपाध्यक्ष चुनी गईं। चुनाव के दौरान एक निर्दलीय पार्षद पांडु और एक कांग्रेस पार्षद पर एक महिला निर्दलीय पार्षद के साथ हाथापाई का आरोप लगा। बताया गया कि बीआरएस के समर्थन में हाथ उठाने पर उनका हाथ नीचे खींच लिया गया। इस घटना को लेकर बीआरएस और कांग्रेस पार्षदों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। बीआरएस पार्षदों और विधायक राजेश्वर रेड्डी ने संबंधित पार्षदों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। चुनाव संपन्न होने के बाद बीआरएस पार्षदों ने अपनी मांगों को लेकर नगरपालिका भवन के अंदर धरना भी दिया।



# ट्रम्प बोले- ईरान के साथ बातचीत में इनडायरेक्टली शामिल रहूंगा

## पिछले साल परमाणु ठिकानों पर बमबारी से इन्हें अक्ल आई, स्विट्जरलैंड में बैठक



वॉशिंगटन, 17 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि वह अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत में इनडायरेक्ट रूप से शामिल रहेंगे। उन्होंने एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह बात कही।

यह बयान ईरान के साथ परमाणु कार्यक्रम को लेकर दूसरे दौर की बातचीत से पहले आया है। अमेरिका और ईरान के बीच दूसरे दौर की बातचीत आज (17 फरवरी 2026) जिनेवा (स्विट्जरलैंड) में हो रही है। इससे पहले ओमान में 6 फरवरी को पहली बैठक हुई थी।

ट्रम्प ने कहा, 'मैं उन बातचीत पर नजर रहूंगा।' उन्होंने संकेत दिया कि ईरान इस बार समझौते को लेकर गंभीर है। डील की संभावना पर ट्रम्प ने कहा कि ईरान इसे लेकर सख्त रुख अपनाता रहा है, लेकिन पिछले साल अमेरिका की ईरान के परमाणु ठिकानों पर बमबारी से उसे अक्ल आई। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, 'मुझे नहीं लगता कि वे समझौता न करने के परिणाम भुगतना चाहेंगे।' अमेरिका और ईरान के बीच चल रही अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता का सबसे बड़ा और मुख्य विवाद ईरान का यूरेनियम संवर्धन है।

ट्रम्प प्रशासन की मांग है कि ईरान अपनी जमीन पर यूरेनियम संवर्धन पूरी तरह बंद कर दे या बहुत सीमित स्तर तक ही रखे, क्योंकि वे इसे परमाणु हथियार बनाने का रास्ता मानते हैं।

दूसरा महत्वपूर्ण मुद्दा ईरान का संवर्धित यूरेनियम का स्टॉकपाइल है। अमेरिका चाहता है कि ईरान अपने पास मौजूद उच्च संवर्धित यूरेनियम (लगभग 2000 किलोग्राम, 3.67% से 60% तक) को पतला करे, नष्ट करे या बाहर भेज दे। इसके बदले अमेरिका प्रतिबंध हटाने पर विचार कर सकता है। तीसरा मुद्दा प्रतिबंधों का हटना है। ईरान की मुख्य मांग है कि अमेरिका अपने लगाए आर्थिक प्रतिबंध हटाए, खासकर तेल निर्यात, बैंकिंग और वैश्विक वित्तीय पहुंच पर।

एसोसिएटेड प्रेस (एपी) के मुताबिक, ईरान ने सोमवार को कुछ ही हफ्तों में दूसरी बार नौसैनिक अभ्यास शुरू किया। यह अभ्यास स्ट्रेट ऑफ हॉरमुज, पर्शियन गल्फ और गल्फ ऑफ ओमान में हो रहा है। इसका मकसद खुफिया और ऑपरेशनल क्षमताओं की जांच करना है।

समुद्री सुरक्षा कंपनी ईओएस रिस्क ग्रुप ने कहा कि इस इलाके से गुजरने वाले जहाजों को रेडियो पर चेतावनी दी गई कि स्ट्रेट ऑफ हॉरमुज के उत्तरी मार्ग में मंगलवार को लाइव-फायर ड्रिल हो सकती है। हालांकि ईरानी सरकारी टीवी ने लाइव-फायर अभ्यास का जिक्र नहीं किया।

# बजरंगदल ने धर्म पूछकर बंद कराई मुस्लिमों की दुकान

दुर्ग-भिलाई, 17 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में महाशिवरात्रि पर मेला लगाया गया, जहां बड़ी संख्या में मुस्लमानों ने भी दुकानें लगाईं। बजरंग दल ने धर्म पूछकर उनसे गाली-गलौज की, फिर उनकी दुकानें बंद करवा दी। बजरंग दल ने मुस्लिम व्यापारियों पर पहचान छिपाकर व्यापार करने का आरोप लगाया। विवाद एक गुपचुप चाट वाले से शुरू हुआ। एक मुस्लिम गुपचुप वाले के ठेले में अजीत चाट भंडार और जय माता दी लिखा था। लेकिन जब ऑनलाइन पेमेंट करने के लिए क्यूआर कोड स्कैन किया तो उसका नाम भाईजान चाट वाला आया। बजरंग दल ने थूक और मूत्र जिहाद का आरोप लगाते हुए दुकानदारों को हटवा दिया।

बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने कहा कि, ये हिंदुओं के साथ धोखा है। इनके खून में ही धोखा है। तुम्हारी गलती है कि तुम मुसलमान हो। मुस्लिम दुकानदारों से कहा कि, अगर अच्छे मुसलमान हो तो गरियाबंद के मामले में कोई भी विरोध करने क्यों नहीं आया ?

# बोको हराम के खतरे के बीच पहुंचा अमेरिकी सैनिकों का दल

## नाइजीरियाई सेना ने बताया कि ये अमेरिकी सैनिक लड़ाई नहीं करेंगे



अबुजा, 17 फरवरी (एजेंसियां)। नाइजीरिया में आतंकवाद और हथियारबंद गिरोहों से लड़ाई तेज होती जा रही है। इसी बीच अमेरिका ने करीब 100 सैनिक और सैन्य उपकरण वहां भेजे हैं। नाइजीरियाई सेना ने बताया कि ये अमेरिकी सैनिक लड़ाई नहीं करेंगे, बल्कि वहां की सेना को ट्रेनिंग देंगे, तकनीकी मदद देंगे और खुफिया जानकारी साझा करेंगे।

**क्यों भेजे गए अमेरिकी सैनिक?**

नाइजीरिया की सरकार ने खुद अमेरिका से मदद मांगी थी। देश में कई आतंकवादी और हथियारबंद गिरोह सक्रिय हैं। इनमें बोको हराम, आईएस से जुड़े संगठन और अपहरण करने वाले गिरोह शामिल हैं। इन हमलों में अब तक हजारों लोगों की मौत हो चुकी है।

**नाइजीरिया में क्या करेंगे अमेरिकी सैनिक?**

नाइजीरिया के डिफेंस हेडक्वार्टर के स्पोक्सपर्सन मेजर जनरल समैला उबा के अनुसार, अमेरिकी सैनिक सीधे युद्ध में हिस्सा नहीं लेंगे, केवल ट्रेनिंग, सलाह और जानकारी देंगे। इस दौरान पूरे ऑपरेशन की कमान नाइजीरिया के पास ही रहेगी।

कुछ समय पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आरोप लगाया था कि नाइजीरिया में ईसाइयों की सुरक्षा नहीं हो रही। लेकिन नाइजीरिया सरकार ने इस आरोप को गलत बताया और कहा कि आतंकवादी धर्म देखकर नहीं, बल्कि इलाके के हिसाब से हमला करते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, हमलों के ज्यादातर शिकार नाइजीरिया के मुस्लिम बहुल उत्तरी इलाकों के लोग हैं।

दरअसल, नाइजीरिया में स्थानीय आतंकवादी संगठन सक्रिय हैं और पड़ोसी देशों से भी आतंकी घुसपैठ बढ़ी है। इसके साथ अपहरण और अवैध खनन करने वाले गिरोह भी हिंसा फैला रहे हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार अभी तक आम लोगों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा पाई है। दिसंबर में, अमेरिकी सेना ने उत्तर-पश्चिमी नाइजीरिया में इस्लामिक स्टेट ग्रुप से जुड़े आतंकवादियों पर एयरस्ट्राइक की थी।

# 5 देशों के 14 पूर्व-कप्तानों की पाकिस्तान सरकार को चिट्ठी

## इमरान खान के इलाज की मांग, इनमें भारत के दो, पाकिस्तान का कोई नहीं



इस्लामाबाद, 17 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की खराब सेहत को लेकर 5 देशों के 14 पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कप्तानों ने पाकिस्तान सरकार को चिट्ठी लिखी है। 73 साल के इमरान अगस्त 2023 से जेल में हैं।

इस चिट्ठी पर सुनील गावस्कर, कपिल देव, ग्रेग चैपल, बेलिंडा क्लार्क, माइकल एथरटन, नासिर हुसैन, इयान चैपल, एलन बॉर्डर, माइकल ब्रियरली, डेविड गावर, किम ह्यूजेस, क्लाइव लॉयड, स्टीव वॉ और जॉन राइट ने साइन किए हैं। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक 14 दिग्गज कप्तानों ने पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ से इमरान को उचित इलाज दिए जाने की अपील की है।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस चिट्ठी पर किसी भी पूर्व पाकिस्तानी कप्तान ने हस्ताक्षर नहीं किए हैं। हालांकि पिछले हफ्ते वसीम अकरम, वकार यूनिस और शाहिद अफरीदी समेत कई पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटरों ने सोशल मीडिया पर इमरान के लिए उचित इलाज की मांग की थी।

इमरान खान 1992 में वर्ल्ड कप जीतने वाली पाकिस्तानी टीम के कप्तान थे। क्रिकेटर से नेता बने इमरान खान की एक आंख की करीब 85% रोशनी चली गई है। यह खुलासा पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हुई जांच में हुआ है।

सुप्रीम कोर्ट की तरफ से नियुक्त वकील सलमान सफदर ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि इमरान खान जेल प्रशासन से कई महीनों आंखों में धुंधलापन होने की शिकायत कर रहे थे। अक्टूबर 2025 तक उनकी नजर सामान्य थी, लेकिन बाद में दाईं आंख की रोशनी अचानक कम हो गई।

जांच के दौरान पिम्स अस्पताल के एक आई एक्सपर्ट को बुलाया गया था। डॉक्टरों ने पाया कि इमरान की आंख में खून का थक्का जम गया था, जिससे गंभीर नुकसान हुआ।

# एग्जाम सीजन में शोर मचाने पर डीजे जब्त

रायपुर, 17 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) की परीक्षाएं आज से शुरू हो गई हैं। छत्तीसगढ़ बोर्ड की परीक्षा 20 फरवरी से शुरू होंगी। इस बीच रायपुर में परीक्षाओं को देखते हुए पुलिस ने बिना अनुमति डीजे संचालन पर कार्रवाई की है। डीजे के शोर का स्तर 95 से 110 डेसिबल तक रिकॉर्ड किया गया, जबकि निर्धारित सीमा 50 डेसिबल है। सेंट्रल जोन के गोलबाजार थाना क्षेत्र में बिना अनुमति डीजे बजाने पर पुलिस ने डीजे वाहन और उपकरण जब्त किया है। कार्रवाई कोलाहल अधिनियम और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत की गई है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने डीजे को लेकर दिशा निर्देश भी जारी किए थे। लेकिन इसका पालन नहीं हो रहा है। पुलिस के मुताबिक जांच में पाया गया कि, डीजे संचालक कुणाल बावले बिना अनुमति के डीजे बजा रहा था।

# रूस-पाकिस्तान में जमीनी ट्रेड, सैन्य अभ्यास और जेएफ-17 जेट इंजन डील

## पाला बदल रहा भारत का दोस्त?



इस्लामाबाद, 17 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान और रूस के बेहतर होते संबंधों ने हालिया समय में दुनिया के बड़े हिस्से, खासतौर से भारत का ध्यान खींचा है। दोनों देश बीते हफ्ते तुर्की में हुई एक बैठक में सीधे जमीनी और हवाई संपर्क बनाने पर सहमत हुए हैं। दोनों देशों में सहयोग सिर्फ व्यापार तक सीमित नहीं है। रूस से पाकिस्तान को जेएफ-17 लड़ाकू विमानों के इंजान सप्लाई लगातार चर्चा में रही है। चीन की मदद से बने पाकिस्तान के इस विमान में रूस का इंजन लगा है।

रूस के पाकिस्तान को आरडी-93एमए इंजन सप्लाई करने ने भारत में इस बहस को जन्म दिया है कि क्या उसका पारंपरिक सहयोगी मॉस्को इस्लामाबाद की तरफ जा रहा है। ओआरएफ की रिपोर्ट बताती है कि यह नया नहीं है क्योंकि रूसी मिलिट्री एक्सपर्ट लंबे समय से भारत के अलावा पाकिस्तान को भी हथियार सप्लाई करने पर जोर दे रहे हैं। इसी सोच का असर हालिया संबंधों पर दिखता है। हालांकि रूस को पाकिस्तान पर अभी भी बहुत भरोसा नहीं है।

पाकिस्तान और रूस का रक्षा सहयोग 1990 के दशक में भी बढ़ा था, जब मॉस्को ने इस्लामाबाद को सू-27 देने का फैसला लिया था।

हालांकि बाद में भारत के एतराज पर यह डील रद्द कर दी गई। मिसाइलें, टैंक, स्टील्थ फ्रिगेट और आर्टिलरी गन खरीदने के पाकिस्तानी प्रस्ताव ठंडे बस्ते में चले गए। हालिया वर्षों में दोनों में कई समझौते हो गए हैं। हालिया वर्षों में भारत ने रूस के मिलिट्री हार्डवेयर पर अपनी निर्भरता कम की है तो दूसरी ओर मॉस्को ने पाकिस्तान को डिफेंस सप्लाई की तरफ ध्यान दिया है।

हालांकि इसमें इस्लामाबाद की खरीदारी की सीमित क्षमता एक अड़चन है। वहीं पाकिस्तान की फॉरेन पॉलिसी की अनिश्चित्ता भी मॉस्को की हथियार डील पर चिंता को गहरा करती रही है। चीन और पाकिस्तान अपने जेट के लिए रूस में बने इंजनों पर निर्भर हैं।

आरडी-93 रूसी एमआईजी-29 फाइटर जेट में इस्तेमाल होने वाले आरडी-33 इंजन का एक्सपोर्ट वेरिएंट है। इन इंजन को चीन और पाकिस्तान के जेएफ-17 थंडर के लिए डिजाइन किया गया है।

# सऊदी अरब की तुर्की से कान स्टील्थ जेट खरीदने की तैयारी

रियाद, 17 फरवरी (एजेंसियां)। सऊदी अरब ने हालिया समय में पाकिस्तान और तुर्की के साथ रक्षा संबंधों को बेहतर किया है। अमेरिका के पारंपरिक सहयोगी रहे सऊदी की तुर्की और पाकिस्तान से फाइटर जेट खरीदने पर भी बात चल रही है। सऊदी अरब की हथियारों के लिए दूसरे देशों के पास जाने की यह कोशिश अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन को परेशान कर रही है। अमेरिका चाहता है कि सऊदी उसके फाइटर जेट खरीदे ना कि तुर्की या दूसरे देशों की ओर जाए।

मिडिल ईस्ट आई ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से की गई अपनी रिपोर्ट में कहा है कि तुर्की के साथ डील से अमेरिका को अपने हथियार मार्केट में गिरावट का डर सता रहा है। अमेरिका की कोशिश सऊदी अरब को एफ-35 वॉरप्लेन बेचने की है। बीते साल नवंबर में वाइट हाउस में सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात में डोनाल्ड ट्रंप ने इसका ऐलान किया था।

रिपोर्ट कहती है कि ट्रंप के डील-मेकिंग डिप्लोमेसी एजेंडा के तहत काम कर रहे अमेरिकी अधिकारियों ने सऊदी अरब से दूसरे देशों के साथ हथियार डील पर स्पष्टीकरण मांगा है। वॉशिंगटन से विरोध के बाद सऊदी अरब ने कथित तौर पर अमेरिका को भरोसा दिलाया कि वह पाकिस्तान से जेएफ-17 फाइटर जेट नहीं खरीदेगा। पाकिस्तान ने चीन की मदद से यह विमान बनाया है।

अमेरिकी अधिकारियों को सऊदी अरब से तुर्की के पांचवी पीढ़ी के कान फाइटर खरीदने के प्रोग्राम को रोकने पर कोई गारंटी नहीं मिली है। अमेरिकी अधिकारी सऊदी को समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि उसके लिए तुर्की का फाइटर जेट अच्छा विकल्प नहीं है। वह सऊदी को एफ-15, यूरो टाइफून और एफ-35 की अच्छाई बता रहे हैं लेकिन रियाद ने अभी अपना मूड नहीं बदला है।

अमेरिकी अधिकारी ने कहा है कि ट्रंप प्रशासन तुर्की से कान की सऊदी की संभावित डील को एफ-35 की जगह लेने के तौर पर नहीं देख रहा है। ट्रंप के अफसर इसे सऊदी अरब के अमेरिका से और खरीदारी के लिए कैश छोड़ने के तौर पर देख रहा है।

# द रामेश्वरम कैफे की फ्रेंचाइजी दिलाने 56.26 लाख ठगी

## कंपनी प्रतिनिधि बनकर 11 किश्तों में ट्रांसफर कराए पैसे, फोन बंद कर फरार, केस दर्ज

रायपुर, 17 फरवरी (एजेंसियां)। राजधानी में 'द रामेश्वरम कैफे' की फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर एक कारोबारी से 56.26 लाख रुपए की ठगी की गई है। पीड़ित कारोबारी की शिकायत पर गंज पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आरोपियों ने खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताकर अलग-अलग खातों में पैसे ट्रांसफर कराया और मोबाइल बंद कर लिया। पुलिस ने आरोपी राघवेन्द्र राव, सह संस्थापक दिव्या राघवेन्द्र राव, हेड ऑफ डिपार्ट सौरभ अग्रवाल और पब्लिक रिलेशन मैनेजर डी राजकुमार तिवारी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

गंज पुलिस के अनुसार, साईं नगर जेल रोड निवासी व्यवसायी आशीष तिवारी ने शिकायत में बताया कि, 3 जनवरी 2026 को मोबाइल नंबर 9583972865 और 9556434211 से कॉल कर आरोपी ने खुद को द रामेश्वरम कैफे की मालिक कंपनी अल्ट्रन वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड का प्रतिनिधि बताया।

आरोपियों ने रायपुर में फ्रेंचाइजी दिलाने का झांसा देकर कई मदों के नाम पर अलग-अलग तिथियों में रकम जमा कराई। 15 जनवरी को लोकेशन लॉक करने के नाम पर 1.65 लाख, 21 जनवरी को फ्रेंचाइजी एग्रीमेंट के नाम पर 3.75 लाख, 22 जनवरी को एनओसी के लिए 2.25 लाख, 23 जनवरी को सिक्योरिटी डिपॉजिट के नाम पर 3 लाख, 27 जनवरी को फ्रेंचाइजी सर्टिफिकेट के लिए 5 लाख, 30 जनवरी को ट्रेड लाइसेंस और सेटअप के नाम पर 7 लाख रुपए जमा कराए गए।

# अरुणाचल सीमा के पास चीन की बड़ी चाल

## सिचुआन में गुप्त परमाणु अड्डे को किया अपग्रेड, भारत की बढ़ी चिंता



बीजिंग, 17 फरवरी (एजेंसियां)। चीन ने अरुणाचल प्रदेश की सीमा के नजदीक अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम का तेजी से विस्तार कर रहा है। इसका खुलासा रविवार को प्रकाशित द न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट से हुआ है। इसमें सैटेलाइट इमेजरी का विश्लेषण कर बताया गया है कि दक्षिण-पश्चिमी सिचुआन प्रांत में चीन के न्यूक्लियर हथियार प्रोग्राम का तेजी से विस्तार हो रहा है। इमेजरी से पता चलता है कि अरुणाचल प्रदेश से लगभग 800 किलोमीटर दूर कई न्यूक्लियर-लिंक्ड साइट्स पर लगातार कंस्ट्रक्शन और मॉडर्नाइजेशन का काम किया जा रहा है। इससे भविष्य में भारत की चिंता बढ़ने की आशंका है, क्योंकि चीन अरुणाचल प्रदेश पर अधिकार का दावा करता है।

चीन अपने परमाणु हथियारों के भंडार को तेजी से बढ़ा रहा है। पिछले 10 वर्षों में चीन परमाणु हथियारों के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। अनुमान के मुताबिक, 2026 की शुरुआत तक चीन के परमाणु वॉरहेड्स की संख्या लगभग 600 होगी, जो सिर्फ रूस और अमेरिका से पीछे है। रूस के पास लगभग 5,400 वॉरहेड्स हैं और अमेरिका के पास 5,100 से 5,200 के बीच वारहेड्स हैं। पेंटागन का अनुमान है कि वर्ष 2030 तक चीन के पास 1000 से अधिक परमाणु वारहेड्स होंगे।

चीन सिचुआन में स्थित परमाणु फैसिलिटी को तेजी से अपग्रेड कर रहा है। इस फैसिलिटी की शुरुआत छह दशक पहले शीत युद्ध के दौरान हुई थी। इसे चीन के पहले तानाशाह माओत्से तुंग के थर्ड फ्रंट प्रोग्राम के तहत बनाया गया था, ताकि जरूरी रक्षा उद्योग को सुरक्षा की दृष्टि से कमजोर तटीय इलाकों से हटाकर पहाड़ी इलाकों में शिफ्ट किया जा सके।

# अपनी नर्सरी में धतूरे का पौधा उगाता था जेफ्री एपस्टीन

## नशे में इस्तेमाल होता है, भगवान शिव से जुड़ा है इसका फूल



वॉशिंगटन, 17 फरवरी (एजेंसियां)। हाल ही में जारी हुए एपस्टीन फाइल्स के ईमेल्स में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन की जहरीले पौधों में दिलचस्पी को लेकर चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। इन ईमेल्स में खास तौर पर 'ट्रम्पेट प्लांट्स' (धतुरा का पौधा) का जिक्र है।

ईमेल्स में ऐसे लेख फॉरवर्ड किए गए थे, जिनमें कोलंबिया में इसके इस्तेमाल का जिक्र था। बताया गया कि इसके असर में व्यक्ति को कहीं भी 'ले जाया' जा सकता है, क्योंकि वह पूरी तरह आज्ञाकारी और भ्रमित हो जाता है।

हिंदू परंपरा में धतूरा भगवान शिव से जुड़ा हुआ है। पौराणिक कथाओं के मुताबिक, समुद्र मंथन के दौरान जब विष निकला, तो शिव ने संसार की रक्षा के लिए उसे पी लिया। शिव मंदिरों में धतूरा के फूल और फल चढ़ाए जाते हैं। ईमेल के स्क्रीनशॉट से पता चलता है कि उसके फाइनेंसर ने ऐसे पौधों में रुचि दिखाई थी।

धतुरा के पौधों से स्कोपोलामीन नाम का एक रसायन निकलता है, जो दिमाग पर गहरा असर डालता है। स्कोपोलामीन याददाश्त कमजोर कर सकता है, व्यक्ति को भ्रम की स्थिति में डाल सकता है। इसी वजह से कुछ विशेषज्ञ इसे 'जॉम्बी ब्रीथ' भी कहते हैं। इसमें बताया गया था कि यह दवा लोगों को बहुत ज्यादा असर डालती है और उन्हें आसानी से कंट्रोल किया जा सकता है। ईमेल्स से पता चलता है कि एपस्टीन धतुरा के पौधे के बारे में पूछताछ कर रहा था। हालांकि यह साफ नहीं है कि उसने इनका इस्तेमाल किया या नहीं। वहीं, 2022 के एक अन्य ईमेल में एक पीड़ित के बयान का जिक्र है, जिसमें स्कोपोलामीन के संपर्क में आने की बात कही गई।

इन दस्तावेजों से यह साफ होता है कि एपस्टीन ऐसे पौधों से जुड़ा था, जिनमें दिमाग को प्रभावित करने की ताकत होती है।

# पाकिस्तान में आतंकी हमला: 11 सुरक्षाकर्मियों की मौत



इस्लामाबाद, 17 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान में हुए एक बड़े आतंकी हमले में 11 सुरक्षाकर्मियों सहित 12 लोगों की मौत हो गई।

sआतंकवादियों ने विस्फोटकों से भरी एक गाड़ी को सेना की चौकी की दीवार से टकरा दिया। पाकिस्तान लगातार हिंसा और धमाकों से जूझ रहा है।

पाकिस्तानी सेना ने बताया है कि यह हमला अफगानिस्तान की सीमा से लगे बाजौर जिले में सोमवार को हुआ। इस आत्मघाती हमले में सात लोग घायल भी हुए हैं। घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

पाकिस्तानी सेना ने बताया है कि सुरक्षाकर्मियों ने जब आतंकवादियों को रोकने की कोशिश की तो उन्होंने विस्फोटकों से लदी गाड़ी को दीवार से टकरा दिया।

पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग 'इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस' (आईएसपीआर) के अनुसार, "16 फरवरी को बाजौर जिले में फितना अल ख्वारिज से जुड़े ख्वारिजों ने सुरक्षा बलों और कानून लागू करने वाली एजेंसियों की संयुक्त जांच चौकी पर एक कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले का प्रयास किया।"

सरकार 'फितना-अल-ख्वारिज' शब्द का इस्तेमाल प्रतिबंधित 'तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान' के लिए करती है।

आईएसपीआर के बयान के मुताबिक, सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में 12 आतंकवादियों को मार गिराया गया। धमाके से इलाके की रिहायशी इमारतों पर भी असर पहुंचा है।

आईएसपीआर ने कहा है कि क्षेत्र में मौजूद अन्य आतंकियों के खात्मे के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है और आतंकवाद विरोधी अभियान के तहत ऐसे प्रयास जारी रहेंगे।

पिछले कुछ सालों में टीटीपी ने पाकिस्तान के कई इलाकों में आत्मघाती हमलों को अंजाम दिया है।

पाकिस्तान बार-बार आरोप लगाता है कि अफगानिस्तान आतंकवादियों को सुरक्षित ठिकाना मुहैया करा रहा है लेकिन तालिबान सरकार इससे इनकार करती है।

# बजरंगबली के हाथ में गदा नहीं, शिवलिंग है



खरगोन जिले के विंध्याचल के घने जंगलों में स्थित ओखलेश्वर धाम का हनुमान मंदिर अपनी अनोखी पहचान की वजह से देशभर में चर्चा में रहता है। यहां हनुमानजी की मूर्ति बिल्कुल अलग है। आमतौर पर उनके हाथ में गदा या संजीवनी पर्वत दिखाई देता है, लेकिन यहां वे अपने हाथ में शिवलिंग धारण किए हुए हैं। यही वजह है कि इसे दुनिया का इकलौता मंदिर कहा जाता है।

50 साल से लगातार चल रही अखंड रामायण मंदिर के पुजारी पंडित सुभाष प्रसाद पुरोहित बताते हैं कि साल 1976 से यहां 24 घंटे अखंड रामायण का पाठ जारी है। बिना रुके चल रहे इस पाठ की वजह से मंदिर का नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हो चुका है। यहां एक खास परंपरा भी है हनुमानजी को चोला हर मंगलवार या शनिवार को नहीं, बल्कि महीने में एक बार रोहिणी नक्षत्र के दिन ही चढ़ाया जाता है। उस दिन हजारों भक्त यहां पहुंचते हैं।

**त्रेता युग से जुड़ी मान्यता**

मान्यता है कि भगवान राम और रावण के युद्ध से पहले रामेश्वरम में शिवलिंग स्थापना के लिए हनुमानजी शिवलिंग लेकर जा रहे थे। रास्ते में वे महर्षि वाल्मीकि के आश्रम के पास रुके और देर हो गई। कहा जाता है कि वही शिवलिंग आज भी तमिलनाडु के धनुषकोटि में स्थापित है। ओखलेश्वर धाम इसी कथा से जुड़ा माना जाता है।

**चमत्कार की चर्चा**

स्थानीय लोग बताते हैं कि कई बार हनुमानजी की मूर्ति में पलक झपकने जैसा दृश्य दिखाई देता है। कई श्रद्धालु इसे अपने कैमरे में कैद करने का दावा भी करते हैं। यहां आने वाले भक्तों को प्रसाद में छाछ दी जाती है, जो इस धाम की अलग पहचान है।

**संत ओंकारदास महाराज का योगदान**

माना जाता है कि ओंकारदास जी महाराज ने इस स्थान को पहचान दिलाई। घने जंगलों के बीच उन्होंने तपस्या की और मंदिर को व्यवस्थित कर एक बड़े धार्मिक स्थल के रूप में विकसित किया। आज यह धाम ओखलेश्वर महादेव और ओखलेश्वर हनुमान दोनों रूपों में प्रसिद्ध है।

# फाल्गुन शुक्ल अष्टमी से शुरू होगा 8 दिनों का होलाष्टक

## उग्र रहेंगे ये 8 ग्रह, शुभ कार्यों पर रहेगी रोक



**होलाष्टक का प्रारंभ और समापन**

इस साल होलाष्टक का प्रारंभ 24 फरवरी दिन मंगलवार से है। पंचांग के अनुसार, फाल्गुन शुक्ल अष्टमी तिथि 24 फरवरी को 7:01 एएम से लेकर 25 फरवरी को 4:51 एएम तक है। उदयातिथि के आधार पर होलाष्टक 24 फरवरी से लगेगी।

होलाष्टक का समापन फाल्गुन पूर्णिमा को होगा। पंचांग अनुसार इस साल फाल्गुन पूर्णिमा तिथि का प्रारंभ 2 मार्च को शाम 5:55 बजे होगा और यह 3 मार्च को शाम 5:07 बजे तक है। ऐसे में 3 मार्च को होलाष्टक का समापन होगा।

होलाष्टक पर उग्र होंगे ये 8 ग्रह

24 फरवरी को फाल्गुन शुक्ल अष्टमी के दिन चंद्रमा उग्र रहेगा।

25 फरवरी को फाल्गुन शुक्ल नवमी तिथि को सूर्य उग्र होंगे।

26 फरवरी को फाल्गुन शुक्ल दशमी तिथि के अवसर पर शनि देव उग्र होंगे।

27 फरवरी को फाल्गुन शुक्ल एकादशी के दिन शुक्र ग्रह उग्र रहेगा।

28 फरवरी को फाल्गुन शुक्ल द्वादशी तिथि में बृहस्पति ग्रह उग्र होंगे।

1 मार्च को फाल्गुन शुक्ल त्रयोदशी तिथि के दिन बुध उग्र होंगे।

2 मार्च को फाल्गुन शुक्ल चतुर्दशी के दिन ग्रहों के सेनापति मंगल उग्र माने रहेंगे।

3 मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा तिथि पर पाप ग्रह राहु उग्र रहेगा।

**ग्रह के शांति के उपाय**

होलाष्टक के 8 दिन लोगों के लिए चुनौतिपूर्ण हो सकते हैं। जिस दिन जो ग्रह उग्र है, उस दिन उसकी शांति के लिए उसके बीज मंत्र का जाप करें।

होलाष्टक में ग्रह शांति के लिए प्रतिदिन नवग्रह पूजा करें। नवग्रह पीड़ाहर स्तोत्र का पाठ करें।

होलाष्टक में पहले से अंतिम दिनों तक भगवान विष्णु के मंत्र ओम नमो भगवते वासुदेवाय का जाप 1008 बार करें।

होलाष्टक के 8 दिनों में आप चंद्रमा, सूर्य, शनि, शुक्र, बृहस्पति, बुध, मंगल और राहु से जुड़े दान करें।

नवग्रह शांति के लिए घर में हवन और पूजा करा सकते हैं।

## गांधी जी ने क्यों लिया था आजीवन आधी धोती पहनने का संकल्प

इतिहास के पन्नों में महात्मा गांधी को अक्सर एक अर्धनग्न फकीर के रूप में चित्रित किया गया है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा कि करोड़ों दिलों पर राज करने वाले इस महानायक ने जीवनभर सिर्फ आधी धोती पहनने का कठिन संकल्प क्यों लिया। यह कोई फैशन या महज दिखावा नहीं था, बल्कि भारत की उस निर्धन जनता के प्रति उनकी गहरी संवेदना थी, जिसके पास तन ढंकने के लिए पर्याप्त वस्त्र तक नहीं थे। तो आइए जानते हैं गांधी जी ने आजीवन आधी धोती पहनने का संकल्प क्यों लिया था।

एक बार कस्तूरबा स्त्रियों की सभा में सफाई पर भाषण देने गईं। सभा की एक गरीब स्त्री उनका हाथ पकड़कर अपने घर ले गई और बोली- ''बा, मैं भी सफाई से रहना चाहती हूं। लेकिन कैसे रहूं? मेरे पास एक ही धोती है। जब नहाना होता है तो आधी धोती पहन लेती हूं और आधी भिगो लेती हूं। जब वह सुख जाती है तो उसे पहन लेती हूं और शेष आधी को भिगोती हूं। घर के लोगों से दूसरी धोती इसलिए नहीं मांगती क्योंकि वे पहले ही कर्जे में दबे हैं। स्त्री की करुण कहानी सुनकर कस्तूरबा की आंखें गीली हो गईं।"

उन्होंने यह घटना गांधी जी को सुनाई तो वह भी बड़े दुखी हुए। उसी दिन से गांधी जी पूरी धोती के बदले आधी धोती बांधने लगे। उन्होंने प्रतिज्ञा कर ली कि जब तक देश के सभी लोगों को तन ढकने के लिए उचित वस्त्र नहीं मिलते, मैं आधी धोती ही बांधूंगा।

# रावण की कुलदेवी मां प्रत्यंगिरा उज्जैन में विराजमान हैं



देश में कई ऐसे प्राचीन मंदिर मौजूद हैं, जिनका इतिहास महाभारत और रामायण काल से जुड़ा है। पांडवों ने देशभर में कई शिव और मां भवानी के मंदिरों की स्थापना की है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि उज्जैन में मां भगवती के ऐसे अद्भुत रूप की पूजा होती है, जो दिखने में भगवान नरसिंह की छवि लगती हैं। खास बात यह है कि मंदिर में मौजूद मां, असुर रावण की कुलदेवी हैं, जो अजेयता और शत्रु विनाश का वरदान देती हैं।

**रौद्र रूप में हैं मां प्रत्यंगिरा**

उज्जैन में महाकाल और मां बगलामुखी के प्रसिद्ध मंदिरों के बीच मां प्रत्यंगिरा देवी का मंदिर स्थित है। यह मंदिर भैरवगढ़ रोड स्थित बगलामुखी धाम के नजदीक ही है। मां प्रत्यंगिरा देवी का रूप मां के बाकी अवतारों से अलग और क्रोध को दिखाने वाला है। मां का चेहरा सिंह के जैसा है और बाकी का शरीर देवी के समान है। मां का ये प्रतिरूप सिंह की गर्जना की तरह दिखता है। देशभर में मां के कई रूद्र और क्रोधित अवतारों की पूजा होती है, लेकिन मां प्रत्यंगिरा देवी सबसे अलग हैं।

**तंत्र की देवी के रूप में होती है पूजा**

मां प्रत्यंगिरा को मां बगलामुखी की तरह तंत्र की देवी के रूप में पूजा जाता है। माना जाता है कि मां के दर्शन के बाद शरीर की सारी नकारात्मक ऊर्जा का विनाश होता है। अगर किसी ने तंत्र किया है तो मंदिर में विशेष अनुष्ठान के साथ उसका काट भी किया जा सकता है।

भक्त अकाल मृत्यु के भय और शत्रु पर विजय पाने के लिए भी मां प्रत्यंगिरा की पूजा करते हैं। तांत्रिक भी अपनी साधनाओं को सिद्ध करने के लिए भी मंदिर में रात में अनुष्ठान करते हैं।

पौराणिक कथा की मानें तो जब परम भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए भगवान विष्णु ने भगवान नरसिंह का रूप लिया था, तब हिरण्यकश्यप के वध के बाद भी उनका क्रोध शांत नहीं हुआ था। भगवान नरसिंह के क्रोध की वजह से देवता और असुर दोनों घबरा गए थे। तब सभी देवताओं के आह्वान के बाद मां प्रत्यंगिरा प्रकट हुई, जिन्होंने भगवान नरसिंह को शांत कराया था।

**रावण की कुलदेवी हैं निकुंबला**

खास बात ये है कि प्रत्यंगिरा देवी को निकुंबला देवी का ही रूप माना जाता है, जिनकी पूजा रावण और उसके पुत्र मेघनाद ने की थी। रामायण में मां निकुंबला देवी का जिक्र भी है कि कैसे युद्ध पर जाने से पहले रावण और उसके पुत्र मेघनाद ने विजय पाने के लिए मां के विशेष अनुष्ठान किए थे।

## इस पुष्प के पौधे को घर में लगाने से होता है लक्ष्मी का वास



वास्तु शास्त्र और ज्योतिष में फूलों को पॉजिटिव एनर्जी आकर्षित करने वाला बताया गया है। आप भी अपने घर में खुशहाली के लिए कुछ चुनिंदा फूलों के पौधे लगाएं।

पूजा के लिए अधिकतर गेंदा का इस्तेमाल किया जाता है। वास्तु शास्त्र में इस पुष्प को शुभ माना जाता है, यही कारण है कि इससे घरों व मंदिरों की सजावट की जाती है। भगवान को चढ़ाया जाता है। आप भी इसे अपने घर में उत्तर-पूर्व दिशा में लगा सकते हैं।

लाल रंग का गुड़हल गणेश जी और मां काली को अत्यन्त प्रिय है। कहा जाता है कि जहां कहीं भी यह पुष्प होता है, वहां पर समस्त प्रकार की नैगेटिव एनर्जी नष्ट हो जाती है। इसे घर में लगाने से पॉजिटिव एनर्जी का फ्लो बना रहता है।

चंपा के फूल हल्के पीले और सफेद रंग के आते हैं। इनमें बहुत हल्की लेकिन मधुर सुगंध होती है। यह भी भगवान शिव और भगवान विष्णु की पूजा में इस्तेमाल किया जाता है।

मोगरा के पुष्प में अत्यधिक तेज सुगंध होती है जो किसी का भी मन मोह लेती है। इस पुष्प के पौधे को घर में लगाने से लक्ष्मी का वास होता है। अतः इस पौधे को भी घर में लगाना चाहिए ताकि घर में सुख और समृद्धि आ सके।

तुलसी का पौधा घर के मुख्यद्वार पर लगाने से घर में कोई भी ऊपरी बाधा प्रवेश नहीं कर सकती।

# अकाल मृत्यु के बाद आत्मा कहां जाती है?



मौत का सच हर इंसान को बेचैन करता है, लेकिन अकाल मृत्यु का विचार तो और भी ज्यादा डर पैदा करता है। जब कोई व्यक्ति अचानक दुर्घटना, बीमारी या आत्महत्या जैसी परिस्थितियों में दुनिया छोड़ देता है, तो पीछे रह जाने वालों के मन में एक सवाल जरूर उठता है-उसकी आत्मा का क्या होता होगा? क्या उसे तुरंत नया जन्म मिल जाता है या वह कहीं भटकती रहती है? हिंदू धर्मग्रंथों में इस रहस्य पर विस्तार से चर्चा मिलती है, खासकर गरुड़ पुराण में। यह ग्रंथ सिर्फ मृत्यु के बाद की यात्रा नहीं बताता, बल्कि यह भी समझाता है कि कर्म, आयु और मोक्ष का रिश्ता कितना गहरा है। आज भी कई परिवार अकाल मृत्यु के बाद किए जाने वाले संस्कारों को लेकर इसी ज्ञान पर भरोसा करते हैं।

अकाल मृत्यु क्या है और क्या इसे टाला जा सकता है?

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हर व्यक्ति की आयु उसके कर्मों से जुड़ी होती है। सामान्य परिस्थितियों में जीवन का अंत तय समय पर होता है, लेकिन जब दुर्घटना, असाध्य रोग या आत्महत्या जैसी घटनाएं घटती हैं, तो उसे अकाल मृत्यु माना जाता है। गरुड़ पुराण के कथन बताते हैं कि शरीर नष्ट हो जाता है, पर आत्मा की निर्धारित आयु शेष रहती है। यानी आत्मा को अपने शेष काल तक किसी न किसी अवस्था में रहना पड़ता है। इसलिए जीवन में संयम, अनुशासन और सत्कर्म को आयु-वृद्धि का आधार माना गया है।

**ग्रहदोष, आदतें और कर्म का असर**

मान्यता है कि गलत संगति, व्यसन, हिंसा या अधर्म जैसे कर्म व्यक्ति की ऊर्जा और जीवन संतुलन को बिगाड़ते हैं। कई लोग इसे ग्रहदोष या पापफल के रूप में देखते हैं। हालांकि धार्मिक दृष्टि यह भी कहती है कि दान, जप, सेवा और ईश्वर स्मरण से बड़े संकट भी टाले जा सकते हैं। फिर भी जो नियति में स्थिर है, उसे पूरी तरह बदला नहीं जा सकता-यही जीवन और मृत्यु का संतुलन माना गया है।

**अकाल मृत्यु के बाद आत्मा कहां जाती है?**

सामान्य मृत्यु में आत्मा की यात्रा यमलोक की ओर मानी जाती है, लेकिन अकाल मृत्यु की स्थिति अलग बताई गई है। ऐसे में आत्मा की सांसारिक इच्छाएं अधूरी रह जाती हैं-परिवार, संबंध, जिम्मेदारियां या अपूर्ण इच्छाएं उसे पृथ्वी से बांधे रखती हैं।

**प्रेत योनि में भटकने की मान्यता**

ग्रंथों के अनुसार अकाल मृत्यु वाले व्यक्ति की आत्मा तब तक प्रेत अवस्था में रहती है, जब तक उसकी प्राकृतिक आयु पूरी नहीं हो जाती। यही कारण है कि कई संस्कृतियों में अचानक मृत्यु के बाद विशेष संस्कारों पर जोर दिया जाता है। ग्रामीण समाज में आज भी लोग मानते हैं कि अधूरी इच्छाओं या असमय मृत्यु वाले लोगों की स्मृति घर-परिवार के आसपास अधिक महसूस होती है-यह विश्वास पीढ़ियों से चला आ रहा है।

आत्मा को शांति और मुक्ति कैसे मिलती है?

धार्मिक परंपरा कहती है कि अकाल मृत्यु के बाद परिजनों का कर्तव्य बढ़ जाता है। कुछ विशेष कर्म आत्मा की पीड़ा कम करने और उसे गति देने के लिए बताए गए हैं।

**पिंडदान और नारायण बलि का महत्व**

मान्यता है कि पवित्र तीर्थों में विधि-विधान से पिंडदान या नारायण बलि करने से आत्मा को मार्ग मिलता है। इन अनुष्ठानों को अधूरी आयु या असामान्य मृत्यु वाले व्यक्तियों के लिए विशेष माना गया है।

**मोक्ष का मार्ग क्या बताता है गरुड़ पुराण?**

मोक्ष का अर्थ जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति है। यह अवस्था तभी संभव मानी जाती है जब व्यक्ति जीवन में निःस्वार्थ कर्म, दया, सेवा और सत्य का पालन करे। मान्यता है कि जो व्यक्ति फल की इच्छा छोड़कर कर्म करता है, दूसरों की सहायता करता है और ईश्वर स्मरण में रहता है, उसे दिव्य लोक की प्राप्ति होती है। यह जीवन के अंत के बाद की सर्वोच्च अवस्था मानी गई है।

# धन और वैभव के देवता कुबेर से जुड़ी ये बात

कुबेर के कुल की बात करें तो इन्हें पुलस्त्य ऋषि का पौत्र और विश्रवा का पुत्र माना गया है। उल्लेखनीय है कि इन्हीं विश्रवा का एक पुत्र लंकाधिपति रावण भी था। इस नाते रावण और कुबेर आप में सौतेले भाई थे। इसी कुबेर को सोने की लंका स्थापित करने और वहां का अधिपति होने का गौरव प्राप्त था, परन्तु रावण ने लंका पर जबरदस्ती कब्जा जमा लिया, जिसके बाद कुबेर ने जो दूसरा नगर बसाया, उसे अलकापुरी नाम दिया गया और इसी अलकापुरी के अधिपति होने के नाते उनका नामकरण अलकापति भी हुआ।

कुबेर को उत्तर दिशा का अधिपति माना जाता है परन्तु एक अन्य परम्परा के अंतर्गत यह स्थान सोम को दिया जाता है। वैसे कुबेर शब्द का अर्थ कुछ यूं वर्णित है : कुत्यितं बेरं यस्य सः कुबेरः

अर्थात जो निम्न और भोंडा है, वह कुबेर है। इसी कारण से प्रतिमा शास्त्रों में इनका वर्णन मोटे या थुलथुले शरीर वाला परन्तु धन के स्वामी के नाते एक हाथ में स्वर्ण मुद्राओं की थैली लिए और दूसरे हाथ में नेवला लिए दिखाया जाता है। 'मनुस्मृति' जैसे ग्रंथों में इन्हें लोकपालों में से एक लोकपाल के साथ ही धनपतियों के संरक्षक जैसा सम्मानजनक स्थान दिया गया है।

महाभारत के वर्णन को मानें तो यहां इन्हें पुलस्त्य का पुत्र माना गया है परन्तु पुराणों में इन्हें पुलस्त्य का पौत्र और विश्रवा तथा देववर्णिनी की संतान माना गया है। इस देववर्णिनी के पिता हैं ऋषि भारद्वाज तथा भ्राता हैं ऋषि गर्ग। वहीं विश्रवा की दूसरी पत्नी असुर राजकुमारी कैकेशी से जो चार संतानें हुईं उनके नाम हैं रावण, विभीषण, कुंभकर्ण और शुर्पणखा। कुबेर को यक्ष, किन्नर, गुह्यक और गंधर्वों का अधिपति भी माना गया है। वाल्मीकि रामयाण में इस देवता का एक अन्य नाम 'एकाक्ष' भी मिलता है। इन्हें भगवान शिव का मित्र और स्नेही होने का गौरव भी प्राप्त है। पौराणिक ग्रंथ 'ललित विस्तर' में इनकी गणना पूज्य देवताओं की सूची में है। 'प्रतिमा शास्त्र' के अनुसार थुलथुले शरीर वाले कुबेर के माथे पर उष्णीय, कानों में कुंडल तथा गले में कंठहार रहता है।



कुछ मूर्तियों में कुबेर का दाहिना हाथ अभय मुद्रा में तथा बाएं हाथ में नेवले के आकार की धन की थैली रहती है। इसे नकुली या नकुलक कहा जाता था। कुबेर की पत्नी का नाम भद्रा है, अतः कुछ प्रतिमाओं में कुबेर के साथ कमलधारिणी भद्रा को दर्शाया गया है। कुषाण काल में कुबेर की प्रतिमाओं के साथ भद्रा और लक्ष्मी का भी अंकन मिलता है। जैन धर्म में कुबेर को 'सर्वनाभूति' नाम दिया गया है जिन्हें 19वें तीर्थंकर मल्लीनाथ का सहायक यक्ष माना गया है। इनके वाहन की बात करें तो इन्हें हाथी या मनुष्य की सवारी करते अंकित किया जाता है।

बौद्ध धर्म में जिस देवता जंभल का वर्णन है, उन्हें यूं तो कुबेर का ही बौद्ध स्वरूप माना जाता है परन्तु कुछ विद्वानों का मानना है कि जंभल और सर्वानुभूति में अधिक निकट साम्यता है।

स्वतंत्र वार्ता

बुधवार, 18 फरवरी - 2026

# एआई तकनीक की ताकत

तेजी से दुनिया आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां तकनीक केवल सुविधा का माध्यम नहीं, बल्कि नीति, विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा का आधार बन चुकी है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इसी बदलाव का सबसे प्रमुख चेहरा बनकर उभरी है। आज लगभग हर देश के अपनी विकास नीतियों में एआई का प्रमुख स्थान है, क्योंकि यह केवल उद्योगों की कार्यप्रणाली नहीं बदल रही, बल्कि समाज, रोजगार और शासन की दिशा भी तय कर रही है। दिल्ली में आयोजित एआई शिखर सम्मेलन इसी बदलते दौर की गंभीरता और संभावनाओं को रेखांकित कर रहा है। दुनिया के अनेक देशों के नीति-निर्माताओं और तकनीकी कंपनियों की भागीदारी यह बताती है कि एआई अब किसी एक देश की तकनीक नहीं रही, बल्कि वैश्विक ऊर्जा और चर्चा का विषय बन चुकी है। भारत जैसे तेजी से उभरते देश के लिए यह अवसर है कि वह इस तकनीकी क्रांति में नेतृत्वकारी भूमिका निभाए और विकास के नए मानक स्थापित करे। एआई कुछ क्षेत्रों में नकारात्म हो सकता है लेकिन इसके सकारात्मक प्रभावों को नकारा नहीं जा सकता। स्वास्थ्य क्षेत्र में बीमारियों की पहचान, शिक्षा में व्यक्तिगत सीखने की सुविधा, कृषि में सटीक पूर्वानुमान और उद्योगों में उत्पादन क्षमता बढ़ाने जैसे अनेक उदाहरण इस बात का प्रमाण हैं कि तकनीक ने विकास की गति कई गुना बढ़ा दी है। स्मार्टफोन अब केवल संचार का माध्यम नहीं, बल्कि एआई आधारित सेवाओं से जुड़ा एक शक्तिशाली उपकरण बन चुका है। लेकिन एआई के साथ भी गंभीर सवाल जुड़े हुए हैं। सबसे बड़ा प्रश्न रोजगार का है। जिस तेजी से स्वचालन बढ़ रहा है, उससे पारंपरिक नौकरियों पर खतरा संभव है। कई विशेषज्ञ मानते हैं कि एआई नई नौकरियां पैदा करेगी, लेकिन यह भी सच है कि लाखों लोगों को नई कौशल क्षमता सीखनी पड़ेगी। यदि नीति-निर्माता समय रहते कौशल विकास और प्रशिक्षण की ठोस व्यवस्था नहीं करते हैं, तो तकनीकी प्रगति सामाजिक असंतुलन का कारण बन सकती है। दूसरी बड़ी चिंता डेटा सुरक्षा और निजता की है। एआई का जितना बड़ा डेटा, उतनी बड़ी शक्ति। ऐसे में नागरिकों की व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रहे और तकनीक का दुरुपयोग न हो। फेक न्यूज, डिजिटल धोखाधड़ी जैसे खतरे पहले से सामने आ चुके हैं। भारत केवल इस तकनीक का उपभोक्ता मात्र न बने, बल्कि निर्माता की भूमिका निभाए। देश के पास विशाल युवाशक्ति, मजबूत आईटी आधार और स्टार्टअप इकोसिस्टम है। यदि सरकार, उद्योग और शैक्षणिक संस्थान मिलकर काम करें, तो भारत एआई नवाचार का वैश्विक केंद्र बन सकता है। लेकिन यह तभी संभव है, जब तकनीक का लाभ शहरों के अलावा गांवों और छोटे कस्बों तक पहुंचे। तकनीक और मानवीय मूल्यों के बीच संतुलन, विकास और सामाजिक सुरक्षा के बीच संतुलन, नवाचार और नियमन के बीच संतुलन जरूरी है। एआई को अपनाना समय की मांग है, लेकिन आंख मूंदकर नहीं। यह सुनिश्चित करना होगा कि तकनीकी प्रगति का अंतिम लाभ आम नागरिक तक पहुंचे और कोई वर्ग पीछे न छूटे। अंततः, एआई का भविष्य केवल मशीनों से नहीं, बल्कि मनुष्यों की दूरदर्शी नीतियों और जिम्मेदार फैसलों से तय होगा। यदि सही दिशा में कदम उठाए गए, तो यह तकनीक आने वाले दशकों में विकास का सबसे बड़ा इंजन बन सकती है। लेकिन यदि चुनौतियों को नजरअंदाज किया गया, तो यही तकनीक असमानता और अस्थिरता का कारण भी बन सकती है।

# ओबामा के 'एलियंस' बयान से फैली अफवाह: सच्चाई क्या है?



जयसिंह रावत

हाल ही में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के एक बयान ने सोशल मीडिया पर भारी हलचल मचा दी। मिनेसोटा में अवैध प्रवासियों के खिलाफ संघीय एजेंसियों की छापेमारी पर टिप्पणी करते हुए ओबामा ने 'एलियंस इन कस्टडी' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया, जो संभवतः अमेरिकी कानून में अवैध प्रवासियों को संदर्भित करता है। हालांकि, इस बयान को संदर्भ से काटकर कुछ लोगों ने इसे अंतरिक्षीय एलियंस (दूसरे ग्रहों के लोग )से जोड़ दिया, जिससे अफवाह फैल गई कि अमेरिका ने दूसरे ग्रहों से आए जीवों को हिरासत में रखा है। बाद में ओबामा ने स्वयं भी स्पष्टीकरण दे दिया था। लेकिन तब तक बात साड़ी दुनियां में फ़ैल चुकी थी। यह चर्चा न केवल राजनीतिक मुद्दों को छूती है, बल्कि यूएफओ (अनआइडेंटिफाइड फ्लाइंग ऑब्जेक्ट्स) और यूएपी (अनआइडेंटिफाइड एरियल फिनॉमिना) के रहस्यमयी दुनिया में भी घुस जाती है।

**अनआइडेंटिफाइड एरियल फिनॉमिना**

यूएफओ का विषय लंबे समय तक कल्पना, विज्ञान कथा और साजिश सिद्धांतों तक सीमित माना जाता रहा। हालांकि पिछले एक दशक में अमेरिकी सरकार का रवैया कुछ हद तक बदला है। वर्ष 2021 में पेंटागन की एक रिपोर्ट सामने आई, जिसमें 2004 से 2021 के बीच दर्ज 140 से अधिक घटनाओं का उल्लेख था। इन्हें 'अनआइडेंटिफाइड एरियल फिनॉमिना' यानी यूएपी कहा गया। इन घटनाओं में सैन्य पायलटों द्वारा देखी गई ऐसी उड़न वस्तुओं का जिक्र था, जिनकी गति और व्यवहार मौजूदा तकनीक और भौतिकी के ज्ञात नियमों से मेल नहीं खाते थे। हालांकि इस रिपोर्ट में भी यह नहीं कहा गया कि ये वस्तुएं किसी अंतरिक्षीय सभ्यता से जुड़ी थीं। रक्षा विभाग ने स्पष्ट किया कि इनमें से कई घटनाएं प्राकृतिक कारणों, ड्रोन, विदेशी तकनीक या सेंसर की त्रुटियों से जुड़ी हो सकती हैं। लेकिन कुछ मामलों की पहचान न हो पाने ने रहस्य को और गहरा जरूर किया। इसके अलावा, 2024 में पेंटागन की एक नई समीक्षा रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया कि यूएफओ दर्शनों में कोई एलियन तकनीक का सबूत नहीं मिला है और कोई सरकारी कवर-अप नहीं चल रहा। इस रिपोर्ट ने दशकों पुरानी अफवाहों को खारिज करते हुए कहा कि ज्यादातर दर्शन सामान्य वस्तुओं या तकनीकी गड़बड़ियों के कारण थे, लेकिन मिसइनफॉर्मेशन के प्रसार ने जांच को धीमा कर दिया है।

**एलियन शब्द का द्विअर्थी विश्लेषण**

'एलियन' शब्द और प्रवासन का कानूनी अर्थ विवाद का असली कारण अंतरिक्ष नहीं, बल्कि धरती पर ही मौजूद एक गंभीर राजनीतिक और मानवीय मुद्दा है—प्रवासन। अमेरिकी कानून में 'इलीगल एलियन' शब्द उन लोगों के लिए इस्तेमाल किया जाता है, जो बिना वैध दस्तावेजों के अमेरिका में प्रवेश करते हैं या वहां रहते हैं। यह शब्द दशकों से प्रशासनिक और कानूनी भाषा का हिस्सा रहा है, हालांकि हाल के वर्षों में इसे अमानवीय मानते हुए इसके प्रयोग पर सवाल भी उठे हैं। उदाहरण के लिए, बाइडेन प्रशासन ने इस शब्द को 'अनडॉक्यूमेंटेड इमिग्रेंट्स' जैसे अधिक मानवीय शब्दों से बदलने की कोशिश की है, लेकिन रिपब्लिकन नेता इसे बनाए रखने पर जोर देते हैं। इसी संदर्भ में ओबामा ने हाल ही में मिनेसोटा में हुई एक कार्रवाई पर टिप्पणी की थी, जहां संघीय एजेंसियों ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ छापेमारी कर कई लोगों को हिरासत में लिया। ओबामा ने इस कार्रवाई की आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह की सामूहिक गिरफ्तारियां और भय का माहौल अधिनायकवादी देशों की याद दिलाता है। उन्होंने मानवीय दृष्टिकोण अपनाने और कानून के साथ करुणा बरतने की बात कही।

**यहीं से भ्रम पैदा हुआ**

ओबामा द्वारा इस्तेमाल किए गए 'एलियंस इन कस्टडी' जैसे शब्दों को कुछ लोगों ने जानबूझकर या अज्ञानवश अंतरिक्षीय एलियंस से जोड़ दिया। सोशल मीडिया पर क्लिप्स को संदर्भ से काटकर पेश किया गया और देखते ही देखते यह अफवाह फैल गई कि अमेरिका ने किसी दूसरे ग्रह के जीवों को कैद कर रखा है। एक्स (पूर्व ट्विटर) पर ऐसे कई पोस्ट्स देखे गए जहां यूजर्स ने ओबामा के बयान को यूएफओ थ्योरीज से जोड़ा। उदाहरण के लिए, एक पोस्ट में दावा किया गया कि ओबामा ने विल स्मिथ के बेटे से बातचीत में 'ईटी' मूवी का जिक्र करके एलियंस की सच्चाई को संकेत दिया था, जबकि वह केवल मजाक कर रहे थे। एक अन्य पोस्ट में इमिग्रेशन कस्टडी को यूएफओ कस्टडी से जोड़कर मिसइनफॉर्मेशन फैलाई गई। ये उदाहरण दिखाते हैं कि कैसे राजनीतिक बयान वैज्ञानिक अफवाहों में बदल जाते हैं।

**अफवाहों का दौर और डिजिटल युग**

यह पहली बार नहीं है जब किसी सार्वजनिक व्यक्ति के बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया हो। डिजिटल युग में सूचनाएं जितनी तेजी से फैलती हैं, उतनी ही तेजी से भ्रम भी फैलता है। एल्गोरिद्म आधारित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सनसनीखेज दावों को बढ़ावा देते हैं, क्योंकि वही ज्यादा क्लिक और व्यूज लाते हैं। 'एलियंस अमेरिकी हिरासत में' जैसे वाक्य स्वाभाविक रूप से लोगों की जिज्ञासा को भड़काते हैं, भले ही उनका वास्तविक अर्थ कुछ और हो। यह भी उल्लेखनीय है कि 2023 में पूर्व अमेरिकी खुफिया अधिकारी डेविड ग्रुश ने कांग्रेस के सामने शपथ लेकर दावा किया था कि अमेरिका के पास 'गैर-मानवीय' शिल्पों के अवशेष हैं। इस बयान ने भी काफी हलचल मचाई थी। हालांकि सरकार ने न तो इस दावे की पुष्टि की और न ही उसे पूरी तरह खारिज किया। आज तक कोई ठोस, सार्वजनिक प्रमाण सामने नहीं आया है। इसके अलावा, ओबामा ने खुद 2021 में रेजी लव के पॉडकास्ट में यूएफओ पर बात की, जहां उन्होंने स्पष्ट कहा कि राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने पूछा था कि क्या कोई लैब में एलियन स्पेसक्राफ्ट हैं, और जवाब नकारात्मक मिला। उन्होंने केवल इतना कहा कि ब्रह्मांड इतना बड़ा है कि कहीं जीवन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

**ब्रह्मांड में कहीं और जीवन हो सकता है**

तथ्य, संभावना और भ्रम के बीच सभी उपलब्ध तथ्यों और बयानों का विश्लेषण यही संकेत देता है कि बराक ओबामा ने कभी यह स्वीकार नहीं किया कि अंतरिक्ष से आए किसी जीव को अमेरिका ने हिरासत में रखा है। उन्होंने केवल वैज्ञानिक संभावना के तौर पर यह कहा कि ब्रह्मांड में कहीं और जीवन हो सकता है। 'हिरासत में लिए गए एलियंस' वाला संदर्भ पूरी तरह से प्रवासन और अवैध प्रवासियों की कानूनी स्थिति से जुड़ा हुआ था। इस प्रकरण से एक बड़ा सबक भी मिलता है। शब्दों का संदर्भ और अर्थ समझे बिना उन्हें साझा करना न केवल गलत सूचना फैलाता है, बल्कि गंभीर मुद्दों को भी हल्के मनोरंजन में बदल देता है। अंतरिक्षीय जीवन की खोज मानवता के लिए एक रोमांचक वैज्ञानिक प्रश्न है, जबकि प्रवासन एक जटिल मानवीय और राजनीतिक समस्या। दोनों को एक-दूसरे में मिलाकर देखना न तो विज्ञान के साथ न्याय है और न ही समाज के साथ।

**यूएफओ जांच में प्रगति**

इसके अतिरिक्त, हाल के वर्षों में यूएफओ जांच में प्रगति हुई है।

# क्या दूसरा एमजीआर बन पायेंगे विजय!



राज कुमार सिंह

तमिल राजनीति का जन नायक बनने के महत्वाकांक्षी फिल्म अभिनेता थलापति विजय की अंतिम फिल्म 'जना नायकन' की सिनेमाघरों से दूरी कम होती नहीं दिख रही। नौ जनवरी को रिलीज होनेवाली जना नायकन अभी तक सेंसर बोर्ड विवाद और कानूनी लड़ाई में अटकी है। जना नायकन की रिलीज डेट तो तय नहीं, पर थलापति विजय की तमिलनाडु का मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा किसी से छिपी नहीं है। विधानसभा चुनाव से पहले तमिलनाडु का राजनीतिक विमर्श जिन दो फिल्मों के इर्दगिर्द सिमट गया है, जना नायकन उनमें से एक है। दूसरी फिल्म है 'पराशक्ति'।

सेंसर बोर्ड से प्रमाणपत्र के बाद 'पराशक्ति' रिलीज भी हो चुकी है। जानना यह भी जरूरी है कि 'पराशक्ति' 1960 के आसपास हिंदी विरोधी आंदोलन और तमिल राजनीतिक भावनाओं की याद दिलाती है, जबकि 'जना नायकन' अभिनेता विजय को जन नायक के रूप में पेश करती है। 'जना नायकन' को अपनी अंतिम फिल्म बता कर जोसेफ विजय चंद्रशेखर तीन दशक लंबी सिनेमाई पारी से संन्यास का ऐलान भी कर चुके हैं।

विजय की सिनमाई छवि जन नायक-सी रही है। तमिझगा वेट्री कषगम (टीवीके) नामक राजनीतिक दल बनानेवाले विजय का इरादा आगामी विधानसभा चुनाव लड़ कर मुख्यमंत्री बनने का है।पिछले कई दशकों से द्रमुक और अन्नाद्रमुक के बीच दो ध्रुवीय रही तमिल राजनीति में जयललिता के निधन से उत्पन्न शून्य को भाजपा विभाजित अन्नाद्रमुक के एकीकरण और गठबंधन के जरिये भरने की कोशिश कर रही है। टीटीवी दिनाकरन की पार्टी एएमएमके भी राजग में लौट आयी है, पर पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई की निष्क्रियता से सवाल उठने लगे हैं।

तेजतर्रार अन्नामलाई द्रमुक के साथ-साथ अन्नाद्रमुक पर भी तीखे प्रहारों के लिए जाने जाते हैं। जब टीवीके बना कर विजय ने द्रमुक सरकार पर निशाना साधना शुरू किया तो लगा कि मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की सत्ता से विदाई के लिए भाजपा उनकी लोकप्रियता की लहर की सवारी कर सकती है, लेकिन 'जना नायकन' विवाद में सेंसर बोर्ड की भूमिका से समीकरण बदले गये हैं। विजय ने 'जना नायकन' की रिलीज में देरी के लिए सेंसर बोर्ड और सरकार से ज्यादा द्रमुक और भाजपा पर निशाना साधा। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में शामिल द्रमुक ने भी विवाद का ठीकरा भाजपा पर फोड़ा है, ताकि टीवीके से मुकाबले में अल्पसंख्यकों के बीच उसकी लोकप्रियता प्रभावित न हो। मित्र दल द्रमुक को चुनौती देनेवाले विजय की फिल्म 'जना नायकन' को कांग्रेस का समर्थन चौंकानेवाला है।

माना जा रहा है कि साथ चुनाव लड़ने के बावजूद द्रमुक सरकार में भागीदारी से वंचित कांग्रेस टीवीके से गठबंधन पर भी विचार कर रही है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन कांग्रेस-द्रमुक गठबंधन को अटूट बताते हुए भी हाल ही में फिर चुनाव बाद सत्ता में भागीदारी से इनकार कर चुके हैं। बेशक द्रमुक-कांग्रेस का गठबंधन पुराना है, लेकिन राजनीति में सुविधानुसार मित्र बदलते रहते हैं। महाराष्ट्र और बिहार में मित्र दलों से तनातनी भी कांग्रेस की चुनावी रणनीतिक दुविधा का संकेत है। शायद तमिलनाडु में फिल्मी सितारों की चमत्कारिक राजनीतिक सफलता भी कांग्रेस को विजय की ओर आकर्षित कर रही हो। दक्षिण भारत में कुछ सितारे ऐसे लोकप्रिय राजनेता भी साबित हुए कि राजनीति की धारा ही बदल दी। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी के सवा साल में दिल्ली की सत्ता पर दस्तक की चर्चा बहुत होती है, लेकिन सबसे चमत्कारिक चुनावी सफलता एनटीआर के नाम से लोकप्रिय नंदमुरि तारक रामाराव के नाम दर्ज है।

तेलुगु फिल्मों में राम-कृष्ण आदि धार्मिक भूमिकाओं से घर-घर में लोकप्रिय हुए एनटीआर ने तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) बनाने के नौ महीने के अंदर कांग्रेस को आंध्र प्रदेश की सत्ता से खदेड़ दिया था।

एनटीआर 1983 से 1994 के बीच तीन बार मुख्यमंत्री बने। निधन के बाद टीडीपी पत्नी लक्ष्मी पार्वती और दामाद चंद्रबाबू नायडू के बीच विभाजित हुई। अंततः नायडू ही एनटीआर के राजनीतिक वारिस साबित हुए। 2008 में चिरंजीवी द्वारा बनायी गयी प्रजा राज्यम पार्टी भी 2009 के विधानसभा चुनाव में 18 सीटें जीतने में सफल रही, लेकिन 2011 में उन्होंने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया। केंद्र में मंत्री भी रहे चिरंजीवी 2018 से राजनीति में सक्रिय नहीं। उनके भाई पवन कल्याण अवश्य जन सेना पार्टी बना कर अब चंद्रबाबू नायडू सरकार में भागीदार हैं। दक्षिण भारतीय राजनीति में फिल्मी सितारों की चमत्कारिक सफलता की शुरूआत तमिलनाडु से ही हुई, जहां एमजी रामचंद्रन (एमजीआर) ने 1953 में कांग्रेस के साथ अपनी राजनीतिक पारी शुरू की। तमिल सिनेमा के इस सुपर स्टार को बाद में सीएन अन्नादुरई ने अपनी पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) में शामिल होने के लिए मना लिया।

1962 में पहली बार विधायक बने एमजीआर ने अन्नादुरई के निधन के बाद द्रमुक में बढ़ते भ्रष्टाचार का विरोध किया तो उन्हें पार्टी से निकाल दिया गया। तब उन्होंने अलग पार्टी अन्नाद्रमुक बनायी। 1977 के विधानसभा चुनाव में अन्नाद्रमुक ने 234 में से 130 सीटें जीतीं और एमजीआर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बने।

एमजीआर से निकटता के चलते लोकप्रिय अभिनेत्री जयललिता अन्नाद्रमुक में शामिल हो कर प्रचार सचिव भी बनीं, लेकिन पार्टी में विरोध के चलते पद छोड़ना पड़ा। एमजीआर के निधन के बाद जयललिता को उनके परिवार के विरोध का भी सामना करना पड़ा, लेकिन खुद को उनकी राजनीतिक वारिस साबित करते हुए अंततः 1991 में तमिलनाडु की पहली महिला मुख्यमंत्री बनीं। एमजीआर और फिर जयललिता के मुकाबले द्रमुक का नेतृत्व करते हुए मुख्यमंत्री बने एमके करुणानिधि भी तमिल सिनेमा के लोकप्रिय लेखक रहे।

बेशक हिंदी सिनेमा के सितारों ने भी राजनीति में किस्मत कम नहीं आजमायी, पर दक्षिण भारतीय सितारों जैसी सफलता किसी को नसीब नहीं हुई। कुछ सांसद-मंत्री बनने में सफल रहे, लेकिन पार्टी की कृपा से ही। दक्षिण में भी हर फिल्म स्टार राजनीति में हिट नहीं हो गया।

रजनीकांत और कमल हासन के अभिनय का लोहा पूरा देश मानता है, लेकिन चुनावी राजनीति में हाथ आजमाया तो वे एमजीआर, एनटीआर, जयललिता या करुणानिधि की सफलता के आसपास भी नहीं पहुंच पाये। परदे के करिश्मे को वे सीधे जन संवाद और संपर्क में नहीं उतार पाये। देखना दिलचस्प होगा कि फिलहाल चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाते नजर आ रहे फिल्मी परदे के 'जना नायकन' थलापति विजय तमिल राजनीति का जन नायक बन कर क्या दूसरा एमजीआर बन पायेंगे!

# मोदी की कूटनीति पर सियासी शोर, राष्ट्रहित पर क्यों सवाल?



सुरेश गांधी

भारत की विदेश नीति को लेकर एक बार फिर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक कार्यक्रमों को लेकर यह सवाल उठाया जा रहा है कि उन्हें बांग्लादेश के शपथ ग्रहण समारोह में जाना चाहिए था। यह बहस सतही तौर पर राजनीतिक लग सकती है, लेकिन यदि इसे राष्ट्रीय और वैश्विक रणनीतिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो यह विवाद वास्तविकता से अधिक राजनीतिक प्रतीत होता है। दरअसल, इसी दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का भारत दौरा तय था। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में यह केवल औपचारिक मुलाकात नहीं बल्कि सामरिक साझेदारी का महत्वपूर्ण अवसर माना जाता है। फ्रांस भारत का भरोसेमंद रक्षा सहयोगी रहा है और अंतरिक्ष तकनीक, परमाणु ऊर्जा, समुद्री सुरक्षा तथा इंडो-पैसिफिक रणनीति में दोनों देशों की साझेदारी भारत की वैश्विक



स्थिति को मजबूत करती रही है। ऐसे में फ्रांस के साथ उच्च स्तरीय वार्ता को प्राथमिकता देना केवल कूटनीतिक औपचारिकता नहीं बल्कि दीर्घकालिक राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा निर्णय माना जाना चाहिए।

जहां तक बांग्लादेश का प्रश्न है, भारत और बांग्लादेश के संबंध पिछले दशक में अभूतपूर्व रूप से मजबूत हुए हैं। सीमा समझौते, व्यापार विस्तार, ऊर्जा सहयोग और आतंकवाद विरोधी समन्वय जैसे कई क्षेत्रों में दोनों देशों ने उल्लेखनीय प्रगति की है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के कार्यकाल में भारत-बांग्लादेश संबंधों ने स्थिरता और विश्वास की नई मिसाल कायम की है। इसलिए यह तर्क देना कि प्रधानमंत्री की अनुपस्थिति से रिश्तों में असहजता उत्पन्न होगी, कूटनीतिक वास्तविकताओं से मेल नहीं खाता। अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुसार किसी भी देश के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री का स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य नहीं होता। कई बार वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल भेजना भी समान सम्मान का संकेत माना जाता है। इसी परंपरा के तहत भारत ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सौंपा। यह निर्णय भारत की संस्थागत व्यवस्था और कूटनीतिक गरिमा के अनुरूप है। घरेलू राजनीतिक विवादों के आधार पर संवैधानिक पदों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाना अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की छवि को प्रभावित कर सकता है। कुछ राजनीतिक विश्लेषकों द्वारा यह सुझाव भी दिया गया कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी को प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सौंपा जाना चाहिए था। यह विचार लोकतांत्रिक सहयोग के दृष्टिकोण से आकर्षक लग सकता है, लेकिन भारतीय संसदीय व्यवस्था में विदेश नीति का संचालन सरकार का विशेषाधिकार होता है। विपक्ष की भूमिका सुझाव और आलोचना तक सीमित होती है, न कि आधिकारिक प्रतिनिधित्व का नेतृत्व करना। यदि विदेश नीति को राजनीतिक प्रयोग का माध्यम बना दिया जाए, तो यह शासन प्रणाली की स्थिरता पर प्रश्न खड़े कर सकता है। भारत की कूटनीति को केवल पड़ोसी देशों तक सीमित करके देखना भी उचित नहीं है। वैश्विक शक्ति संतुलन तेजी से बदल रहा है और भारत को एक साथ कई मोर्चों पर रणनीतिक संतुलन बनाए रखना पड़ता है। पश्चिमी सीमा पर पाकिस्तान जैसी चुनौतियाँ पहले से मौजूद हैं, वहीं हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नई सामरिक प्रतिस्पर्धा उभर रही है। ऐसे में वैश्विक साझेदारियों को मजबूत करना भारत की आवश्यकता भी है और रणनीतिक मजबूती का संकेत भी।

विदेश नीति का मूल उद्देश्य भावनात्मक संतुलन नहीं बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक हित और वैश्विक प्रभाव को मजबूत करना होता है। किसी भी कूटनीतिक निर्णय का मूल्यांकन तात्कालिक राजनीतिक लाभ या नुकसान के आधार पर नहीं बल्कि दीर्घकालिक राष्ट्रीय हितों के संदर्भ में किया जाना चाहिए। आज भारत वैश्विक मंच पर एक उभरती हुई शक्ति के रूप में स्थापित हो रहा है। यह स्थिति केवल सैन्य या आर्थिक ताकत से नहीं बल्कि संतुलित और दूरदर्शी कूटनीति से संभव हुई है। प्रधानमंत्री के विदेश दौरों और रणनीतिक प्राथमिकताओं को राजनीतिक चश्मे से देखने की प्रवृत्ति देश की कूटनीतिक परिपक्वता को कमजोर कर सकती है। भारत जैसे विशाल और प्रभावशाली राष्ट्र के लिए यह आवश्यक है कि विदेश नीति को राजनीतिक विवाद का विषय बनाने के बजाय राष्ट्रीय सहमति और रणनीतिक सोच के साथ देखा जाए। कूटनीति में संतुलन ही शक्ति है और यही संतुलन भारत को वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ा रहा है।

# एक बिहारी, पाकिस्तान पर भारी: इशान किशन की निर्णायक बल्लेबाजी



संजीव ठाकुर

भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच केवल खेल नहीं, बल्कि भावनाओं, इतिहास और राष्ट्रीय गौरव का संगम होता है। जब भी भारत और पाकिस्तान आमने-सामने होते हैं, तो पूरा उपमहाद्वीप की सांसें थम जातीं है। स्टेडियम की हर सीट, टीवी की हर स्क्रीन और दिल की हर धड़कन उसी एक क्षण पर टिकी रहती है। ऐसे ही एक रोमांचक मुकाबले में 15 फरवरी 26 को भारत पाकिस्तान T20 क्रिकेट मैच के मुकाबले में "एक बिहारी, पाकिस्तान पर भारी" कहावत चरितार्थ हुई, जब बिहार की धरती से निकले युवा बल्लेबाज़ ईशान किशन ने अपने दमदार प्रदर्शन से मैच का रुख पलट कर रख दिया। उसने T20 विश्व कप 26 टूर्नामेंट में पाकिस्तान के मुकाबले 40 गेंद में 77 रन बनाकर मैच को भारत के पक्ष में खड़ा कर दिया और इंडिया 175 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर पाई इसके मुकाबले में पाकिस्तान 119 रन बनाकर आउट हो गई और भारत शानदार ऐतिहासिक रूप से 61 रनों से जीत गई। मुकाबले की पृष्ठभूमि मैं सदैव

भारत पाकिस्तान का मैच दबाव से भरा होता है। गेंदबाज़ी तेज, फील्डिंग चुस्त और हर रन की कीमत सोने के बराबर होती है। पाकिस्तान की टीम ने शुरुआती ओवरों में सटीक गेंदबाज़ी कर भारतीय शीर्ष क्रम को झकझोर दिया। स्कोरबोर्ड पर दबाव साफ दिखाई दे रहा था। ऐसे समय में क्रीज़ पर आए ईशान किशन चेहरे पर आत्मविश्वास, बल्ले में आक्रामकता और आंखों में जीत का जज़्बा।।ईशान किशन ने संघर्ष से शिखर तक पहुंचने में एड़ी चोटी का जोर लगाकर अपना करियर बनाया। बिहार जैसे राज्य से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट तक का सफर आसान नहीं होता। सीमित संसाधन, कम अवसर, और कड़ी प्रतिस्पर्धा इन सबके बीच ईशान ने अपने हुनर और मेहनत से जगह बनाई।

उनकी बल्लेबाज़ी की खासियत ही है तेज शुरुआत, स्पिन के खिलाफ बेखौफ शॉट्स और दबाव में संयम। यही गुण उस दिन भारत के काम आया।

**मैच का टर्निंग पॉइंट**

जब पहला विकेट अभिषेक शर्मा का जीरो पर गिर गया और रन गति थम गई थी, तब ईशान ने परिस्थिति को भांपते हुए पहले पारी को संभाला और फिर आक्रमण शुरू किया।कवर ड्राइव से आत्मविश्वास जताया पुल शॉट से गेंदबाज़ों पर दबाव बनाया स्पिनरों के खिलाफ आगे बढ़कर छक्के जड़े उनकी पारी ने न सिर्फ रन जोड़े, बल्कि ड्रेसिंग रूम में विश्वास भी लौटाया।

जहां मैच पाकिस्तान की पकड़ में जाता दिख रहा था, वहीं ईशान की विस्फोटक बल्लेबाज़ी ने संतुलन भारत की ओर मोड़ दिया। मानसिक मजबूती का परिचय भारत–पाक मुकाबले में मानसिक दबाव सबसे बड़ा प्रतिद्वंदी होता है। ऐसे माहौल में युवा खिलाड़ी अक्सर घबरा जाते हैं। लेकिन ईशान ने परिपक्वता दिखाई,हर गेंद को उसके गुण के अनुसार खेला, अनावश्यक जोखिम से बचे और सही समय पर आक्रमण किया। उनकी पारी केवल रन नहीं थी वह आत्मविश्वास का संदेश थी। निष्कर्ष क्रिकेट में जीत टीम की होती है, लेकिन कुछ पारियां इतिहास में दर्ज हो जाती हैं। उस दिन ईशान किशन ने साबित किया कि प्रतिभा क्षेत्र नहीं देखती—बिहार की मिट्टी से निकला खिलाड़ी भी विश्व मंच पर चमक सकता है। "एक बिहारी, पाकिस्तान पर भारी" केवल नारा नहीं रहा, बल्कि उस दिन की सच्चाई बन गया। भारत पाकिस्तान मुकाबले की कहानी में यह अध्याय हमेशा याद किया जाएगा जब एक युवा बल्लेबाज़ ने दबाव को अवसर में बदल दिया और मैच का रुख पलट दिया।

# चर्बी, गर्मी का वार और हमारे पालनहार



डॉ टी महादेव राव

छोटू! क्या सोच रहा है काफी देर से, पटर पटर करने वाली शोले की बसंती अगर खामोश ठाकुर बलदेव सिंह बन जाए तो अच्छा नहीं लगता। भैया! बताइए अगर आदमी में कोलेस्ट्रॉल बहुत ज्यादा हो जाए तो क्या होता है?

कोलेस्ट्रॉल क्यों, उसे चर्बी क्यों न कहें? इसमें इतनी सौम्यता क्यों? खैर! इससे रक्त धमनियां संकरी और हमारी अपनी सड़कों में ट्रैफिक की तरह अवरुद्ध हो जाती हैं। हार्ट अटैक हो सकता है। पक्षपाती सभापतियों की तरह पक्षाघात हो सकता है। विजयी नेता की तरह बड़ी खतरनाक बात है। बिल्कुल सही बात कही भैया! अगर यही चर्बी बनाम कोलेस्ट्रॉल किसी नेता, मंत्री में हो बहुत अधिक हो जाए तो?

₹उन महान नेताओं में चर्बी बनाम वसा या कोलेस्ट्रॉल दो तरह का होता है। नेताओं और मंत्रियों में बदन में होता है कोलेस्ट्रॉल यानी चर्बी। दिलोदिमाग में भी अहंकारी चर्बी यानी इगो कोलेस्ट्रॉल भर जाता है जो कि बदन की चर्बी से ज्यादा खतरनाक, कुर्सी लेवा, उंगली उठावा और कभी कभी कुख्यात करने वाला होता है।

अंतर क्या है इन दो कोलेस्ट्रॉल में? माना कि दोनों पद पर विराजे वजनदार नेता की तरह भारी भरकम होते हैं। मुझे लगता है एक होता है नसों में, धमनियों में। दूसरा दिमाग के चारों ओर जिससे दिमाग से मुंह का कनेक्शन कट जाता है। बिना सोचे, बिना समझे, बिना महसूस किए बस बकलोली जारी रहती है, जैसी कि आजकल संसद में अमूमन देखने को मिल रहा है। बिल्कुल सही पकड़े हो छोटू लाल! लगता है तुम्हारे शुप्त ज्ञानचक्षु कोरोना के बाद खुले शराब की दुकानों की तरह खुल गए पूरी तरह। आपको तुलना करने को शराब की दुकानें ही मिलीं भैया।आप तो टी टोटलर हैं न?हमे वे उदाहरण देने चाहिए जो जल्दी से सर चढ़कर समझ में आएं।

खाने पीने की बात इस वतन में लोग जल्दी समझते हैं। रिश्वत खाना और शराब पीना। तुम्हारे और मेरे चाय पीने से होगा क्या, वहां तो परोक्ष रूप से खून पने वाले लोग जो कुर्सियों में हैं। हम कोलेस्ट्रॉल या चर्बी अथवा वसा की चर्चा में थे, खून, शराब, रिश्वत के बारे में बाद में बात करेंगे। खैर! यही कोलेस्ट्रॉल कारण है कि बिहार के बहु संतानी बड़े नेता कहीं भी कुछ भी कह देते हैं। आंध्र प्रदेश के औंधे मुंह गिर पड़े भूतपूर्व मुख्यमंत्री घर बैठे दुनिया जहान पर टिप्पणियां कसते हैं। संत महात्मा से जो नेता बने उनकी जुबान तो बस दिमाग से पूरी तरह कटके सैलून में बाल काटती कैंची जैसी चलती है। ये कुछ उदाहरण हैं इगो कोलेस्ट्रॉल के। इसका कोई इलाज तो होगा न भैया! सांप के जहर के काट की तरह। है क्यों नहीं! एक बार जनता ने अपने वोट रूपी काट का सही और समय पर इस्तेमाल किया तो दिमाग के चारों ओर जो प्रभामंडल की तरह छाई हुई अहम की चर्बी गल जायेगी और आटे डाल का भाव मालूम पड़ेगा।

# अरुणाचल में थी पोस्टिंग, छुट्टी पर गए और अचानक हुए लापता




## पुणे के मेजर शरीफ भोंसले केस 10 साल से अनसुलझा रहस्य

पुणे, 17 फरवरी (एजेंसियां)। मेजर शरीफ भोंसले भारतीय सेना का वह अफसर जो एक रहस्यमय शख्सियत बनकर उभरा। न केवल युद्धक्षेत्र में उनके वीरतापूर्ण कार्यों के कारण, बल्कि 2014 में उनके रहस्यमय ढंग से लापता होने की वजह से भी। महाराष्ट्र के पुणे में जन्मे शरीफ भोंसले ने अनुशासन और रोमांच से भरपूर करियर बनाया। एक दिन वह अचानक लापता हो गए। आज तक यह एक रहस्य ही है कि शरीफ भोंसले कहां, कैसे और क्यों अचानक गायब हो गए। हालांकि अब 10 साल बाद उन्हें बर्खास्त करने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

2009 में एनडीए से पासआउट होने के बाद उन्हें बेंगलुरु स्थित प्रतिष्ठित 2 पैरा (विशेष बल) रेजिमेंट में कमीशन मिला। यह भारतीय सेना की पैराशूट रेजिमेंट का हिस्सा है। यह विशेष यूनिट अपने हवाई अभियानों, आतंकवाद-विरोधी भूमिकाओं और उच्च जोखिम वाले मिशनों के लिए प्रसिद्ध है। यह अक्सर जम्मू और कश्मीर या भारत की सीमाओं जैसे चुनौतीपूर्ण इलाकों में तैनात किए जाते हैं।

**सेना के नियमों के तहत एक्शन**

बार-बार प्रयास करने के बावजूद एक दशक से अधिक समय तक लापता रहने के बाद, सेना ने मौजूदा नियमों के तहत उन्हें सेवा से हटाने की औपचारिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि यह कदम लंबे समय तक बिना अनुमति के अनुपस्थिति और वर्षों से संपर्क न करने पर आधारित है।

**जून 2014 को छुट्टी पर गए**

मेजर शरीफ भोंसले स्पेशल फोर्सेज अधिकारी थे और तत्कालीन अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल के सहायक (एडीसी) के रूप में कार्यरत थे। घटनाक्रम 23 जून, 2014 को शुरू हुआ। शरीफ भोंसले ने छुट्टी ली। उन्हें 18 अगस्त को वापस लौटना था।

### परिवार से भी संपर्क नहीं, सोशल मीडिया डीएक्टिवेट

अगस्त के मध्य तक, जब भोंसले इटानगर स्थित राज्यपाल कार्यालय में वापस नहीं लौटे, तो चिंता बढ़ गई। पुणे में स्थित उनके परिवार ने उनसे कोई संपर्क न होने की सूचना दी। 15 अगस्त को आखिरी बार अपडेट किए गए उनके सोशल मीडिया अकाउंट भी डीएक्टिवेट हो गए। भारतीय सेना ने अपने मुख्यालय के माध्यम से जांच शुरू की और मैड्रिड और ओस्लो स्थित दूतावासों से संपर्क किया।

ओस्लो स्थित दूतावास ने चांसरी प्रमुख के.एन. चारी के माध्यम से स्थानीय सहायता मांगी, जिसमें बेस जंपिंग समुदायों से भी मदद ली गई। भोंसले के पासपोर्ट का विवरण (नंबर G 8620998, पुणे में 6 मई, 2008 को जारी) प्रसारित किया गया।

एक सामान्य छुट्टी थी लेकिन बिना अनुमति उन्होंने साहसिक खेलों पर केंद्रित एक अंतरराष्ट्रीय यात्रा की। उच्च-एड्रेनालाईन वाली गतिविधियों में उनकी भागीदारी से यह स्पष्ट था कि उन्हें इन खेलों का शौक था।

**जुलाई में पैरिस और वहां से नार्वे**

शरीफ भोंसले 1 जुलाई को पेरिस के लिए रवाना हुए, फिर छह दिवसीय अंतरराष्ट्रीय पैरा-जंपिंग महोत्सव के लिए स्पेन गए। वहां से, वे नॉर्वे गए, जहां उन्होंने बेस जंपिंग में भाग लिया। इसमें चट्टानों या पुलों जैसी स्थिर संरचनाओं से पैराशूट का उपयोग करके छलांग लगाई जाती है। उनकी अंतिम पुष्ट गतिविधियां 18 से 27 जुलाई के बीच लाइसेबोटन में थीं, और 21 अगस्त को रोम्सडाल में एक कार्यक्रम में उनकी संभावित भागीदारी थी। महत्वपूर्ण बात यह है कि भोंसले ने विदेश यात्रा के लिए सैन्य खुफिया निदेशालय से अनिवार्य मंजूरी प्राप्त नहीं की थी, जो सभी सेवारत अधिकारियों, विशेष रूप से संवेदनशील भूमिकाओं में तैनात अधिकारियों के लिए आवश्यक है। इस चूक को बाद में एक प्रमुख प्रक्रियात्मक विफलता के रूप में उजागर किया गया। मेजर भोंसले 2009 में भारतीय सेना में कमीशन प्राप्त हुए थे। सूत्रों की मानें तो आखिरी बार शरीफ को एक अंतरराष्ट्रीय पैरा-जंपिंग प्रतियोगिता में देखा गया था, जो स्पेन में हुई थी। सूत्रों के अनुसार, उन्होंने कथित तौर पर सैन्य खुफिया (एमआई) से अनिवार्य अनुमति प्राप्त नहीं की थी, जो विदेश यात्रा से पहले सभी सेवारत अधिकारियों के लिए आवश्यक है।

# भारत ने ईरान से जुड़े 3 संदिग्ध तेल टैंकर जब्त किये

> पहचान छिपाने के लिए नाम-झंडा बदला
> ईरान बोला-जहाजों से हमारा कोई संबंध नहीं

नई दिल्ली/मुंबई, 17 फरवरी (एजेंसियां)। भारत ने इस महीने मुंबई तट के पास तीन तेल टैंकर जब्त किए हैं। इंडिया टुडे और रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इन जहाजों के आईएमओ नंबर अमेरिका द्वारा प्रतिबंधित जहाजों से मेल खाते हैं और इनका ईरान से संबंध होने का शक है। हालांकि, ईरान की नेशनल ईरानियन ऑयल कंपनी (एनआईओसी) ने इन जहाजों से किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया है।

सूत्रों के मुताबिक इन जहानों के नाम स्टेलर रूबी, अस्फाल्ट स्टार और अल जफजिआ हैं। इन्हें मुंबई तट से लगभग 100 नॉटिकल माइल्स पश्चिम में संदिग्ध गतिविधियों के बाद रोका गया था। बाद में जांच के लिए मुंबई पोर्ट लाया गया है। बताया गया है कि ये जहाज पहचान छिपाने के लिए बार-बार अपना नाम, झंडा और अन्य पहचान बदल रहे थे। इन जहाजों की मालिक विदेशी कंपनियां हैं। भारतीय अधिकारियों ने इस कार्रवाई की जानकारी 6 फरवरी को एक्स पर दी थी, लेकिन बाद में वह पोस्ट हटा दी गई।

**इंडियन कोस्ट गार्ड ने निगरानी बढ़ाई**



सूत्रों के अनुसार इस घटना के बाद इंडियन कोस्ट गार्ड ने निगरानी और सख्त कर दी है। 24 घंटे भारत के समुद्री क्षेत्र में निगरानी कर रहे हैं। इसके लिए करीब 55 जहाज और 10-12 विमान तैनात किए गए हैं। शिपिंग डेटा से जुड़े सूत्रों के मुताबिक अल जफजिआ ने 2025 में ईरान से जिबूती तक फ्यूल ऑयल पहुंचाया था। स्टेलार रूबी ने ईरान के झंडे के तहत रजिस्टर्ड रहा है। वहीं, अस्फाल्ट स्टार मुख्य रूप से चीन के आसपास के समुद्री रास्तों पर एक्टिव रहा है।

**अमेरिका ने पहले ही इन जहाजों पर लगाए थे प्रतिबंध**

अमेरिका के ट्रेजरी विभाग के ऑफिस ऑफ फोरेन असेस्ट्स कंट्रोल (ओएफएसी) ने पिछले साल ग्लोबल पीस, चिल 1 और ग्लोरी स्टार 1 नाम के जहाजों पर बैन लगाया था। उनके आईएमओ नंबर मुंबई में जब्त जहाजों से मेल खाते हैं। इस कारण इन जहाजों के प्रतिबंधों का उल्लंघन कर तेल व्यापार में शामिल होने की आशंका है।

**प्रतिबंधित तेल व्यापार कैसे होता है**

प्रतिबंधित तेल आम तौर पर कम कीमत पर बेचा जाता है, क्योंकि इसमें कानूनी जोखिम ज्यादा होता है। इसे छिपाने के लिए बिचौलिये अक्सर फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करते हैं। जहाजों की पहचान बदलते हैं, समुद्र में ही जहाज-से-जहाज ट्रांसफर करते हैं, मालिकों के नाम बदलते हैं।

# 'रईसजादे की रील की मस्ती ने मेरा बेटा छीन लिया'

**दिल्ली में हिट-एंड-रन केस में पीड़ित की मां बोलीं- नाबालिग पर 13 ओवर स्पीडिंग चालान हैं**



नई दिल्ली, 17 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली में 3 फरवरी को द्वारका इलाके में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक सवार को टक्कर मारी थी। घटना में साहिल धनेशरा (23) की मौत हुई थी। हिट एंड रन के इस केस में नाबालिग को जमानत मिल चुकी है। अब साहिल की मां इन्ना माकन का वीडियो सामने आया है। इसमें उन्होंने बेटे के लिए न्याय की मांग की है। उन्होंने कहा है कि रईसजादे की 'मस्ती' के कारण मेरे बेटे की जान चली गई।

उन्होंने कहा, 'कुछ लोगों को लगता है कि माता-पिता की दौलत उन्हें सड़क पर कुछ भी करने का लाइसेंस देती है। उनके रील के चक्कर में मेरा बच्चा चला गया।' इन्ना ने दावा किया कि नाबालिग कार ड्राइवर पर पहले से ही यूपी में ओवरस्पीडिंग के कई चालान कटे हुए थे। इसके बावजूद उसके पिता ने उसे बिना लाइसेंस गाड़ी चलाने से नहीं रोका। उन्होंने कहा कि मेरा बेटा ऑफिस जा रहा था। स्कॉर्पियो चला रहा लड़का अपनी बहन के साथ रील बना रहा था। रील में साफ दिख रहा है कि गाड़ी कितनी तेज थी।

# हिमंता बोले-गोगोई का केस सबूत समेत केंद्र को भेजा

## कांग्रेस सांसद ने पाकिस्तान की यात्रा की, उनकी पत्नी ने भारत की जानकारी शेयर की

गुवाहाटी, 17 फरवरी (एजेंसियां)। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा है कि कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई से जुड़े कथित पाकिस्तान लिंक के मामले की जांच अब केंद्र सरकार करेगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने इस मामले से जुड़े सभी सबूत केंद्र को सौंप दिए हैं और अब केंद्रीय एजेंसी इसकी जांच करेगी। मुख्यमंत्री सरमा ने आरोप लगाया कि गौरव गोगोई और उनकी पत्नी का पाकिस्तान से जुड़े कुछ लोगों से संबंध रहा है और यह एक बड़े नेटवर्क का हिस्सा हो सकता है। उन्होंने दावा किया कि गोगोई ने पाकिस्तान की यात्रा की और वहां के कुछ लोगों से संपर्क रखा।

असम सीएम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। आरोप लगाया था कि कांग्रेस सांसद गौरव और उनकी पत्नी एलिजाबेथ, पाकिस्तानी एजेंट अली तौकीर शेख के बहुत करीब हैं। एक पाकिस्तानी फर्म ने गौरव की पत्नी को नौकरी दी, फिर उन्हें भारत ट्रांसफर कर दिया। एलिजाबेथ भारत से जुड़ी कई जानकारियां इकट्ठा करती थीं और पाकिस्तानी नागरिक अली शेख को रिपोर्ट देती थीं। अली तौकीर शेख एलिजाबेथ को इस काम के लिए सैलरी देता था। हिमंता ने यह भी दावा किया कि अली तौकीर 2010 से 2013 के बीच 13 बार भारत आया था। उसका मकसद दुनिया में भारत विरोधी नैरेटिव तैयार करना था। सरमा ने यह भी आरोप लगाया कि गौरव गोगोई ने कथित तौर पर संवेदनशील संसदीय जानकारी साझा की, पाकिस्तान की यात्रा की और यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के नाम पर पाकिस्तानी अधिकारियों से संपर्क बनाए रखा। हालांकि, इन आरोपों की अभी किसी केंद्रीय एजेंसी ने आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। जांच पूरी होने के बाद ही सच्चाई सामने आएगी।



**हिमंता ने असम में 4 हजार एकड़ जमीन कैसे हासिल की**

असम सीएम की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर गौरव गोगोई ने कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा ने मीडिया के सामने मंच पर खुद को शर्मिंदा किया। असम में कोई उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लेता। असम कांग्रेस अध्यक्ष ने सवाल उठाया कि हिमंता परिवार ने कथित तौर पर पूरे असम में 4,000 एकड़ जमीन कैसे हासिल की। उन्होंने कहा कि राज्य में भविष्य की कांग्रेस सरकार ऐसी जमीनों को गरीबों में बांट देगी।

## चार बेटियों की मां ने 5वीं बेटी का किया सौदा, 2.10 लाख रुपये में बेचा, गिरफ्तार

चंडीगढ़, 17 फरवरी (एजेंसियां)। पंजाब के लुधियाना से ममता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां सोमवार को पुलिस ने एक महिला को कथित तौर पर निःसंतान दंपति को 'अनचाहा' नवजात बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोप है कि महिला जो पहले से चार बेटियों की मां है ने पांचवी बार भी बेटी होने पर उसे 2.10 लाख रुपये में बेच दिया। पुलिस ने कहा कि ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि वो उसकी परवरिश नहीं करना चाहती थी। महिला के साथ ही पुलिस ने मोगा की रहने वाली निःसंतान महिला को भी गिरफ्तार किया है जो बच्चे को खरीदने को राजी हो गई। एडिशनल डीसीपी समीर वर्मा ने बताया कि इन दोनों के अलावा लुधियाना की महिला के तीन अन्य साथियों के साथ, जिन्होंने इस सौदे पर "बातचीत" की थी, जिसमें एक बीएएमएस डॉक्टर भी शामिल है को गिरफ्तार किया गया है।

# चुनाव से पहले सिद्धू दंपती की घर वापसी की जमीन तैयार करने में जुटा भाजपा नेतृत्व, विरोध में कई नेता

नई दिल्ली, 17 फरवरी (एजेंसियां)। पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा सिद्धू दंपती की घर वापसी की जमीन तैयार करने में जुटी है। नवजोत सिंह सिद्धू और नवजोत कौर को वापस लाने के लिए रोडमैप करीब-करीब तैयार किया जा चुका है। शीर्ष नेतृत्व जल्द ही पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंद सिंह, पूर्व मंत्री मनोरंजन कालिया जैसे सिद्धू विरोधी पार्टी नेताओं से बात करेगा।



सूत्र ने बताया कि फिलहाल इस संबंध में प्रारंभिक बातचीत हुई है। कांग्रेस से पत्नी के निष्कासन के बाद सिद्धू फिलहाल कांग्रेस में हैं मगर यह दंपती लगातार कांग्रेस और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पर निशाना साधने के साथ प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ कर रहा है। सूत्र का कहना है कि इस संबंध में इसी महीने के अंत तक अंतिम फैसला हो सकता है।

भाजपा की राज्य इकाई के कई नेता सिद्धू परिवार की घर वापसी के पक्ष में नहीं हैं। कैप्टन अमरिंदर से सिद्धू की अदावत कांग्रेस के समय से ही जारी है, जबकि कालिया समेत पार्टी के कुछ पुराने नेता भी नहीं चाहते सिद्धू की वापसी हो। इस संबंध में सूत्र ने कहा कि चूंकि अमरिंदर, रवनीत सिंह बिट्टू को लोकसभा चुनाव से पूर्व भाजपा में शामिल करने से भी पार्टी को कोई लाभ नहीं हुआ। ऐसे में इनके विरोध का बहुत ज्यादा असर नहीं पड़ेगा।

## लड़कियों से छेड़छाड़ और पथराव को लेकर दो समुदायों में तनाव, भारी पुलिस बल तैनात

चिक्कमगलुरु, 17 फरवरी (एजेंसियां)। चिक्कमगलुरु के विजयपुरा इलाके में सोमवार देर रात पत्थरबाजी की घटना हुई। इसके बाद तनाव फैल गया, जिससे दो समुदायों के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया। वहीं, भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोप सामने आए हैं कि एक समुदाय के कुछ युवकों ने पिछले सप्ताह घरों पर पत्थर फेंके। इसके साथ ही पिछले तीन दिनों से लड़कियों को परेशान किया, जिससे स्थानीय निवासियों में आक्रोश फैल गया।

**दो युवकों को एक संगठन के कार्यकर्ताओं ने पकड़ लिया**

पुलिस सूत्रों के अनुसार, संदिग्ध तरीके से घूम रहे दो युवकों को एक संगठन के कार्यकर्ताओं ने पकड़ लिया। उनकी पिटाई की और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। इसके तुरंत बाद, दोनों समुदायों के सैकड़ों युवक बसवनहल्ली पुलिस स्टेशन और सरकारी अस्पताल के सामने जमा हो गए, जिससे तनावपूर्ण माहौल बन गया। जहां एक समूह ने दावा किया कि वे पत्थरबाजी में शामिल नहीं थे।

## आईआईटी रुड़की के छात्र का शव छह दिन बाद गंगनहर से बरामद

रुड़की, 17 फरवरी (एजेंसियां)। आईआईटी रुड़की के एमबीए छात्र का शव छह दिन बाद गंगनहर से बरामद हुआ है। विगत 11 फरवरी की शाम आईआईटी रुड़की आशीष शुक्ला अपने दोस्तों के साथ गंगनहर के पास घूमने आया था। जहां पर अचानक ही उसका पैर फिसल गया और वह गंगनहर में डूब कर लापता हो गया था। उसके डूबने का एक दर्दनाक वीडियो सामने आया था। घटना के बाद पुलिस और जल पुलिस के द्वारा गगनहर में सर्चिंग अभियान चलाकर आशीष शुक्ला की तलाश की जा रही थी। आशीष शुक्ला उत्तर प्रदेश के बलिया का रहने वाला था।

डिप्टी मैनेजर महक हत्याकांड

# बयान बदलने से फंसा सीए और खुल गया कत्ल का चिट्ठा, इसीलिए चुना था झज्जर का रास्ता




बहादुरगढ़, 17 फरवरी (एजेंसियां)। हरियाणा के बहादुरगढ़ में हुई बैंक में डिप्टी मैनेजर महक की हत्या की गुत्थी को झज्जर पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस जिसे 'लूट' के बाद हत्या का मामला समझ रही थी, वह सीए पति की झूठी कहानी निकली। दरअसल, बहादुरगढ़ में बैंक खातों में करोड़ों के लेनदेन का हिसाब-किताब संभालने वाला चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) अंशुल धवन पत्नी महक कथूरिया की हत्या के बाद बार-बार अपना बयान बदल रहा था। घटनास्थल पर मिले सर्जिकल ग्लव्ज ने पुलिस का शक और बढ़ा दिया। जब सख्ती से पूछताछ की गई तो अंशुल ने कत्ल की पूरी कहानी बयां कर दी। अंशुल ने पहले पुलिस को बताया कि लुटेरों ने उसकी गाड़ी को ओवरटेक कर रुकवाया फिर लूटपाट के बाद पत्नी महक की हत्या कर दी। इसके बाद उसने बयान दिया कि लुटेरे महक को अगवा कर ले गए फिर हत्या कर रजबहे में शव फेंक दिया। इसके बाद पुलिस ने अंशुल को हिरासत में ले लिया।

**बहन श्रुति बोली-पूरी प्लानिंग से की हत्या**

इधर, वारदात के बाद घटनास्थल पर पहुंची महक की बहन श्रुति ने अंशुल पर प्लानिंग के तहत हत्या का आरोप लगाया। कहा, इस रास्ते से वह कभी गुरुग्राम नहीं जाते थे। अंशुल को महक की हत्या करनी थी इसीलिए कल रात उसने यह रास्ता चुना। श्रुति ने कहा, एक सीए को सर्जिक्ल ग्लव्ज की जरूरत क्यों पड़ती है? उसने गाड़ी में कैंची क्यों रखी थी।

# उत्तराखंड के तीर्थों में मुस्लिम-ईसाइयों के लिए 'नो एंट्री'

## हर की पैड़ी से शुरुआत, चारधाम कमेटी ने तैयार किया प्रस्ताव, सरकार भी राजी

हरिद्वार, 17 फरवरी (एजेंसियां)। हरिद्वार में गंगा घाट पर जगह-जगह बोर्ड लगा दिए गए। लिखा था-'हर की पैड़ी पर गैर हिंदुओं का प्रवेश वर्जित है।' बोर्ड पर किसी संस्था का नाम नहीं है। नीचे सिर्फ इतना लिखा है कि आज्ञा से म्युनिसिपल एक्ट हरिद्वार। इसके बाद से उत्तराखंड में केदारनाथ, बद्रीनाथ समेत 47 तीर्थस्थलों पर गैर हिंदुओं की एंट्री बैन करने की मांग ने जोर पकड़ लिया। इसके लिए प्रस्ताव लाया जा रहा है। हर की पैड़ी का जिम्मा संभालने वाली श्री गंगा सभा ने गंगा घाटों पर बोर्ड लगाकर इसकी शुरुआत कर दी। चारधामों में भी जल्द ही ऐसे बोर्ड नजर आने वाले हैं।

चारधाम बोर्ड या कमेटियां ही नहीं, सरकार ने भी रुख साफ कर दिया है। सीएम पुष्कर धामी ने कहा है कि चारधामों की कमेटियां, संत समाज और तीर्थस्थलों के लिए जिम्मेदार लोग जो कहेंगे, हम वही करेंगे। इसके लिए 1916 के हरिद्वार म्युनिसिपल एक्ट/बायलॉज पर स्टडी भी हो रही है। सवाल है कि हिंदुओं के तीर्थस्थलों पर क्या गैर हिंदू जाते हैं या इनसे कितने गैर हिंदुओं की रोजी-रोटी जुड़ी है। दैनिक भास्कर की टीम ने इन सवालों के जवाब, बैन की मांग की वजह और जरूरत समझने के लिए गंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम और बद्रीनाथ केदारनाथ कमेटी के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी से बात की।

**'बैन न लगाते तो क्या देवताओं की धरती को इस्लाम का घर बनते देखते'**

हरिद्वार के सभी तीर्थस्थलों पर गैर हिंदुओं की एंट्री पर रोक लगाने की मांग की जा रही है। हर की पैड़ी में बोर्ड भी लग चुका है। अब बाकी जगहों की धार्मिक समितियां भी औपचारिक तौर पर जल्द इसकी घोषणा करने वाली हैं। हमने हरिद्वार की सबसे पुरानी धार्मिक संस्था और हर की पैड़ी का जिम्मा संभालने वाली संस्था श्री गंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम से पूछा कि बैन लगाने की मांग की जरूरत क्यों पड़ी? नितिन कहते हैं, 'ये नई मांग नहीं है। ये उस कानून की बात है, जो यहीं के लिए बना था। वो लागू भी है, बस उसका पालन नहीं हो रहा। हम उस कानून के तहत हिंदुओं के तीर्थस्थल पर गैर हिंदुओं का बैन चाहते हैं। हर की पैड़ी में ये हो चुका है। अब बाकी जगहों पर भी होगा।' नितिन गौतम आगे कहते हैं, 'सबसे बड़ा खतरा कौन हैं, ये सब जानते हैं। कुरान में लिखा है- पहले दारुल अमन करें, फिर दारुल हरम और फिर दारुल इस्लाम। यानी जहां ये कम्युनिटी (मुस्लिम) बहुत कम संख्या में हो, वहां भाईचारे की बात करें, गंगा जमुनी तहजीब दिखाएं। आबादी बढ़ जाए तो दारुल हरम यानी दंगा-फसाद करें।' 'इसके बाद आखिरी मकसद दारुल इस्लाम पूरा करें। यानी उस जगह-जमीन को इस्लाम का घर बनाएं। हरिद्वार ही नहीं, उत्तराखंड में जहां देखिए, वहीं मुस्लिम दंगे-फसाद कर रहे हैं। ये दारुल हरम की पोजीशन तक पहुंच गए हैं।'




**दावा-मुस्लिमों के कारण हरिद्वार में अपराध बढ़े**

इस मांग पर सरकार का रुख क्या है? नितिन गौतम बताते हैं, 'सीएम पुष्कर धामी का बयान आपने सुना होगा। उन्होंने कहा कि संत समाज और तीर्थस्थलों से जुड़ी कमेटियां इन मामलों में फैसला लेंगी। सरकार की टीम 1916 के हरिद्वार म्युनिसिपल एक्ट या बाइलॉज की गंभीरता से स्टडी कर रही है।' क्या गैर हिंदू भी हिंदुओं के तीर्थस्थलों पर आते हैं? 'वे तीर्थयात्री बनकर तो नहीं आते, लेकिन पैसा कमाने तो आते हैं। हर की पैड़ी या मंदिरों के आसपास चाय की दुकानें, सैलून और फलों की दुकानें इन्हीं की होती हैं। ये अस्थायी ठिकाना तो बनाते ही हैं।' 'पिछले कुछ साल में हरिद्वार में इनकी वजह से अचानक वारदात बढ़ गई हैं। अगर इन्हें नहीं रोका गया तो ये लोग इसे इस्लाम का घर यानी दारुल इस्लाम बनाकर ही छोड़ेंगे, इसीलिए ये जरूरी है।'

# बीएमसी ने आदित्य धर की प्रोडक्शन कंपनी को ब्लैकलिस्ट किया, 1 लाख जुर्माना

## मुश्किल में फंसी 'धुरंधर 2'..



'धुरंधर' की ब्लॉकबस्टर सफलता और 'धुरंधर 2: द रिवेंज' की रिलीज से पहले डायरेक्टर आदित्य धर को बड़ा झटका लगा है। बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने आदित्य धर की प्रोडक्शन कंपनी 'B62 प्रोडक्शंस' को ब्लैकलिस्ट करने का फैसला किया है। यह फैसला सीधे तौर पर रणवीर सिंह की सीक्वल फिल्म से जुड़ा है, जो 19 मार्च 2026 को रिलीज होने वाली है। मेकर्स पर हाल ही मुंबई में 'धुरंधर 2: द रिवेंज' की शूटिंग के दौरान कई नियम तोड़ते हुए पाया गया। इस बाबत बार-बार सेट पर नियम तोड़ने को लेकर चेतावनी जारी की गई थी। लेकिन अब प्रोडक्शन कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। बीएमसी को शुरू में एक स्थानीय नागरिक ने शकियत दी थी। इसमें 'धुरंधर 2' क शूटिंग के दौरान फायर टॉर्च के इस्तेमाल के बारे में शिकायत की गई थी। सिविक बॉडी के मुताबिक, 'धुरंधर 2: द रिवेंज' की टीम को शूटिंग पूरी होने तक फायर टॉर्च का इस्तेमाल न करने के लिए शूटिंग साइट पर ही 'मौखकि चेतावनी' दी गई थी। बाद में पुलिस ने लोकेशन से पांच फायर टॉर्च जब्त कीं। इस घटना के बाद, बीएमसी के A-वॉर्ड मेंटेनेंस स्टाफ ने शनिवार को डिप्टी म्युनिसिपल कमिश्नर (जोन 1) को एक प्रपोजल नोट तैयार करके दिया, जिसमें ऑनलाइन परमिशन प्लेटफॉर्म पर सिक्योरिटी डिपॉजिट को जब्त करने, नियमों के उल्लंघन पर 1 लाख रुपये जुर्माना लगाने, जैसी सिफारिश की गई थी।

### सक्यिोरिटी डिपॉजटि भी जब्त

डिप्टी म्युनिसिपल कमिश्नर ने अपने प्रपोजल नोट में कहा है कि ऑनलाइन परमिशन प्लेटफॉर्म पर जमा 25,000 रुपये की सिक्योरिटी डिपॉजिट को जब्त कर लिया जाए। एप्लीकेंट्स कोमल पोखरियाल और नासिर खान को ब्लैकलिस्ट किया गया है, जिन्होंने शूटिंग के दौरान आग का इस्तेमाल न करने का अंडरटेकिंग साइन की थी। साथ ही एप्लीकेंट्स के संबंध में B62 प्रोडक्शंस को भी ब्लैकलिस्ट किया गया है।

### कानूनी वचन पत्र का उल्लंघन करने पर 1 लाख रुपये का जुर्माना

इसके अलावा, अंडरटेकिंग (कानूनी वचन पत्र) का उल्लंघन करने पर 1 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। नोट में आगे कहा गया है कि 'प्रोडक्शन हाउस को महाराष्ट्र फिल्म सिटी की ऑनलाइन फैसिलिटी पर अप्लाई करने से ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा, और उल्लंघन के लिए 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।'

# साउथ एक्ट्रेस प्रियामणि को मिला इंटरनेशनल प्रोजेक्ट इंडो-हॉलीवुड फिल्म में साथ दिखेगे मोहित रैना



प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड से निकलकर हॉलीवुड में एक अलग मुकाम बनाया है। साथ ही बाकी भारतीय कलाकारों के लिए भी राह खोली है। प्रियंका की राह पर चलते हुए साउथ एक्ट्रेस प्रियामणि भी अब एक इंडो-हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बन रही हैं। इसमें उनके साथ टीवी पर 'महादेव' का किरदार निभाने वाला एक चर्चित एक्टर नजर आएगा।

### क्या होगी फिल्म की कहानी?

यह फिल्म हर्ष महादेश्वर द्वारा लिखी गई। वही इसका डायरेक्ट करेंगे। अभी तक फिल्म का टाइटल नहीं रखा गया है। यह एक फीचर फिल्म होगी, जिसकी कहानी सच्ची कहानी पर आधारित है। इसमें एक अप्रवासी परिवार की भावुक कहानी दिखाई जाएगी। यह प्रोजेक्ट अप्रैल 2026 में शुरू होगा।

### मोहित रैना होंगे प्रियामणि के अपोजिट

इस फिल्म में प्रियामण के अपोजिट टीवी के चर्चित एक्टर मोहित रैना नजर आएंगे। वह बॉलीवुड फिल्मों और सीरीज में भी दमदार किरदार निभा चुके हैं। लेकिन टीवी सीरियल 'देवों के देव महादेव' में उन्होंने भगवान शिव की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म का हिस्सा बनने पर मोहित रैना कहते हैं, 'यह प्रोजेक्ट मेरे दिल के बहुत करीब है क्योंकि यह पहचान और अपनेपन को बहुत ईमानदारी से दिखाता है।' वहीं प्रियामणि ने कहा, 'जिस चीज ने मुझे तुरंत इस फिल्म की तरफ खींचा, वह थी कहानी का इमोशन और सच्चाई।'

यूएस बेस्ड रेड बाइसन प्रोडक्शंस ने इस क्रॉस बॉर्डर फीचर फिल्म के लिए मुंबई के एज्योर एंटरटेनमेंट के साथ पार्टनरशिप की है।



# सलीम खान की तबियत बिगड़ने पर हस्पताल में सुबह कराया गया भर्ती



सलमान खान के पिता और दिग्गज स्क्रिप्ट राइटर सलीम खान की मंगलवार को अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों की निगरानी में आईसीयू में उनका उपचार चल रहा है। लीलावती अस्पताल में सीनियर पल्मोनोलॉजिस्ट और चेस्ट मेडिसिन के कंसल्टेंट डॉ. जलील पार्कर ने सलीम खान की सेहत को लेकर अपडेट दिया है।

डॉ. जलील पार्कर ने बताया, 'सलीम खान को सुबह 8.30 बजे लीलावती हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। उन्हें उनके फैमिली डॉक्टर, डॉ. संदीप चोपड़ा इमरजेंसी में लाए थे। सलीम खान को पहली मंजिल पर इंटेंसिव केयर में शिफ्ट कर दिया गया। डॉ. विनय चव्हाण (न्यूरोलॉजिस्ट), डॉ. अजीत मेनन (कार्डियोलॉजिस्ट), डॉ. नितिन डांगे (न्यूरोसर्जन) और डॉ. बिनीत अहलूवालिया सहित डॉक्टरों की एक टीम ने उनका इलाज किया।

### चिंतित दिखे सलमान

पिता सलीम खान की तबियत बिगड़ने की खबर सुनते ही सलमान खान तुरंत लीलावती अस्पताल पहुंचे। हॉस्पिटल से सलमान खान का वीडियो सामने आया है। इसमें सलमान का चेहरा उतरा हुआ नजर आ रहा है और वो काफी चिंतित दिखाई पड़ रहे हैं। इसके बाद फैंस सलीम खान के स्वास्थ्य को लेकर और भी चिंतित हैं। सलमान खान के चारोंओर भारी सुरक्षा भी दिखाई दे। उन्होंने काले रंग की टी-शर्ट और पैंट पहनी हुई है।

### कल प्रेस बुलेटिन में दिया जाएगा हेल्थ अपडेट

डॉ. पार्कर ने कहा कि रिश्तेदारों की रिक्वेस्ट का सम्मान करते हुए सलीम खान की सेहत से संबंधित आज और जानकारी शेयर नहीं की जा रही है। हालांकि, कल सुबह 11 बजे हम रिश्तेदारों की सहमति से और सलीम खान की निजता को पूरी तरह बनाए रखते हुए एक प्रेस बुलेटिन देंगे। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है, लेकिन उनके क्लिनिकल स्टेटस के संबंध में उन पर कड़ी नजर रखी जा रही है'।

# प्रत्युषा मृत्यु प्रकरण: दोषी की याचिका खारिज चार सप्ताह में आत्मसमर्पण का निर्देश



उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को तेलुगु अभिनेत्री प्रत्युषा की वर्ष 2002 में हुई मृत्यु के मामले में दोषसिद्ध व्यक्ति की याचिका खारिज कर दी और उसे चार सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने मामले में गला घोंटने तथा दुष्कर्म की संभावना से इनकार करते हुए अभिनेत्री की मां पी. सरोजिनी देवी द्वारा दायर वह याचिका भी खारिज कर दी, जिसमें मृत्यु में साजिश का आरोप लगाया गया था।

पीठ ने अपने आदेश में कहा, "गला घोंटकर हत्या किए जाने की संभावना से इनकार किया जाता है। प्रत्यक्षदर्शी और चिकित्सकीय साक्ष्यों से स्पष्ट है कि मृत्यु विषाक्त पदार्थ के सेवन से हुई। अपीलकर्ता अभियुक्त के विरुद्ध दुष्कर्म का आरोप सिद्ध नहीं होता। विलंबित अवस्था में यह कहना कठिन है कि मृत्यु का कारण दुष्कर्म और गला घोंटना था।" प्रत्युषा का निधन 24 फरवरी, 2002 को हैदराबाद में हुआ था।

वर्ष 2011 में आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने जी. सिद्धार्थ रेड्डी की सजा को पांच वर्ष से घटाकर दो वर्ष कर दिया था। वर्ष 2004 में निचली अदालत ने उन्हें आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध में पांच वर्ष के कारावास और पांच हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई थी। इसके अतिरिक्त आत्महत्या का प्रयास करने के आरोप में एक वर्ष के अतिरिक्त कारावास और एक हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया था। रिमांड प्रतिवेदन के अनुसार, रेड्डी और प्रत्युषा पिछले छह वर्षों से परस्पर संबंध में थे। प्रत्युषा की मां को यह संबंध स्वीकार था, किंतु रेड्डी की मां इसके विरोध में थीं, जिसके चलते दोनों ने आत्महत्या करने का निर्णय लिया।

23 फरवरी 2002 को दोनों कार से निकले, कीटनाशक खरीदा और उसे शीतल पेय में मिलाकर सेवन कर लिया। बाद में उन्होंने अपना निर्णय बदल दिया और उपचार के लिए हैदराबाद स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचे। चिकित्सकीय प्रयासों के बावजूद प्रत्युषा को बचाया नहीं जा सका, जबकि रेड्डी जीवित बच गया।

# कमल हासन की फिल्म में नए अंदाज में नजर आए शिवकार्तिकेयन

आज अभिनेता शिवकार्तिकेयन के 41वें जन्मदिन पर निर्माताओं ने फिल्म 'सेयोन' का टीजर रिलीज कर दिया है। इस फिल्म के निर्देशक शिवकुमार मुरुगेसन हैं और फिल्म का निर्माण कमल हासन ने किया है।

### शिवकार्तिकेयन के जन्मदिन पर रिलीज हुआ फिल्म का टीजर

आज शिवकार्तिकेयन का 41वां जन्मदिन है। इस खुशी के मौके पर निर्माताओं ने उनकी नई फिल्म 'सेयोन' का पहला टीजर रिलीज किया है। यह टीजर काफी दमदार है और शिवकार्तिकेयन के फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। टीजर में शिवकार्तिकेयन एक बहुत ताकतवर और लगभग भगवान जैसे किरदार में नजर आ रहे हैं, जिसे लोग भगवान विरुमंडी कहकर बुलाते हैं।

### क्या है 'सेयोन' की कहानी

कहानी एक गांव के मंदिर उत्सव (मासी कलारी) के दौरान शुरू होती है, जहां पुलिस एक झगड़े की जांच कर रही है। लोग एक रहस्यमयी व्यक्ति के बारे में बात करते हैं। जब शिवकार्तिकेयन का किरदार थाने पहुंचता है, तो लोग उनके पैर छूते हैं और बहुत सम्मान से स्वागत करते हैं। एक पुलिस इंस्पेक्टर कहता है, 'ये भगवान विरुमंडी हैं।' एक बुजुर्ग महिला चिल्लाती है, 'ओजी वापस आ गया है'। इसके



बाद एक झड़प होती है, जिसमें उनका किरदार किसी से हाथापाई करता है। देखते ही देखते यह पूरा सीन जोरदार एक्शन में बदल जाता है।

### 'सेयोन' के निर्माता हैं कमल हासन

फिल्म का नाम 'सेयोन' है और इसमें विरुमंडी का जिक्र कमल हासन की पुरानी फिल्म 'विरुमंडी' (2004) से जोड़ा गया है, जिसमें उन्होंने मुख्य भूमिका निभाई थी। टीजर में एक व्यक्ति बताता है कि शिवकार्तिकेयन का किरदार पहले सेना में था और बाद में गांव के संघर्ष में शामिल हो गया। यह फिल्म शिवकार्तिकेयन और निर्देशक शिवकुमार मुरुगेसन की साथ में पहली फिल्म है। कमल हासन की कंपनी राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल इसे बना रही है। फिल्म में संगीत संतोष नारायणन का है। यह फिल्म अक्तूबर 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# 'स्टार को बीमा पॉलिसी समझते हैं मेकर्स', मोना सिंह बोलीं- मेरे नाम पर कोई 100 करोड़ की फिल्म नहीं बनाएगा

टीवी की जस्सी के नाम से मशहूर अभिनेत्री मोना सिंह अब इंडस्ट्री की सबसे बिजी अभिनेत्रियों में से एक हैं। वो फिल्मों के साथ-साथ वेब सीरीज में भी लगातार काम कर रही हैं। हाल ही में मोना सिंह नेटफ्लिक्स की सीरीज 'कोहरा' के दूसरे सीजन में नजर आई हैं। लगातार फिल्मों और सीरीज में अहम भूमिकाएं निभाने के बावजूद मोना सिंह का कहना है कि प्रोड्यूसर्स उनके नाम पर 100 करोड़ रुपए के बजट की फिल्म बनाने का जोखिम नहीं उठाना चाहते।

### मुझे पता है मैं क्या नहीं चाहती

मोना सिंह ने अपने करियर के उस मुकाम पर होने की बात की, जहां वह आसानी से प्रोजेक्ट्स को ठुकरा नहीं सकतीं। अभिनेत्री ने कहा कि यह मेरे द्वारा लिए गए फैसलों की वजह से ही है कि मैं यहां हूं। मैंने प्रासंगिक बने रहने और अपने सिद्धांतों पर कायम रहने की कोशिश की है। इसलिए मैंने कई प्रोजेक्ट्स को मना किया है। हालांकि, मना करना कभी आसान नहीं होता। मुझे लगता है कि जीवन में मुझे पता है कि मैं क्या नहीं चाहती। यह स्पष्टता अब मेरे भीतर है।

### पोस्टर पर स्टार लाता है बॉक्स ऑफिस पर पैसा

अभिनेत्री ने आगे कहा कि निर्माता सितारों को एक बीमा पॉलिसी की तरह देखते हैं, ताकि उन्हें अपना पैसा वापस मिल सके। पोस्टर पर एक स्टार बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की गारंटी देता है। फिल्म निर्माण आखिरकार एक व्यवसाय है। आप जानते हैं



कि आप निवेश कर रहे हैं और आपको उससे कहीं अधिक पैसा वापस मिलने की उम्मीद है। दूसरी ओर किरदार सिर्फ सर्विस प्रोवाइडर बनकर रह जाते हैं। यही सच्चाई है। अगर आप मेरी मुख्य भूमिका वाली 100 करोड़ रुपये की फिल्म की बात कर रहे हैं, तो मुझे ऐसा होता हुआ नहीं दिख रहा है।

### 'कोहरा 2' में नजर आई हैं मोना सिंह

वर्कफ्रंट की बात करें तो मोना सिंह हाल ही में नेटफ्लिक्स की सीरीज 'कोहरा' के दूसरे सीजन में नजर आई हैं। सुदीप शर्मा, गुंजित चोपड़ा और दिग्गी सिसोदिया द्वारा निर्मित और रणदीप झा द्वारा निर्देशित इस क्राइम थ्रिलर में मोना सिंह मुख्य भूमिका में हैं। उनके साथ बरुण सोबती, रणविजय सिंह, अनुराग अरोरा और पूजा भामर्रा भी अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं। सीरीज को क्रिटिक्स और दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है।

# अभिषेक बच्चन अब शाहरुख खान की 'किंग' में आएंगे नजर साथ ही सुहाना की बड़े पर्दे पर यह पहली फिल्म होगी

अभिषेक बच्चन ने अपने नए लुक को लेकर बात की और बताया है कि ये शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म 'किंग' का हिस्सा है। अब एक्टर के इस नए लुक पर लोग जमकर कॉमेंट करते दिख रहे हैं।

अभिषेक बच्चन ने शाहरुख की फिल्म का हिस्सा बनने की बात खुद कही है। पिछले दिनों एक इंटरव्यू में अपने बदले हुए लुक पर बातें करते हुए अभिषेक बच्चन ये ये बातें बताई हैं। अब फिल्म 'किंग' में उनकी भूमिका को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड दिख रहे हैं। इसके अलावा लोगों ने उनके इस लुक की तारीफ भी की है।



### इस फिल्म में कई बॉलीवुड सितारे

सुपरस्टार शाहरुख खान अपनी अगली मी फिल्म 'किंग' के साथ एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपना जादू बिखेरने के लिए तैयार हैं। 'जवान' के बाद आ रही शाहरुख की इस फिल्म में कई बॉलीवुड सितारे दिखेंगे, जिसे लेकर अब अभिषेक बच्चन ने भी कन्फर्म कर दिया है।

### 'फिलहाल अपनी नई फिल्म किंग की शूटिंग कर रहा हूं'

अभिषेक बच्चन ने 'किंग' में अपनी भूमिका पर भी बात की। उन्होंने हाल में आयोजित 'ग्लोबल बिजनेस समिट 2026' के एक सेशन के दौरान अपने नए हेयरस्टाइल को लेकर बातें की। जब उनसे उनके नए लुक के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'मुझे इस बात की खुशी है कि आपने मेरे बदले हुए लुक पर ध्यान दिया। जी हां, मैं फिलहाल अपनी नई फिल्म किंग की शूटिंग कर रहा हूं।'





हालांकि उनसे ये भी पूछा गया कि क्या वो इस फिल्म के बारे में और बातें करना पसंद करेंगे? इसपर एक्टर ने ना में जवाब दिया और फिल्म के बारे में और कुछ कहने से साफ इनकार कर दिया।

### लोग बोले- उम्र के साथ-साथ अभिषेक और भी अच्छे लग रहे

एक अभिषेक के 'किंग' में नजर आने की बात पर लोगों ने रिएक्शन देना शुरू कर दिया है। एक ने लिखा, 'मुझे युवा जैसी परफॉर्मेंस की उम्मीद है।' वहीं एक और ने कहा-उम्र के साथ-साथ अभिषेक और भी अच्छे लग रहे हैं। एक और शख्स ने कहा- उन्हें एक दमदार विलन बनाना चाहिए। यहां बता दें कि इससे पहले, अमिताभ बच्चन ने 'किंग' में अभिषेक की भूमिका की खबर दी थी।

### ये फिल्म सुहाना की बड़े पर्दे पर पहली फिल्म

रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में अनिल कपूर और रानी मुखर्जी भी हैं। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, ये फिल्म सुहाना की बड़े पर्दे पर पहली फिल्म है और 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। वहीं बता दें कि ये फिल्म 'किंग' सिद्धार्थ आनंद और शाहरुख खान की 'पठान' के बाद दूसरा प्रॉजेक्ट है जिसने सिनेमाघरों में बम्पर कमाई की थी। हाल ही में शाहरुख ने' अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर कर इसकी घोषणा की थी।

### 'ओम शांति ओम', 'चेन्नई एक्सप्रेस', 'पठान' जैसी फिल्मों में दीपिका साथ

बताया जाता है कि 'किंग' जबरदस्त एक्शन और रोमांच से भरपूर मनोरंजक फिल्म होगी, जो पर्दे पर स्टाइल, करिश्मा और रोमांच को नए सिरे से परिभाषित करेगी। इससे पहले दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान की जोड़ी कई फिल्मों में साथ दिख चुकी है जिसमें 'ओम शांति ओम', 'चेन्नई एक्सप्रेस', 'पठान' और 'जवान' जैसी कई सुपरहिट फिल्में हैं।

### 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'डंकी' में दिखे थे शाहरुख

शाहरुख खान को राजकुमार हिरानी की आखिरी बार वर्ष 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'डंकी' में देखा गया था। 'डंकी' में तापसी पन्नू, विक्की कौशल और बोमन ईरानी ने भी अहम भूमिकाएं निभाई थीं। फिल्म 'किंग' को लेकर उत्साह तब से बना हुआ है, जब पिछले वर्ष एक्टर के 60वें जन्मदिन के अवसर पर फिल्म के टाइटल से जुड़ा एक वीडियो जारी किया गया था।



# पीआर के साथ काम करने पर शोभिता धुलिपाला ने दिया बड़ा बयान, कहा- 'मैं 24x7 दिखाई नहीं देना चाहती'

हाल ही में एचटीसिटी को दिए इंटरव्यू में शोभिता धुलिपाला ने अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल पसंद को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि भले ही उन्होंने कभी-कभी पीआर टीम के साथ काम किया है, लेकिन वह खुद को उस सिस्टम से ज्यादा जुड़ा हुआ महसूस नहीं करतीं।

### मैं 24x7 दिखाई नहीं देना चाहती

शोभिता ने कहा, 'पिछले कुछ वर्षों में मैंने थोड़े-बहुत समय के लिए पीआर फर्म के साथ काम किया है। लेकिन मेरी पर्सनैलिटी और जिस तरह की जिंदगी मैं जीना चाहती हूं, उसके हिसाब से मैंने तय किया है कि मुझे इस तरह की 'एम्प्लीफिकेशन' की जरूरत नहीं है। मैं 24x7 दिखाई नहीं देना चाहती और न ही चाहती हूं कि हर समय मेरे बारे में बातें हों। यह मेरी रुचि नहीं है और मुझे यह अपने लिए जरूरी नहीं लगता।'

### पीआर के साथ करने पर क्या बोलीं शोभिता

उन्होंने आगे साफ किया कि वह फिलहाल पीआर के साथ काम नहीं कर रही हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी माना कि यह हर किसी की अपनी पसंद होती है। उन्होंने कहा, 'मैं पीआर के साथ काम नहीं करती, लेकिन शायद यह किसी और के लिए सही हो। इस मामले में कोई नियम तय नहीं है। हर किसी की अपनी पसंद होती है, और मुझे अपनी पसंद को लेकर पूरी स्पष्टता है।'

शोभिता का यह बयान दिखाता है कि वह लाइमलाइट से ज्यादा अपने काम और निजी जीवन को अहमियत देती हैं। शोभिता आखिरी बार लव सितारा में नजर आईं थीं, जो फिलहाल जीफाइव पर स्ट्रीम हो रही है। इससे पहले वो 'चीकाटिलो' फिल्म में नजर आईं थीं, जो कि एक सस्पेंस-थ्रिलर है।

# लखनऊ पुलिस से भिड़े कांग्रेसी, बैरिकेडिंग पर चढ़े-कार्यकर्ता हाउस अरेस्ट

## अखिलेश बोले-एक पुलिसवाले के सामने 50 लोग खड़े हो जाओ



लखनऊ, 17 फरवरी (एजेंसियां)। लखनऊ में मंगलवार को कांग्रेस ऑफिस के बाहर कार्यकर्ताओं और पुलिस की झड़प हो गई। जमकर धक्का-मुक्की हुई। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, विधायक आराधना मिश्रा मोना समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। 1 घंटे तक गहमागहमी का माहौल रहा। 1000 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को रोकने में पुलिसवालों के पसीने छूट गए। आरएएफ और पीएसी के 500 से ज्यादा जवानों ने किसी तरह सभी को उतारकर बस में ठूंस-ठूंसकर भरा और ईको गार्डन ले गए। अजय राय बैरिकेडिंग से उतरने लगे तो उनका पैर फिसल गया। वे लड़खड़ा गए। पुलिसवालों ने उन्हें संभाला।

दरअसल, अजय राय ने सोमवार को मनरेगा, शंकराचार्य और माता अहिल्याबाई होल्कर मुद्दे को लेकर विधानसभा घेराव का ऐलान किया था। इस समय विधानसभा में बजट सत्र चल रहा है। इसे देखते हुए पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई। कांग्रेस ऑफिस को छावनी में बदल दिया। ट्रकों में भरकर पीएसी और आरएएफ के जवान पहुंचे। बाराबंकी सांसद तनुज पुनिया समेत प्रदेशभर के 300 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया गया। जो लखनऊ के लिए रवाना हुए थे, पुलिस ने उन्हें रास्ते में रोक लिया और लौटा दिया। रायबरेली में कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी की पुलिस से नोकझोंक हुई। उन्होंने इंस्पेक्टर से कहा- आप भाजपा के नाम पर गुंडई कर रहे। हरदोई में रेलवे स्टेशन पर कांग्रेस के 8 कार्यकर्ताओं को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ा। गौतमबुद्ध नगर के कांग्रेसी गाजियाबाद स्टेशन से ट्रेन पकड़कर लखनऊ पहुंच गए।

वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा-अगर आप प्रोटेस्ट करते हैं, तो तैयारी के साथ करें। अगर एक पुलिसवाला डंडा लेकर आता है, तो 50 लोग एक साथ खड़े होने चाहिए। नहीं तो आप डंडा झेलेंगे। हर प्रोटेस्ट ऑर्गनाइज्ड और तैयार होना चाहिए।

1 साल पहले विधानसभा घेराव करने पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ता प्रभात पांडेय की मौत हो गई थी। अजय राय ने आरोप लगाया था कि पुलिस ने उन्हें पीटा था। बेहोशी की हालत में प्रभात को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# पुलिस की स्कार्पियो पेड़ से टकराई दरोगा की मौत

महराजगंज, 17 फरवरी (एजेंसियां)। महराजगंज में गोरखपुर पुलिस टीम की तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पेड़ से टकरा गई। हादसे में दरोगा की मौत हो गई। महिला दरोगा, सीनियर एसआई, दो कॉन्स्टेबल और चालक घायल हैं। पुलिस टीम कुशीनगर से दबिश देकर गोरखपुर लौट रही थी। शुरुआती जांच में पता चला है कि हाईवे पर ड्राइवर को झपकी आ गई, जिससे स्कॉर्पियो डिवाइडर पर चढ़ गई, फिर पेड़ से जा भिड़ी। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और सभी को गाड़ी से बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया। हादसा मंगलवार सुबह साढ़े छह बजे श्यामदेउरवा थाना के कतरारी इलाके में हुआ। हादसे के बाद तस्वीर सामने आई है। इसमें पुलिसकर्मी सड़क पर तड़पते हुए दिख रहे हैं। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

# 'टीचर टीईटी पास करें, वरना नौकरी से बाहर होंगे'

## हरियाणा सरकार के आदेश के बाद यूपी के 1.86 लाख टीचर टेंशन में



लखनऊ, 17 फरवरी (एजेंसियां)। हरियाणा सरकार के आदेश ने यूपी के बिना टीईटी पास 1.86 लाख शिक्षकों की टेंशन बढ़ा दी है। हरियाणा में राज्य के टीचर्स को मार्च 2027 तक शिक्षक पात्रता परीक्षा (एचटीईटी) पास करना होगा। ऐसा आदेश 16 फरवरी को वहां की सरकार ने दिया। कहा गया है कि परीक्षा पास न करने वालों को नौकरी से बाहर किया जाएगा। इधर, उत्तर प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को चित्रकूट के सपा विधायक अनिल प्रधान ने पूछा- जो शिक्षक टीईटी पास नहीं हैं, उनके लिए सरकार क्या कर रही है। जवाब में शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा-टीईटी की अनिवार्यता को लेकर जो जजमेंट है, वह पूरे देश के लिए लागू है। यूपी सरकार इसके लिए रिव्यू में चली गई है।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने सितंबर 2025 में देशभर के सभी जूनियर हाईस्कूल तक के शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पास करने का आदेश दिया है। यूपी सहित कई राज्य सरकारों ने इसका विरोध करते हुए रिव्यू याचिका दाखिल की थी। हालांकि, कई राज्यों की रिव्यू याचिकाएं खारिज हो चुकी हैं। कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि यूपी की याचिका भी देर-सवेर खारिज हो सकती है। अगर ऐसा हुआ तो सरकार के सामने टीईटी परीक्षा कराने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

**शिक्षक नेता बोले- 22 फरवरी से विरोध करेंगे**

हरियाणा सरकार के आदेश पर लखनऊ के जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. प्रभाकांत ने कहा- शिक्षक आंदोलन की रणनीति बना रहे हैं। 22 फरवरी से 24 फरवरी तक यानी 3 दिन काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन करेंगे।

26 फरवरी से हर जिले के बीएसए ऑफिस के बाहर धरना देंगे। प्रधानमंत्री को संबोधित हर डीएम को ज्ञापन सौंपेंगे। मार्च के पहले सप्ताह में दिल्ली के रामलीला मैदान में देशभर के शिक्षक जुटेंगे और विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## आधी रात गायब हुआ पूरा परिवार

# दो महिलाएं और पांच बच्चे लापता

### सीसीटीवी में मिले सुराग, तलाश जारी




औरैया, 17 फरवरी (एजेंसियां)। औरैया जिले में बिधूना कोतवाली क्षेत्र के गांव बन्धरा में मंगलवार तड़के हड़कंप मच गया। यहां एक ही परिवार की दो महिलाएं अपने पांच बच्चों के साथ घर से लापता हो गईं। एक साथ सात लोगों के अचानक लापता होने से गांव सहित क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजन की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। बंधरा निवासी आशीष ने पुलिस को बताया कि मंगलवार सुबह करीब चार बजे जब परिवार के लोग जागे, तो घर में दो महिलाएं और बच्चे नहीं मिले। काफी खोजबीन के बाद भी जब उनका कहीं पता नहीं चला, तो परिजन के हाथ-पांव फूल गए। बताया जा रहा है कि दोनों महिलाओं के पति बाहर रहकर नौकरी करते हैं और घर पर महिलाएं व बच्चे ही थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाल मुकेश बाबू चौहान फोर्स के साथ गांव पहुंचे। गांव के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज खंगाले। इस दौरान दोनों महिलाएं अपने बच्चों के साथ पैदल जाती दिखाईं दी। फुटेज के आधार पर पुलिस की दो टीम उनकी तलाश में जुट गईं है।

## पाकिस्तान में जन्म, यूपी में ठिकाना

# नाजिया ने बनवा लिए थे दो नामों से दो वोटर कार्ड, चौंकाने वाले खुलासे

मेरठ, 17 फरवरी (एजेंसियां)। मेरठ के नादिर अली बिल्डिंग निवासी फरहत मसूद से शादी कर लगभग 37 साल पहले भारत में आई पाकिस्तान निवासी सबा मसूद उर्फ नाजिया ने वर्ष 2003 में दो अलग-अलग नाम से वोटर कार्ड बनवाए थे। इन दोनों नाम से ही वोटर कार्ड बनवाए थे। देहली गेट थाना पुलिस ने 23 साल बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। नाजिया और उसकी बेटी एमन फरहत पर फर्जी पासपोर्ट, वोटर कार्ड आदि बनवाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद यह कार्रवाई की है।




प्राथमिकी दर्ज कराने वाली महिला ने नाजिया के आईएसआई से भी जुड़े होने का शक जाहिर किया है। देहली गेट की कोठी अतानस निवासी रुखसाना ने दर्ज कराई गई प्राथमिकी में कहा कि जली कोठी की नादिर अली बिल्डिंग निवासी बैंड कारोबारी फरहत मसूद (पुत्र मसूद अहमद) ने वर्ष 1988 में पाकिस्तान के लाहौर जाकर सबा उर्फ नाजी उर्फ नाजिया नाम की महिला से पाकिस्तान में निकाह किया था।

इसके लगभग एक साल बाद वह पति फरहत के साथ लॉन्ग टर्म वीजा पर भारत आ गई और दंपती के तीन संतान हुई। इनमें दो बेटे भारत में हुए। वर्ष 1993 में नाजिया पाकिस्तान गईं। वहां उसने 25 मई 1993 को बेटी एमन फरहत को जन्म दिया। आरोप है कि पाकिस्तान से लौटते समय नाजिया अपने पाकिस्तानी पासपोर्ट पर एमन फरहत को भारत में ले आई। यहां आने के बाद एमन का दाखिला कैंट के एक प्रतिष्ठित स्कूल में करा दिया गया। पाकिस्तान में जन्म होने के कारण एमन के भी पाकिस्तानी होने और फर्जी दस्तावेज बनवाकर भारत में रहने का आरोप है। प्राथमिकी में सबा के पिता पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े होने का भी शक जाहिर किया गया है।

एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि देहली गेट पुलिस और खुफिया विभाग की टीम ने नाजिया से पूछताछ की और उसके पहचान संबंधित कागजात लेकर जांच की। आरोप सही पाए जाने पर सबा उर्फ नाजिया को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी महिला को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। वहीं, आरोपी पक्ष का कहना है कि संपत्ति विवाद में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। फर्जी कागजात बनाने का आरोप गलत है।

# विराट-अनुष्का वृंदावन पहुंचे प्रेमानंद महाराज से आशीर्वाद लिया

### भक्तों के साथ हाथ-जोड़कर बैठे रहे; एक घंटे तक सत्संग सुना



मथुरा, 17 फरवरी (एजेंसियां)। क्रिकेटर विराट कोहली पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ मंगलवार सुबह 6 बजे प्रेमानंद महाराज से मिलने पहुंचे। एक घंटे तक प्रेमानंद महाराज का सत्संग सुना। इस दौरान दोनों हाथ जोड़कर बैठे रहे। सत्संग सुनने के बाद प्रेमानंद महाराज से आशीर्वाद लिया। हालांकि, इस दौरान बेटी वामिका साथ नहीं थी। विराट-अनुष्का सोमवार शाम को दिल्ली से वृंदावन पहुंचे थे।

यहां एक होटल में स्टे किया। फिर मंगलवार सुबह प्रेमानंद जी के केली कुंज आश्रम पहुंचे। आश्रम से जुड़े लोगों के अनुसार, वे तय समय से पहले ही पहुंच गए थे और भक्तों के साथ सत्संग में शामिल हुए। दर्शन और सत्संग के बाद दोनों दिल्ली लौट गए। वापसी के दौरान आश्रम के बाहर उनकी गाड़ी ट्रैफिक जाम में फंस गई। विराट के मौजूद होने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में प्रशंसक पहुंच गए। मौके पर मौजूद पुलिसवालों ने भीड़ को कंट्रोल कर लगभग 15 मिनट में रास्ता साफ कराया, तब जाकर उनकी गाड़ी आगे बढ़ सकी।

# बंगलूरू भारत-यूएस साझेदारी का मुकुट रत्न

### अमेरिकी राजदूत के साथ तेजस्वी सूर्या ने की ऑटो की सवारी

बंगलूरू, 17 फरवरी (एजेंसियां)। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर बंगलूरू दौरे पर पहुंचे। बंगलूरू में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के सांसद तेजस्वी सूर्या से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात भारत-अमेरिका के संबंधों को मजबूत करने पर केंद्रित थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सांसद तेजस्वी सूर्या ने बताया कि दोनों नेताओं ने इंदिरानगर में फिल्टर कॉफी के साथ मसाला डोसा और कॉफी का नाश्ता किया और अंतरिम व्यापार समझौते के बाद भारत-अमेरिका की बढ़ती साझेदारी, खासकर व्यापार, तकनीक और इनोवेशन पर चर्चा की।



तेजस्वी सूर्या ने लिखा, 'बंगलूरू सच में मसाला डोसा से मशीन लर्निंग तक के सफर को दिखाता है, जो परंपरा को नवाचार के साथ मिलाता है और दोनों लोकतंत्रों के बीच आर्थिक और लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाता है। 700 से ज्यादा अमेरिकी कंपनियों और भारत के 43 फीसदी सॉफ्टवेयर निर्यात बंगलूरू से होने के साथ, हमारा शहर अमेरिका-भारत आर्थिक संबंधों के लिए केंद्र है। भारत के 40 फीसदी जीसीसी का घर, बंगलूरू इनोवेशन आधारित साझेदारी को आगे बढ़ाता रहता है। बंगलूरू भारत-अमेरिका साझेदारी के मुकुट का रत्न है।'

दोनों नेताओं ने इस दौरान ऑटो से सफर भी किया। सूर्या ने ऑटो से सफर करने के दौरान एक वीडियो भी बनाया, जिसमें वह कहते हैं, 'राजदूत, भारत के सबसे अच्छे शहर बंगलूरू में आपका स्वागत है। भारत और अमेरिका के लिए आप जो कर रहे हैं, उसके लिए धन्यवाद!' इस पर अमेरिकी राजदूत ने कहा, 'मुझे सबसे अच्छे होस्ट मिले हैं, जो पहली बार बंगलूरू दर्शन करा रहे हैं।'

# जैन मंदिर चोरी: सहायक और वेल्डर गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा, 17 फरवरी (एजेंसियां)। ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-3 कोतवाली पुलिस ने सुनपुरा गांव स्थित प्रचीन जैन मंदिर में हुई चोरी की वारदात का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चोरी करने वाले आरोपियों में मंदिर का सहायक और पूर्व वेल्डिंग कर्मचारी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 800 वर्ष पुरानी अष्टधातु से निर्मित प्राचीन प्रतिमा, चांदी की पांडुकशिला के आठ टुकड़े, चांदी का नारियल और चांदी का कलश बरामद किया है। बरामद सामान की कीमत एक करोड़ से अधिक की है। एसीपी राजीव कुमार गुप्ता के अनुसार सोमवार को सूचना मिली कि जैन मंदिर में कार्यरत मुलायम और चेतन ने मंदिर परिसर से चांदी की पांडुशिला, नारियल, कलश और अष्ठधातु की प्राचीन प्रतिमा चोरी कर ली है।

# नीट छात्रा मौत-पप्पू यादव ने दो नेताओं के नाम लिए

### पूछा- कौन है संजय, कौन है गुप्ता, जल्द पूरे सबूत सार्वजनिक करूंगा, सुप्रीम कोर्ट जाऊंगा

पटना, 17 फरवरी (एजेंसियां)। पूर्णिया सांसद पप्पू ने पटना में नीट छात्रा की मौत के मामले में एक बार फिर गंभीर आरोप लगाए हैं। फेसबुक लाइव के जरिए उन्होंने इस मामले को आत्महत्या नहीं, बल्कि सुनियोजित तरीके से हत्या बताया।

सांसद ने कहा, "नीट छात्रा की मौत आत्महत्या नहीं है, साजिश के तहत प्रभात मेमोरियल और कुछ प्रशासन के लोगों ने मेरी बेटी को मारा है। मैं यह केस सुप्रीम कोर्ट तक लड़ूंगा।"

पप्पू यादव ने बिहार के गृह मंत्री सम्राट चौधरी से सीसीटीवी फुटेज की जांच की मांग की। साथ ही कहा कि प्रभात मेमोरियल अस्पताल और कुछ प्रशासनिक लोगों की भूमिका की जांच होनी चाहिए और वे इस केस को सुप्रीम कोर्ट तक लड़ेंगे।

इतना ही नहीं उन्होंने बोरिंग रोड के नागेश्वर कॉलोनी में रहने वाले



"संजय" नाम के एक नेता और "गुप्ता" नाम के एक अन्य व्यक्ति का जिक्र किया, लेकिन पूरा नाम नहीं बताया।

पप्पू यादव ने कहा- सम्राट चौधरी भाई को कौन भूमिहार का नेता बदनाम करना चाहता था। बोरिंग रोड के नागेश्वर कॉलोनी में कौन से ऐसे नेता हैं जिनका नाम संजय है- अंतिम नाम नहीं बोलूंगा- जिसका घर खगड़िया में है। कौन है एक गुप्ता..? जैसे संजय के बाद का नाम नहीं बोला, वैसे ही गुप्ता के पहले का नाम नहीं बोलूंगा। इनके ऑफिस में कौन-कौन जाता था, इन सभी के सीसीटीवी फुटेज की जांच करिए। क्या उसमें मनीष रंजन गए थे या नहीं।

पप्पू यादव ने कहा कि मनीष रंजन राजनीतिज्ञों के सप्लायर हैं और एपस्टन के नायक हैं। सांसद ने कहा कि वो जल्द ही नीट मामले के सारे सबूत सार्वजनिक करेंगे। पूरे मामले का दस्तावेज के साथ पर्दाफाश करेंगे।

पप्पू यादव ने कहा कि यह पूरा मामला पटना में हुए एक बड़े षड्यंत्र की तरफ इशारा करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रा को इलाज के दौरान नशे में रखने वाली सुइयां दी गईं।

उनका दावा है कि उनके पास इसके सबूत मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि बच्ची को संदिग्ध ओपिओइड पॉइजनिंग का मामला बताया गया, लेकिन समय पर जरूरी टेस्ट और एंटीडोट नहीं दिया गया।

सांसद ने यह भी आरोप लगाया कि बिना परिवार की अनुमति के प्रेग्नेंसी टेस्ट कराया गया। रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद सबूत मिटाने के लिए गलत दवाइयां देने का भी आरोप लगाया।

उन्होंने प्रभात मेमोरियल और मेदांता समेत अन्य मेडिकल संस्थानों पर प्रोटोकॉल का पालन न करने का आरोप लगाया।

सांसद ने दावा किया, छात्रा को लगातार सेडेटिव और Kitmex 50mg इंजेक्शन दिए गए, जबकि वह पहले से ही बेहोशी की हालत में थी। एंटीडोट देने के बजाय सेडेटिव देकर हालत बिगाड़ी गई।

# प्रेमिका ने प्रेमी के घर जाकर खाया जहर, हालत गंभीर

बिजनौर, 17 फरवरी (एजेंसियां)। बिजनौर जनपद के किरतपुर क्षेत्र में एक युवती ने अपने प्रेमी के घर जाकर जहर खा लिया, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। युवती को गंभीर हालत में तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

**अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल का आरोप**

पीड़िता की मां ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि मोहल्ले का एक युवक उनकी बेटी का अश्लील वीडियो बनाकर पिछले दो वर्षों से उसे ब्लैकमेल कर रहा था।

आरोप है कि युवक ने धमकी देकर कई बार रुपये भी ऐंठे और शारीरिक शोषण करता रहा।

# जननायक की पुण्यतिथि पर बापू सभागार पहुंचे तेजस्वी

पटना, 17 फरवरी (एजेंसियां)। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव कई दिनों बाद शनिवार को पटना में सार्वजनिक कार्यक्रम में नजर आए। उन्होंने भारत रत्न कर्पूरी की 38वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद वह पटना स्थित बापू सभागार में राष्ट्रीय जनता दल की ओर से आयोजित पुण्यतिथि समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने किया। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने की। इस अवसर पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

तेजस्वी यादव ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर हम सभी एकत्र हुए हैं। उन्होंने सार्वजनिक जीवन में मृदुल और शुचितापूर्ण आचरण का पालन करते हुए वंचितों और शोषितों के लिए आवाज बुलंद की। वे महान स्वतंत्रता सेनानी, भूतपूर्व मुख्यमंत्री और सामाजिक न्याय के पुरोधा थे। उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन है। जननायक कर्पूरी ठाकुर द्वारा दिखाए गए सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता के मार्ग पर राष्ट्रीय जनता दल का प्रत्येक कार्यकर्ता चलने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस दौरान तेजस्वी यादव ने एनडीए सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कर्पूरी ठाकुर का सपना अब तक पूरा नहीं हुआ है।

# ऑनलाइन सट्टे की लत ने बनाया कर्जदार, खेत-मकान तक बिका

कानपुर, 17 फरवरी (एजेंसियां)। यूपी के कानपुर के सेन पश्चिम पारा के तुलसियापुर में पत्नी और बेटे की गोली मारकर हत्या करने के बाद आत्महत्या करने वाले चेतराम को जुए और सट्टे का लती बताया जा रहा है। इसी लत के चलते वह कर्जदार हो गया था। कर्जे के चक्कर में पहले घर और फिर एक बीघा खेत तक बेचना पड़ा। पुलिस को उसके मोबाइल में सट्टे आदि से जुड़े कई साक्ष्य मिले हैं। मृतक चेतराम के बड़े भाई रामबाबू ने बताया कि वह कर्ज चुकाने के लिए काफी परेशान था। कुछ दिन पहले उसने उन्हें बताया था कि गांव के ही एक युवक से कर्जा लिया है। उसे चुकाने के लिए उसके पास नकद रुपये नहीं हैं। ऐसे में जमीन ही बेचनी पड़ेगी। कर्जा देने वाला युवक उनकी जमीन खरीदने को तैयार है। हाल ही में हुई मुलाकात में उसने एक बीघा खेत बेचने की बात कही थी। उसने बताया कि इस पर पिता अयोध्या प्रसाद ने बीते सप्ताह 12 लाख रुपये में एक बीघा खेत उसी युवक को बेच दिया। उसने कर्ज वाले 4.5 लाख रुपये काटने के बाद शेष 7.10 लाख रुपये दे दिए। इसमें से 4.90 लाख रुपये चेतराम के बैंक खाते और 2.60 लाख रुपये नकद दिए थे।



# ट्रंप को ठेंगा! भारत ने पीछे खींचे कदम तो धमकी के बावजूद चीन ने और बढ़ाई रूस से कच्चे तेल की खरीद



नई दिल्ली, 17 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कई महीनों से यूक्रेन युद्ध को खत्म करने की कोशिशों में जुटे हैं। इस क्रम में उन्होंने मॉस्को पर नए प्रतिबंध लगाए और रूस से सस्ता तेल खरीदने वाले देशों को भारी टैरिफ की चेतावनी दी। भारत पर भी रूस से रियायती तेल खरीदने को लेकर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की गई थी, जिसे बाद में वापस ले लिया गया। हालांकि भारत ने हाल के महीनों में रूस से कच्चे तेल की खरीद कुछ कम की है, लेकिन इसके उलट चीन ने अपनी खरीद बढ़ा दी है।

**ट्रंप की धमकियों से बेपरवाह**

ट्रंप की चेतावनियों के बावजूद चीन फरवरी में रूस से रिकॉर्ड मात्रा में कच्चा तेल खरीद रहा है। माना जा रहा है कि यह लगातार तीसरा महीना है जब चीन की रूसी तेल आयात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। खासकर स्वतंत्र (इंडिपेंडेंट) रिफाइनर्स सस्ते रूसी तेल की जमकर खरीद कर रहे हैं। वोरटेक्स एनालिटिक्स के शुरुआती आकलन के अनुसार, फरवरी में रूस से चीन को रोजाना करीब 2.07 मिलियन बैरल कच्चे तेल की शिपमेंट हो रही है, जो जनवरी के लगभग 1.7 मिलियन बैरल प्रतिदिन से काफी अधिक है।

वहीं, कप्लर के आंकड़ों के मुताबिक फरवरी में यह आंकड़ा करीब 2.083 मिलियन बैरल प्रतिदिन रहा, जबकि जनवरी में यह 1.718 मिलियन बैरल प्रतिदिन था। दूसरी ओर, भारत ने रूसी तेल आयात में कटौती की है। केप्लर के डेटा के अनुसार, फरवरी में भारत का रूसी कच्चे तेल का आयात घटकर लगभग 1.159 मिलियन बैरल प्रतिदिन रह गया।

**भारत हटा पीछे, चीन ने बढ़ाई खरीदारी**

मांग में कमी के चलते रूसी तेल की कीमतों में और नरमी आई, जिसका फायदा उठाते हुए चीन ने आयात और बढ़ा दिया। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, नवंबर के बाद से चीन रूस के कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार बन गया है। पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों और व्यापार समझौतों को लेकर नई दिल्ली पर बढ़ते दबाव के कारण भारत ने दो वर्षों में पहली बार नवंबर में रूस से तेल खरीद में उल्लेखनीय कटौती की थी।कुल मिलाकर, जहां अमेरिका रूस को आर्थिक रूप से अलग-थलग करने की रणनीति पर काम कर रहा है, वहीं चीन सस्ते रूसी तेल का लाभ उठाकर अपनी ऊर्जा जरूरतें और रणनीतिक भंडार मजबूत कर रहा है।

# दूसरी बार ईडी समन की अनदेखी! मनीलांड्रिंग केस में एजेंसी के सामने फिर पेश नहीं हुई टीना अंबानी



नई दिल्ली, 17 फरवरी (एजेंसियां)। 'रिलायंस ग्रुप' के चेयरमैन अनिल अंबानी की पत्नी और पूर्व अभिनेत्री टीना अंबानी मंगलवार को भी प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) के सामने पेश नहीं हुईं। उन्हें मनी लांड्रिंग से जुड़े एक मामले में दूसरी बार समन जारी किया गया था। पहला समन 10 फरवरी को भेजा गया था, लेकिन अनुपस्थित रहने के बाद एजेंसी ने नया नोटिस जारी किया।

**दूसरी बार ईडी समन की अनदेखी**

समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि उन्होंने जांच अधिकारी को पेश न होने का कोई कारण बताया है या नहीं। अधिकारियों के अनुसार, ईडी उन्हें पूछताछ के लिए नई तारीख दे सकती है। पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि टीना अंबानी से न्यूयॉर्क के मैनहट्टन में स्थित एक लग्जरी आवासीय संपत्ति की खरीद से जुड़े धन के लेन-देन को लेकर पूछताछ की जानी है।

ये मामला कथित रूप से रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) की कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया के दौरान 2023 में हुई एक संपत्ति बिक्री से जुड़ा है। एजेंसी ने पहले आरोप लगाया था कि इस संपत्ति को ''धोखाधड़ी'' से बेचा गया था। बताया जाता है कि आरकॉम ने इस कथित बिक्री की जानकारी 2025 में शेयर बाजार को दी थी।

**क्या है पूरा मामला?**

ईडी के अनुसार, जब टीना अंबानी अपना बयान दर्ज कराने के लिए उपस्थित होंगी, तो धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत उनका बयान दर्ज किया जाएगा। वहीं, अनिल अंबानी को 'रिलायंस ग्रुप' की विभिन्न कंपनियों और उनसे जुड़े बैंक ऋण मामलों की जांच के सिलसिले में दूसरी बार बुधवार को पेश होने के लिए कहा गया है। वह इससे पहले अगस्त 2025 में ईडी के समक्ष पेश हो चुके हैं। यह मामला फिलहाल जांच के अधीन है और एजेंसी आगे की कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई करेगी।

# इंफोसिस और एंथ्रोपिक की साझेदारी, अलग-अलग उद्योगों के लिए एआई समाधान बनाएंगी दोनों कंपनियां

नई दिल्ली, 17 फरवरी (एजेंसियां)। भारत की दिग्गज आईटी कंपनी इंफोसिस ने अमेरिकी एआई कंपनी एंथ्रोपिक के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस सहयोग के तहत दोनों कंपनियां सॉफ्टवेयर, मैन्युफैक्चरिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज और टेलीकम्युनिकेशन जैसे प्रमुख क्षेत्रों के लिए उन्नत एंटरप्राइज एआई समाधान विकसित और डिलीवर करेंगी। कंपनी के बयान के अनुसार, इस साझेदारी में इंफोसिस के एआई-फर्स्ट प्लेटफॉर्म 'टोपाज' को एंथ्रोपिक के क्लाउडे मॉडल (क्लाउडे कोड सहित) के साथ एकीकृत किया जाएगा। इससे जटिल वर्कफ्लो का ऑटोमेशन, सॉफ्टवेयर डिलीवरी की गति में वृद्धि और विभिन्न उद्योगों के लिए एजेंटिक एआई सॉल्यूशंस का विकास संभव होगा। साझेदारी की शुरुआत टेलीकम्युनिकेशन क्षेत्र में एक समर्पित एंथ्रोपिक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना से होगी। यह केंद्र उद्योग-विशिष्ट जरूरतों के अनुरूप एआई एजेंटों के निर्माण और तैनाती पर काम करेगा। आगे चलकर इस पहल का विस्तार फाइनेंशियल सर्विसेज, मैन्युफैक्चरिंग और सॉफ्टवेयर विकास जैसे क्षेत्रों में भी किया जाएगा। इंफोसिस के मुताबिक, सर्विसेज सेक्टर में एआई एजेंट जोखिम पहचान, अनुपालन रिपोर्टिंग के ऑटोमेशन और ग्राहकों के साथ अधिक व्यक्तिगत इंटरैक्शन स्थापित करने में मदद करेंगे। वहीं, मैन्युफैक्चरिंग और इंजीनियरिंग में क्लाउडे आधारित एआई उत्पाद डिजाइन और सिमुलेशन की प्रक्रिया को तेज करेगा, जिससे अनुसंधान एवं विकास का समय कम होगा और उत्पादन से पहले अधिक डिजाइन वर्जन का परीक्षण संभव हो सकेगा।

**सॉफ्टवेयर विकास के क्षेत्र में होगा उपयोग**

सॉफ्टवेयर विकास के क्षेत्र में टीमें क्लाउडे कोड का उपयोग कोड लिखने, परीक्षण करने और कमियों को दूर करने के लिए करेंगी, जिससे डिजाइन से लेकर प्रोडक्शन तक की पूरी प्रक्रिया अधिक तेज और कुशल बन सकेगी। इंफोसिस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सलिल पारेख ने कहा कि फाइनेंशियल सर्विसेज में इंटेलिजेंस रिस्क मैनेजमेंट और अनुपालन के आधुनिकीकरण से लेकर एआई-संचालित डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग तक, यह साझेदारी वैश्विक उद्यमों के लिए एआई से मूल्य प्राप्ति की गति को तेज करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। एंथ्रोपिक के सह-संस्थापक और सीईओ डारियो अमोदेई ने कहा कि डेमो स्तर पर काम करने वाले एआई मॉडल और विनियमित उद्योगों में वास्तविक उपयोग के लिए उपयुक्त एआई मॉडल के बीच बड़ा अंतर होता है। इस अंतर को पाटने के लिए गहन डोमेन विशेषज्ञता जरूरी है, जो इंफोसिस के पास दूरसंचार, वित्तीय सेवाओं और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में मौजूद है।

# अमेरिका से डील न होती तो अंजाम होता बुरा, आंकड़े बयां कर रहे कहानी




नई दिल्ली,17 फरवरी (एजेंसियां)। भारत ने अमेरिका के साथ ट्रेड डील के लिए बीते दिनों अंतरिम समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत भारतीय सामानों पर अमेरिकी टैरिफ 25% फीसदी से घटकर 18% रह गए हैं। इसके अलावा, रूसी तेल आयात के कारण लगा 25% एक्स्ट्रा टैरिफ भी हटा दिया गया है। इसने भारत को एशिया में दूसरे प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले बड़ा एडवांटेज दे दिया है। ये समझौता न होता या इसमें और ज्यादा देरी होती तो अंजाम बहुत बुरा होना था। इसका नमूना जनवरी के भारतीय निर्यात के आंकड़ों में दिखता है। अमेरिका को भारतीय निर्यात में गिरावट का असर कुल एक्सपोर्ट के आंकड़ों पर पड़ा है। इसके चलते ट्रेड डेफिसिट पर भी दिखाई दिया है। टेक्सटाइल जैसे कुछ सेक्टरों को यह मारी ज्यादा पड़ी है। 7 फरवरी को अमेरिका ने टैरिफ में कमी की है। इसके बाद आगे की स्थिति में बेहतरी की उम्मीद है। जनवरी 2026 में भारत के कपड़ा और परिधान निर्यात में पिछले साल की तुलना में गिरावट देखी गई है। इसका कारण अमेरिका की ओर से लगाए गए ऊंचे टैरिफ थे। ये फरवरी तक लागू रहे। इस टैरिफ ने निर्यात प्रतिस्पर्धा को प्रभावित किया। महीने के दौरान शिपमेंट में कमी आई।कंफेडरेशन ऑफ इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्री की ओर से साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2026 में टेक्सटाइल एक्सपोर्ट में -3.68 फीसदी की गिरावट आई। वहीं, अपैरल एक्सपोर्ट जनवरी 2025 की तुलना में जनवरी 2026 में -3.84 फीसदी कम रहा। कुल मिलाकर, जनवरी 2026 में कपड़ा और परिधान का संयुक्त निर्यात 3,275.44 मिलियन अमेरिकी डॉलर रहा, जो जनवरी 2025 में 3,403.19 मिलियन अमेरिकी डॉलर से कम था। इसमें -3.75 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट मुख्य रूप से प्रमुख टेक्सटाइल सेगमेंट में देखी गई। सूती धागा, कपड़े, तैयार माल और हथकरघा उत्पादों के निर्यात में -4.15 फीसदी की गिरावट आई। यह जनवरी 2026 में 995.58 मिलियन अमेरिकी डॉलर रहा। जबकि जनवरी 2025 में यह 1,038.69 मिलियन अमेरिकी डॉलर था। कालीन निर्यात में भी -12.05 फीसदी की तेज गिरावट आई। यह 118.99 मिलियन अमेरिकी डॉलर रहा। जबकि जूट निर्मित उत्पादों, जिसमें फ्लोर कवरिंग भी शामिल है, का निर्यात इसी अवधि में -18.92 फीसदी गिर गया। हस्तशिल्प, हस्तनिर्मित कालीनों को छोड़कर, इसमें भी -2.70 फीसदी की गिरावट देखी गई। हालांकि, मानव निर्मित धागा, कपड़े और तैयार माल ने के निर्यात ने कुछ लचीलापन दिखाया। जनवरी 2026 में 430.29 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने के साथ 1.01 फीसदी की मामूली बढ़ोतरी दर्ज की। जबकि जनवरी 2025 में यह 425.97 मिलियन अमेरिकी डॉलर था।

**अप्रैल से जनवरी तक का मैथ भी बिगड़ा**

आंकड़ों से यह भी पता चला कि अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 की अवधि के दौरान कपड़ा निर्यात में -2.35 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई, जबकि परिधान निर्यात ने पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि की तुलना में 1.59 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की। परिधान निर्यात में इस वृद्धि के बावजूद अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 तक कुछ कपड़ा और परिधान निर्यात में अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 की तुलना में -0.65 फीसदी की मामूली गिरावट दर्ज की गई।

# दुनिया का सबसे महंगा परफ्यूम; दाम सुन उड़ जाएंगे होश, 11 करोड़ से ज्यादा में आती है एक बोतल



नई दिल्ली, 17 फरवरी (एजेंसियां)। 17 फरवरी को हर साल परफ्यूम डे मनाया जाता है। इस दिन लोग अपने करीबियों को परफ्यूम गिफ्ट करके रिश्तों में मिठास और खुशबू जोड़ने की कोशिश करते हैं। आमतौर पर बाजार में मिलने वाले ज्यादातर परफ्यूम की कीमत कुछ हजार रुपयों में होती है। वहीं, कुछ लग्जरी परफ्यूम की कीमत लाख रुपये तक पहुंच जाती है। लेकिन दुनिया में ऐसे भी परफ्यूम मौजूद हैं, जिनकी छोटी सी बोतल खरीदने के लिए 1 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च करने पड़ सकते हैं। यह रकम इतनी बड़ी है कि, सामान्य लोगों की जीवन भर की बचत भी इससे ज्यादा है। इतनी कीमत में तो खुद का एक अच्छा खासा घर आ सकता है. आइए जानते हैं, दुनिया के सबसे महंगे परफ्यूम के बारे में....

**दुनिया का सबसे महंगा परफ्यूम**

दुनिया का सबसे महंगा परफ्यूम शुमुख है. इसकी कीमत करीब 12.9 लाख डॉलर यानी करीब 11.7 करोड़ रुपये होने की बात कही जाती है। दुबई स्थित नबील परफ्यूम्स ने इसे लॉन्च किया है। यह परफ्यूम 3 लीटर के बोतल में आती है। इस बोतल को 3,500 से अधिक हीरे, मोती और सोना-चांदी से सजाया गया है। परफ्यूम में ऊद, चंदन, कस्तूरी और तुर्की गुलाब आदि से बनाया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि, इस परफ्यूम की कीमत का बड़ा हिस्सा इसके बोतल को बनाने में खर्च किया गया है।

**दूसरे सबसे महंगे परफ्यूम की कीमत है 9 करोड़**

दुनिया के दूसरे सबसे महंगे परफ्यूम की कीमत करीब 9 करोड़ रुपए है। जिसका नाम गोल्डन डिलिशियस मिलियन डॉलर फ्रेगरेंस बॉटल है। परफ्यूम को सेब की बोतल में 2011 में पेश किया गया था। इस बोतल को दुनिया के 3,000 कीमती पत्थरों से बनाया गया है। जिससे इसकी कीमत इतनी ज्यादा हो गई है।

**हीरे और सोने से सजी खास बोतल नंबर 3 पर**

दुनिया के सबसे महंगे परफ्यूम्स की लिस्ट में तीसरे स्थान पर क्लाइव क्रिश्चियन नंबर 1 इम्पीरियल मैजेस्टी का नाम आता है। इस खास एडिशन की केवल 10 बोतलें ही तैयार की गई थी। इसकी हर बोतल बकारा क्रिस्टल से बनाई गई थी और उसमें पांच कैरेट का हीरा जड़ा गया था। साथ ही 18 कैरेट सोने का कॉलर लगाया गया था।

# चांदी आज 8 हजार गिरी, 2.33 लाख पर आई

## सोना 2 हजार घटकर 1.51 लाख हुआ; 4 दिन में चांदी 33 हजार, सोना 6 हजार सस्ता



नई दिल्ली, 17 फरवरी (एजेंसियां)। चांदी में आज 17 फरवरी को लगातार चौथे दिन गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी 7,992 रुपए गिरकर 2.33 लाख पर आ गई है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,242 रुपए सस्ता होकर 1.51 लाख पर आ गया है। पिछले चार कारोबारी दिन में चांदी 33 हजार रुपए सस्ती हुई है। इसने 29 जनवरी को 3.86 लाख का हाई बनाया था। तब से अब तक चांदी 1.53 लाख सस्ती हो चुकी है। सोना भी बीते चार कारोबारी दिन में 6 हजार रुपए सस्ता हुआ है। इसने भी 29 जनवरी को 1.76 लाख का हाई बनाया था। तब से अब तक सोना 24 हजार सस्ता हो चुका है। 2025 में सोना 57 हजार (75%) बढ़ा है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76 हजार का था, जो 31 दिसंबर 2025 को 1.33 लाख रुपए हो गया। चांदी इस दौरान 1.44 लाख (167%) बढ़ी। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी 86 हजार की थी, जो साल के आखिरी दिन 2.30 लाख प्रति किलो हो गई।

# 9.1 लाख करोड का निवेश करेंगे अडानी, साल 2035 तक बनाएंगे डेटा सेंटर, एआई के लिए होंगे तैयार

नई दिल्ली,17 फरवरी (एजेंसियां)। अडानी ग्रुप ने मंगलवार को एक बहुत बड़ी घोषणा की है। उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े इंटीग्रेटेड एनर्जी-कंप्यूट प्रोजेक्ट में 100 अरब डॉलर (करीब 9.1 लाख करोड़ रुपये) का सीधा निवेश करने का ऐलान किया है। इस पैसे से साल 2035 तक ऐसे डेटा सेंटर बनाए जाएंगे जो पूरी तरह से रिन्यूएबल एनर्जी ( नवीकरणीय ऊर्जा ) से चलेंगे और एआई ( आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ) के लिए तैयार होंगे। इस पहल का मकसद भारत को एआई क्रांति में एक बड़ी ताकत बनाना है। यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार करेगा जो लंबे समय तक चलेगा और देश को ऊर्जा और कंप्यूटिंग के मामले में आत्मनिर्भर बनाएगा। इस 100 अरब डॉलर के निवेश से साल 2035 तक सर्वर बनाने, बिजली के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, अपना खुद का क्लाउड प्लेटफॉर्म बनाने और इससे जुड़े दूसरे उद्योगों में करीब 150 अरब डॉलर का और निवेश आने की उम्मीद है।

**250 अरब डॉलर का एआई इंफ्रास्ट्रक्चर**

कुल मिलाकर, अगले 10 सालों में भारत में एआई इंफ्रास्ट्रक्चर का एक ऐसा इकोसिस्टम तैयार होगा जिसकी कीमत 250 अरब डॉलर (लगभग 20.8 लाख करोड़ रुपये) तक पहुंच सकती है। अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी ने कहा कि दुनिया एक ऐसी इंटेलिजेंस क्रांति में प्रवेश कर रही है जो पिछली किसी भी औद्योगिक क्रांति से कहीं ज्यादा गहरी है। उन्होंने आगे कहा कि जो देश ऊर्जा और कंप्यूटिंग के बीच तालमेल बिठा लेंगे, वे आने वाले दशक को दिशा देंगे। भारत इस मामले में अनोखी स्थिति में है।



**एआई में विस्तार कर रहा ग्रुप**

गौतम अडानी ने यह भी बताया कि अडानी ग्रुप अपने डेटा सेंटर और ग्रीन एनर्जी के मौजूदा अनुभव का इस्तेमाल करके एआई के पूरे पांच-स्तरीय स्टैक में विस्तार कर रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य भारत की तकनीकी संप्रभुता को मजबूत करना है। यह योजना अडनीकॉनेक्स के मौजूदा 2 गीगावाट के नेशनल डेटा सेंटर को बढ़ाकर 5 गीगावाट तक ले जाएगी। इससे भारत दुनिया की एआई अर्थव्यवस्था के केंद्र में आ जाएगा।इस विजन को साकार करने के लिए गूगल के साथ एक बड़ी साझेदारी की गई है। इसके तहत विशाखापत्तनम में देश का सबसे बड़ा गीगावाट-स्केल एआई डेटा सेंटर कैंपस बनाया जाएगा। इसके अलावा नोएडा में भी ऐसे कैंपस होंगे। माइक्रोसॉफ्ट के साथ मिलकर हैदराबाद और पुणे में भी डेटा सेंटर बनाए जाएंगे। अडानी ग्रुप भारत में बड़े पैमाने पर कैंपस स्थापित करने की चाह रखने वाले अन्य बड़ी कंपनियों से भी बात कर रहा है।

# मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

## सेंसेक्स 174 अंक चढ़ा, निफ्टी 25700 के पार

नई दिल्ली, 17 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। बैंक, आईटी और पूंजीगत सामान शेयरों में तेजी के चलते शेयर बाजार मंगलवार को लगातार दूसरे सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 5 पैसे बढ़कर 90.69 पर बंद हुआ।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 173.81 अंक या 0.21 प्रतिशत चढ़कर 83,450.96 पर बंद हुआ। दिन के दौरान सूचकांक 83,598 के उच्च स्तर और 82,987.43 के निम्न स्तर के बीच उतार-चढ़ाव करता रहा। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 42.65 अंक या 0.17 प्रतिशत बढ़कर 25,725.40 पर बंद हुआ।

**सेंसेक्स की कंपनियों का हाल**

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में आईटीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, लार्सन एंड टुब्रो, इंफोसिस, एशियन पेंट्स, टाइटन, अदानी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, सन फार्मास्यूटिकल्स, मारुति सुजुकी इंडिया, इंडिगो, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और टेक महिंद्रा प्रमुख लाभ कमाने वाले शेयर थे। दूसरी ओर, इटरनल, टाटा स्टील, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर घाटे में बंद हुए। व्यापक सूचकांकों में भी मजबूती देखी गई, जिसमें बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट इंडेक्स 0.49 प्रतिशत और मिडकैप सेलेक्ट इंडेक्स 0.26 प्रतिशत बढ़ा।

**यूरोपीय बाजारों में दिखी तेजी**

एशियाई बाजारों में, जापान का निक्केई 225 सूचकांक 0.47 प्रतिशत नीचे बंद हुआ, जबकि चीन, हांगकांग और दक्षिण कोरिया के बाजार चंद्र नव वर्ष की छुट्टियों के कारण बंद रहे। यूरोपीय बाजारों में सत्र के मध्य में तेजी देखी जा रही है। अमेरिकी शेयर बाजार सोमवार को राष्ट्रपति दिवस के कारण बंद रहा।

**ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 68.13 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा**

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.79 प्रतिशत गिरकर 68.13 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 972.13 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 1,666.98 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सोमवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 650.39 अंक बढ़कर 83,277.15 पर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 211.65 अंक बढ़कर 25,682.75 पर स्थिर हुआ।

# दैनिक पंचांग

**गृह गोचर**




| गृह स्थिति | | | लग्नारभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सुर्य | कुंभ | मे | कुंभ.... | 05-26 बजे |
| चंद्र | कुंभ | मे | मीन.... | 06-26 बजे |
| मंगल | मकर | मे | मेष..... | 08-05 बजे |
| बुध | कुंभ | मे | वृष.... | 09-41 बजे |
| गुरु | मिथुन | मे | मिथुन.. | 11-25 बजे |
| शुक्र | कुंभ | मे | कर्क... | 13-25 बजे |
| शनि | मीन | मे | सिंह--- | 15-38 बजे |
| राहु | कुंभ | मे | कन्या-- | 17-50 बजे |
| केतु | सिंह | मे | तुला----- | 19-57 बजे |
| | | | वृश्चिक.. | 22-02 बजे |
| | | | धनु..... | 00-12 बजे |
| | | | मकर... | 02-25 बजे |

श्री सिद्धार्थी (विश्वावसु) नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे ,ऋतु- बसंत
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि - 432000
भोग्य कलि वर्ष. - 426874
कलियुग संवत् - 5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् - 1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् - 1955885126
दिशाशूल - उत्तर - धनिया खाकर घर से निकले
मास - फाल्गुन शुक्ल पक्ष बुधवार 18 February 2026
तिथि - प्रतिपदा 16-58 तक उपरान्त द्वितीया
नक्षत्र - शतभिषा 21-16 तक उप पूर्वभाद्रपद
योग - शिव 22-45 रात तक उप. सिद्ध
करण - बव 16-58 तक. बालव

**बसंत ऋतु प्रा**

विशेषः- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका हमें दिखावे व पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए ।

**राहुकाल**
12-30 से
13-57 तक

**पं.महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 06-45 - 08-09 | शुभ | उत्पात | 18-14 - 19-51 | अशुभ |
| अमृत | 08-09 - 09-36 | शुभ | शुभ. | 19-51 - 21-24 | शुभ |
| काल | 09-36 - 11-03 | अशुभ | अमृत | 21-24 - 22-57 | शुभ |
| शुभ | 11-03 - 12-30 | शुभ | चंचल | 22-57 - 00-30 | शुभ |
| रोग | 12-30 - 13-57 | अशुभ | रोग | 00-30 - 02-03 | अशुभ |
| उत्पात | 13-57 - 15-24 | अशुभ | काल | 02-03 - 03-36 | अशुभ |
| चंचल | 15-24 - 16-51 | शुभ | लाभ | 03-36 - 05-09 | शुभ |
| लाभ | 16-51 - 18-14 | शुभ | उत्पात | 05-09 - 06-45 | अशुभ |

# आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,)
आज आप अपने सहयोगियों और ग्राहकों के साथ बेहतर संबंध बनायेंगे । आज कुछ ऐसा नया करने के लिए ये दिन अच्छा है , जिसमे आपके प्रभावशाली कौशल की आवश्यकता हो , हालांकि जो लोग बीमार हैं , वो लोग घर से काम शुरू कर सकते है। इससे अप्रत्याशित रूप से आपके काम की गुणवत्ता में सुधार होगा और उस समय की बचत भी होगी जो यात्रा में बर्बाद हो रहा था ।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,)
हास्य की आपकी भावना आपकी सबसे बड़ी संपत्ति है, अपने आप को और अपने वरिष्ठ अधिकारियों के बीच की खाई को पाटने के लिए यह सबसे उपयुक्त है । बोले गए कठोर शब्दों को अपने दिल में न रखे बल्कि ये कठोर शब्द के बारे में सोचे क्यों की ये बोले गए कठोर शब्द ही आपको आगे ले जाने में मदद करेंगे ।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,)
जो लोग विलासिता के सामान के व्यवसायों में शामिल हैं , वे लोग आज बहुत लाभ में रहेंगे और साथ ही साथ जो लोग स्वरोजगार में हैं , वे भी अपनी दरों में बढ़ोतरी कर सकते हैं और साथ ही साथ मन वांछित राशि की प्राप्ति कर सकते हैं। उन लोगों पर ध्यान न दें जो लोग आपकी सराहना करने में विफल रहते हैं।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,)
आज का दिन प्रशासनिक नौकरियों में या किसी भी क्षमता में सरकार के लिए काम कर रहे लोगों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है। जो भी विस्तारपूर्ण काम काज जो काफी समय से लंबित था , उसे करने के लिये आज प्रयत्न करे क्यों की वह आसानी से समाप्त हो जाएगा । अगर आप अपने वर्तमान कार्यस्थल पर बैचनी या फंसा हुआ सा महसूस कर रहे है।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,)
कार्य क्षेत्र में आपका जीवन संतुलित रहेगा । आप अपने प्रभावशाली नरम कौशल के लिए जाने जायेंगे । आप को और अधिक ज्ञान पाने के लिए कई अवसर मिलेंगे तथा आप अन्य लोगों के साथ इस ज्ञान को साझा भी कर सकते हैं । लेकिन कुछ अप्रत्याशित परिस्थितियों में आपको भारी वित्तीय नुकसान हो सकता है ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आज आपको अपने कार्य संबंधों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं। फिर भी, आपका दृढ़ संकल्प आपको मजबूत और केंद्रित रहने में मदद करता है। सहानुभूति आपके कार्यों का मार्गदर्शन करती है, और निरंतर प्रयास परिणाम लाता है। सावधानीपूर्वक योजना बनाना और धैर्य रखना आपको पढ़ाई और करियर दोनों में आगे बढ़ने में मदद करेगा, भले ही गति धीमी लगे।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,)
आप अच्छे स्वभाव के व्यक्ति हैं और सामाजिक कार्यो में भी भाग लेते रहे है । आज आपके इन गुणों की बहुत सराहना की जाएगी और उनके लिए पुरस्कार भी दिया जाएगा । आपको अपने आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के लिए अदभुत सलाह भी मिल सकती है और आप वो सब पा सकते है जो अपने बलबूते पर पाना इतना आसान नहीं था ।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,)
आज के दिन विधार्थियो , युवा बेरोजगारो और स्वनियोजित व्यवसायियों के लिए काफी करियर अवसर आयेंगे । आप एक ऐसी परियोजना के भागीदार बन सकते है जिससे आपके करियर की दिशा परिवर्तित हो सकती है और काफी समय से आपको इसकी तलाश भी थी ।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे)
आपकी रचनात्मकता निखरती है, और आपका अंतर्ज्ञान कार्यस्थल की गतिशीलता के प्रति आपकी समझ को निखारता है। तार्किक सोच आपके निर्णयों का मार्गदर्शन करती है, जिससे आपको निरंतर प्रगति करने में मदद मिलती है। जैसे-जैसे परिस्थितियाँ बदलती हैं, आपका लचीलापन आपको सहज रूप से अनुकूलन करने में मदद करता है, जिससे आप आगे बढ़ते रहते हैं।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
अवलोकन और विश्लेषण की आपकी शक्ति आज अपने चरम पर होगी अतः अगर आप किसी भी नौकरी में हैं और अगर इन कौशल की आवश्यकता है , तो आज सफलता आपके कदम चूमेगी । वैज्ञानिकों , जांचकर्ताओं और शोधकर्ताओं के लिए आज एक उपयोगी दिन होगा ।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,)
अगर आप अपने कार्यक्षेत्र या अपने आर्थिक लक्ष्यों के लिए किसी पारंगत व्यक्ति या अपने निकट जानने वाले व्यक्ति से परामर्श लेते है तो ये सुझाव आपको काफी लाभ दे सकता है । आज का दिन इंजीनियरों और कंप्यूटर में प्रवीण व्यक्तियों के लिए काफी अछा रहेगा । आपको दूसरी नौकरी का प्रस्ताव भी मिल सकता है।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची)
रोजगार और आय के नए अवसर आज आपको मिल सकते है । आपको आगे बढ़ने के काफी अवसर मिलेंगे जिसको लेकर आप समझ नहीं पाएंगे की कौन सा विकल्प आपके लिए अच्छा है , जिसे लेकर आप आगे बढ़ सकते है । आज परिवार और कार्य क्षेत्र में संतुलन बिठाना मुश्किल हो सकता है और आप अपने कार्य क्षेत्र को परिवार की तुलना में ज्यादा महत्व देंगे ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**



# विधानसभा घेराव: कांग्रेसियों पर पुलिस ने भांजी लाठियां, कई कार्यकर्ता घायल



जयपुर, 17 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में एक बार फिर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस के खेलकूद प्रकोष्ठ के सैकड़ों कार्यकर्ता जब विधानसभा घेराव करने निकले तो पुलिस ने उनका रास्ता रोक लिया। बात बढ़ने पर पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की हुई, बैरिकेड टूटे और आखिरकार पुलिस को वॉटर कैनन चलानी पड़ी।

**पुलिस से हुई झड़प, 12 से ज्यादा घायल**

22 गोदाम स्थित सहकार भवन से जैसे ही कांग्रेस कार्यकर्ता विधानसभा की ओर बढ़े, पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोक दिया। कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड हटाने की कोशिश की। दोनों पक्षों में तीखी नोक-झोंक हुई और धक्का-मुक्की शुरू हो गई। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने वॉटर कैनन चला दी और भीड़ को तितर-बितर कर दिया। खेलकूद प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अमीन पठान ने बताया कि इस झड़प में 12 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को चोटें आई हैं। उन्होंने पुलिस की कार्रवाई को बर्बरता करार देते हुए कहा कि पुलिस गोलियां चलाए, तो भी हम युवाओं की आवाज उठाते रहेंगे।

**प्रदर्शन में शामिल हुए बड़े नेता**

विधानसभा घेराव से पहले आयोजित सभा में मंच पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली भी पहुंचे। इस दौरान माहौल जोशीला था, डोटासरा ने मंच से गमछा लहराकर डांस किया और कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार गोहत्या जैसे भावनात्मक मुद्दों की आड़ में जनता का असली समस्याओं से ध्यान भटका रही है। डोटासरा ने कहा कि भाजपा को न गोमाता से मतलब है, न खिलाड़ियों से, उन्हें सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करनी है। उन्होंने कांग्रेस के खेलकूद प्रकोष्ठ की तारीफ करते हुए कहा कि अमीन पठान के नेतृत्व में यह विंग सभी प्रकोष्ठों में नंबर-वन है।

**आखिर क्यों हो रहा है यह प्रदर्शन?**

अमीन पठान के मुताबिक, यह सिर्फ राजनीतिक प्रदर्शन नहीं है इसके पीछे कई ठोस मांगें हैं। भाजपा सरकार बनने के बाद से राजस्थान में खेल बजट में भारी कटौती की गई है। खिलाड़ियों को टीए-डीए, प्रोत्साहन राशि और छात्रवृत्ति समय पर नहीं मिल रही।

खेल के मैदानों पर अतिक्रमण हो रहा है और स्टेडियम निर्माण के काम ठप पड़े हैं। इन हालात में युवा खेल से दूर होकर नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष के नाम ज्ञापन सौंपकर सरकार से खेल विरोधी नीतियां खत्म करने, खिलाड़ियों को सुविधाएं देने और नौकरी सुनिश्चित करने की मांग की है।

अमीन पठान ने साफ चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने जल्द मांगें नहीं मानीं तो बड़ा आंदोलन होगा। युवाओं और खिलाड़ियों की यह लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई - यह तो बस शुरुआत है।

# विधानसभा में हाई-वोल्टेज ड्रामा
## गरमाये मुद्दे के बीच हाथापाई की नौबत !
## बीजेपी विधायक का ऐलान 'इस्तीफा दे दूंगा'



जयपुर, 17 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र में मंगलवार को उस वक्त भारी बवाल मच गया जब विपक्ष ने जयपुर की हिंगोनिया गौशाला के पास गाय के बछड़े का कटा सिर मिलने का मुद्दा उठाया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरकार पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि इस जघन्य अपराध के आरोपी को सत्ता पक्ष के एक विधायक का संरक्षण प्राप्त है। इस बयान ने सदन में ऐसी आग सुलगाई कि भाजपा और कांग्रेस के दिग्गज आमने-सामने आ गए।

हंगामा तब शुरू हुआ जब हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य ने सरकार से सवाल किया कि क्या राजस्थान में गाय को 'राज्य पशु' का दर्जा देने का कोई विचार है? इस पर पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने दो टूक जवाब देते हुए कहा कि फिलहाल ऐसा कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन नहीं है। मंत्री के इस जवाब ने हिंदूवादी राजनीति करने वाले धड़े को असहज कर दिया, लेकिन असली विस्फोट अभी बाकी था। सदन में माहौल तब गरमाया जब नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने खड़े होकर राजधानी की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए। जूली ने कहा, 'जयपुर में हिंगोनिया गौशाला के पास से बछड़े का कटा सिर लाकर लटकाया गया। यह सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश है।'

जूली ने दावा किया कि इस मामले में जो आरोपी है, उसे भाजपा का एक विधायक बचा रहा है। जूली ने इशारों-इशारों में सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा की ओर संकेत किया।

अपना नाम घसीटे जाने पर सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा बुरी तरह बिफर गए। उन्होंने सदन में खड़े होकर दहाड़ते हुए कहा, आप मेरा नाम ले रहे हैं? अगर इस मामले में कोई भी मेरा आदमी शामिल पाया गया, तो मैं इसी वक्त विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दूँगा। शर्मा के इस तेवर ने सत्ता पक्ष के खेमे में जोश भर दिया, वहीं विपक्ष ने शोर-शराबा और तेज कर दिया।

राजस्थान के विधानसभा में उस वक्त हाथापाई की नौबत बनती दिखाई दी, जब भाजपा विधायक गोपाल शर्मा सदन की कार्यवाही के बीच ना पक्ष की वेल की तरफ़ आक्रोश के साथ बढ़ने लगे। तभी कांग्रेस विधायक गोविंद सिंह डोटासरा और अशोक चांदना भी गोपाल शर्मा की तरफ़ आक्रोशित होकर बढ़ गए .इससे माहौल और ज़्यादा गरमा गया। हंगामे के बीच कांग्रेस विधायकों ने बछड़े के कटे सिर वाले पोस्टर लहराना शुरू कर दिया। इस पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी सख्त नजर आए। उन्होंने पोस्टर लहराने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा, जिस तरह से पोस्टर लहराए जा रहे हैं, उससे साफ लगता है कि आप लोग सदन की कार्यवाही बाधित करने के लिए पहले से प्लानिंग करके आए थे। स्पीकर ने मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग को निर्देश देकर गोपाल शर्मा को शांत कराया और सदन की गरिमा बनाए रखने की अपील की। सदन में उस वक्त मर्यादा की सीमाएं लांघती दिखीं जब पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा और गोपाल शर्मा के बीच सीधी बहस शुरू हो गई। दोनों ओर से तीखी टिप्पणियां की गईं।

# 'दीया-गजेंद्र-राज्यवर्धन के विभागों में बजट कटौती
## 'संयोग' या 'प्रयोग'?



जयपुर, 17 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा में आय-व्यय अनुमान वर्ष 2026-27 पर चर्चा के दौरान निर्दलीय विधायक युनुस खान ने अपनी ही पुरानी पार्टी (भाजपा) की सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया है। खान ने आरोप लगाया है कि सरकार ने जानबूझकर उन विभागों के बजट में कटौती की है जिनके मुखिया एक ही विशेष समाज से आते हैं। उनके इस बयान ने सदन के भीतर और बाहर जातिगत और विभागीय राजनीति की चर्चाओं को गर्म कर दिया है।

**तीन विभागों के बजट में 'कैंची' और मंत्रियों का कनेक्शन**

विधायक युनुस खान ने सदन में अखबार की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि सार्वजनिक निर्माण विभाग, आईटी विभाग और युवा खेल विभाग के बजट में पिछले वर्ष (2025-26) की तुलना में इस बार (2026-27) कटौती की गई है। उन्होंने इन विभागों के मंत्रियों के नामों को जोड़ते हुए एक बड़ा राजनीतिक सवाल खड़ा किया:

दीया कुमारीः उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री (जिनके पास पीडब्ल्यूडी जैसे विभाग हैं)

गजेंद्र सिंह खींवसरः चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री

राज्यवर्धन सिंह राठौड़ः आईटी और युवा एवं खेल मंत्री

युनुस खान ने कहा, ये तीनों मंत्री संयोग से एक ही समाज (राजपूत) से आते हैं। क्या यह केवल संयोग है या सरकार का कोई नया प्रयोग कि इन्हीं के विभागों के पैसे काटे गए हैं?

खान ने अपने संबोधन में अल्पसंख्यकों की उपेक्षा का मुद्दा भी चतुराई से पिरोया। उन्होंने कहा कि माइनोरिटी (अल्पसंख्यक) विभाग का बजट कम करना तो समझ में आता है क्योंकि उसके लिए कोई बोलने वाला नहीं है और उसे 'तुष्टीकरण' के नाम पर और भी कम किया जा सकता है। लेकिन सत्ता पक्ष के इन कद्दावर मंत्रियों के विभागों के बजट में कटौती की गूँज दूर तक जाएगी।

ये तीन विभागों के आपने पैसे कम किए हैं, इसकी आग नीचे तक जाएगी। मैं आज सदन के माध्यम से सरकार को सचेत कर रहा हूँ।

**'संयोग' या 'प्रयोग'? सरकार की मंशा पर सवाल**

युनुस खान का इशारा साफ था कि क्या सरकार के भीतर कोई आंतरिक खींचतान चल रही है या फिर यह मुख्यमंत्री कार्यालय का इन मंत्रियों के प्रभाव को कम करने का एक 'प्रयोग' है। उन्होंने सरकार से पूछा कि जब विकास की बात हो रही है, तो पीडब्ल्यूडी, आईटी और खेल जैसे बुनियादी और युवा केंद्रित विभागों के बजट में कमी क्यों की गई?

**बजट सत्र में विपक्ष को मिला नया हथियार**

युनुस खान के इस बयान के बाद विपक्ष (कांग्रेस) ने भी सुर में सुर मिलाना शुरू कर दिया है। सदन में इस मुद्दे पर काफी देर तक तीखी नोकझोंक हुई। भाजपा के मंत्रियों ने हालांकि आंकड़ों के साथ इन आरोपों को खारिज करने की कोशिश की है, लेकिन 'जातिगत संयोग' वाले बयान ने इस बहस को नया रंग दे दिया है।

# हाईकोर्ट की जोधपुर बेंच को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी, सर्च ऑपरेशन के बाद कामकाज स्थगित




जोधपुर, 17 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर बेंच को मंगलवार सुबह ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड ने दोनों परिसरों को एहतियातन खाली कराकर सघन तलाशी अभियान शुरू किया। सुरक्षा कारणों से अदालती कामकाज सुबह 11:30 बजे तक स्थगित कर दिया गया। पुलिस ईमेल भेजने वाले की पहचान में जुटी है।

सुबह हाईकोर्ट प्रशासन को प्राप्त ईमेल में परिसर में विस्फोटक रखे होने का दावा किया गया। इसके बाद जोधपुर में डीसीपी (पश्चिम) विनीत बंसल के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और कोर्ट परिसर को अस्थायी रूप से नो एंट्री जोन घोषित कर दिया गया। वकीलों, कर्मचारियों और पक्षकारों को बाहर निकालकर पूरे भवन की तलाशी ली गई।

धमकी को गंभीरता से लेते हुए बम डिस्पोजल और डॉग स्क्वायड की टीमों ने कोर्ट रूम, चैंबर और अन्य हिस्सों की बारीकी से जांच की। साइबर सेल उस सर्वर और आईपी एड्रेस की पड़ताल कर रही है, जहां से ईमेल भेजा गया। आसपास के क्षेत्रों में भी संदिग्ध वस्तुओं की जांच की जा रही है।

सुरक्षा के मद्देनजर हाईकोर्ट के डिस्प्ले बोर्ड पर कामकाज स्थगित होने की सूचना जारी की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा क्लियरेंस मिलने के बाद ही नियमित कार्रवाई शुरू की जाएगी। साथ ही भविष्य में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रवेश द्वारों पर जांच बढ़ा दी गई है और केवल वैध पहचान पत्र धारकों को ही परिसर में प्रवेश की अनुमति दी जा रही है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है और जांच एजेंसियां मामले की तह तक पहुंचने का प्रयास कर रही हैं।

# भारत-पाक सीमा के पास पकड़ा गया संदिग्ध युवक
## सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट, बीएसएफ कर रही है पूछताछ

जैसलमेर, 17 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के सरहदी जिले जैसलमेर में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे संवेदनशील इलाके में एक संदिग्ध युवक के पकड़े जाने से सुरक्षा एजेंसियों में हलचल मच गई है। मामला म्याजलार क्षेत्र के गुंजनगढ़ गांव के पास का है, जहां ग्रामीणों की सतर्कता से एक बाहरी राज्य का व्यक्ति प्रतिबंधित सीमावर्ती क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में घूमता हुआ पकड़ा गया। स्थानीय लोगों के अनुसार गांव के निकट सीमा से जुड़े प्रतिबंधित इलाके में एक अनजान व्यक्ति को इधर-उधर घूमते देखा गया। सीमा क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए ग्रामीणों ने उससे पूछताछ की। युवक अपनी मौजूदगी का स्पष्ट और संतोषजनक कारण नहीं बता पाया। उसकी गतिविधियां संदिग्ध लगने पर ग्रामीणों ने उसे वहीं रोक लिया और तुरंत पोछीणा स्थित बीएसएफ चौकी को सूचना दी।

प्रारंभिक जांच में युवक की पहचान मोहम्मद अशफाक हुसैन के रूप में हुई है, जो दक्षिण भारत के राज्य तेलंगाना का निवासी बताया जा रहा है। तलाशी के दौरान उसके पास से भारतीय पासपोर्ट बरामद हुआ है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वह वैध अनुमति के साथ वहां पहुंचा था या नहीं।

सीमावर्ती प्रतिबंधित क्षेत्र में किसी बाहरी राज्य के व्यक्ति का बिना पूर्व अनुमति पहुंचना सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर माना जाता है। खासकर तब जब वह व्यक्ति अपनी मौजूदगी का ठोस कारण बताने में असफल रहे।

# *सिर्फ एक क्लिक पर एआई बदलेगा किसानों की किस्मत*
## शिवराज सिंह चौहान ने दिया 'भारत विस्तार' का तोहफा, जानें क्या मिलेंगे फायदे



जयपुर, 17 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राजस्थान सहित देश के किसानों को बड़ा तोहफा दिया। शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कृषि क्षेत्र में एक बहुभाषी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित संवादात्मक परामर्श प्रणाली 'भारत विस्तार' का मंगलवार को जयपुर से राष्ट्रीय शुभारंभ किया।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, अगर कोई किसान अपने खेत पर आता है और उसे लगता है कि उसकी फसल में कोई बीमारी है, तो वह कॉल करके पूछ सकता है कि यह दिक्कत है, उसे बीमारी और कौन सी दवाई डालनी है, इसकी जानकारी मिलेगी, अगर वह मार्केट के दाम जानना चाहता है, तो उसे बताया जाएगा, मौसम की जानकारी, योजनाओं की जानकारी, यह सारी जानकारी भारत-विस्तार के ज़रिए दी जाएगी जो हमारा एआई प्लेटफॉर्म है... सब भाषाओं में जानकारी दी जाएगी।

शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के सीएम भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में यहां राज्य कृषि प्रबंध सस्थान (श्याम), दुर्गापुरा में आयोजित कार्यक्रम में इसका शुभारंभ किया। इस मौके केन्द्रीय कृषि राज्य भागीरथ चौधरी, राजस्थान के कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय बजट 2026-27 में घोषित 'भारत विस्तार' एक बहुभाषी, एआई-आधारित संवादात्मक परामर्श प्रणाली है, जो देश के किसानों को एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कृषि संबंधी समग्र सेवाएं उपलब्ध कराएगी। यह पहल कृषि क्षेत्र में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) के रूप में विकसित की गयी है, जिसका उद्देश्य किसानों की उत्पादकता बढ़ाना, लागत कम करना और जोखिम को न्यूनतम करना है।

'भारत विस्तार' प्रणाली को एग्रीस्टेक तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संसाधनों के साथ एकीकृत किया गया है। इसके अतिरिक्त यह विभिन्न केंद्रीय एवं राज्य कृषि योजनाओं, भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी), मंडी मूल्यों एवं राज्य स्तरीय डिजिटल प्रणालियों से जुड़कर किसानों को एक ही स्थान पर सटीक एवं अद्यतन जानकारी प्रदान करेगा।

ॉइस प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसानों को फसल आधारित वैज्ञानिक परामर्श, रीयल-टाइम मंडी मूल्य, मौसम पूर्वानुमान, कृषि ऋण एवं बीमा जानकारी, सरकारी योजनाओं की पात्रता एवं आवेदन मार्गदर्शन जैसी सेवाएं सरल एवं सुलभ रूप में प्राप्त होंगी। 'भारत विस्तार' के शुभारंभ के साथ ही भारत ने कृषि क्षेत्र में एआई आधारित नवाचार की दिशा में एक नई मिसाल कायम की है। यह पहल डिजिटल इंडिया के विजन को ग्रामीण भारत तक सशक्त रूप में पहुंचाने की दिशा में एक निर्णायक कदम सिद्ध होगी।

# भाजपा नेता को गैंगस्टर की धमकी के विरोध में कुचामन शहर बंद

कुचामनसिटी, 17 फरवरी (एजेंसियां)। व्यापारियों व जनप्रतिनिधियों को धमकी देकर रंगदारी मांगने के विरोध में डीडवाना-कुचामन जिले का कुचामन शहर में आज बंद रखा गया है। कुचामन बंद के आह्वान का व्यापक असर देखने को मिल रहा है, शहर के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान पूरी तरह से बंद हैं। कुचामन बंद को सभी व्यापार मण्डलों ने समर्थन दिया है।

भाजपा नेता विजय सिंह पलाड़ा को कुख्यात रोहित गोदारा गैंग के सदस्य विरेंद्र चारण की ओर से जान से मारने की धमकी मिलने के बाद सोमवार को सर्व समाज की बैठक हुई। जिसमें कुचामन शहर बंद रखने की घोषणा की गई थी।

कुचामन शहर में सुबह से ही दुकानें बंद है। 11 बजे शहरवासी कनोई पार्क में एकत्रित हुए। इसके बाद जुलूस के रूप में कुचामन पुलिस थाने तक पैदल मार्च निकाला गया। इस दौरान अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लोगों ने प्रदर्शन किया।

व्यापारी वर्ग, सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। सर्व समाज ने प्रशासन को आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर उनके नेटवर्क का खुलासा नहीं करने पर प्रदेशस्तर पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी। वक्ताओं ने कहा कि गैंगस्टर की ओर से व्यापारी रमेश रूलानिया की हत्या के बाद भी रंगदारी का सिलसिला नहीं थमा। कई व्यापारियों को फोन पर धमकियां मिल रही हैं। भाजपा नेता विजय सिंह पलाड़ा को जान से मारने की धमकी दी गई है। कुचामन अब और लाशें नहीं गिनेगा, समय रहते सख्त कार्रवाई जरूरी है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि गैंगस्टर खुलेआम धमकी दे रहे हैं, लेकिन मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से बदमाशों के हौसले बढ़ रहे हैं। प्रशासन ने कठोर कदम नहीं उठाए तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# भिवाड़ी ब्लास्ट के बाद एक और अवैध फैक्टरी का खुलासा
## स्टील फैब्रिकेशन की आड़ में चल रहा था यह धंधा

कोटपूतली-बहरोड़, 17 फरवरी (एजेंसियां)। भिवाड़ी के खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में हालिया ब्लास्ट के बाद प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक और अवैध पटाखा फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। यहां प्लॉट संख्या जी-1/682 में स्टील फैब्रिकेशन की आड़ में पॉपअप पटाखों का निर्माण किया जा रहा था। सूचना कांग्रेस पार्टी के इमरान खान की ओर से दी गई, जिसके बाद प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची। गेट का ताला तुड़वाने पर अंदर पटाखे बनाने से जुड़ा भारी मात्रा में सामान और जखीरा मिला। जांच के दौरान यह जानकारी सामने आई कि फैक्टरी में महिलाओं और बच्चों से भी काम कराया जा रहा था। यह अवैध इकाई खुशखेड़ा ब्लास्ट स्थल से लगभग 500 मीटर की दूरी पर संचालित हो रही थी। बताया गया है कि धमाके के बाद मालिक फैक्टरी में ताला लगाकर फरार हो गया।

कार्रवाई के दौरान एडीएम सुमित्रा पारीक, तिजारा डीएसपी शिवराज सिंह, तहसीलदार, नगर परिषद और फायर विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। पूरे परिसर की बारीकी से जांच की जा रही है। एहतियातन कंपनी परिसर में जाने वाली बिजली लाइन काट दी गई है और विस्तृत जांच जारी है। इस घटनाक्रम के बाद खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर सवाल खड़े हुए हैं। हालिया ब्लास्ट के बाद सामने आई इस अवैध इकाई ने औद्योगिक क्षेत्रों में निगरानी और अनुपालन व्यवस्था पर चर्चा को तेज कर दिया है।

# बारिश के साथ गिरेंगे ओले
## मौसम विभाग की लेटेस्ट चेतावनी

कोटा, 17 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में अगले 48 घंटों के दौरान मौसम बड़ा बदलाव दिखा सकता है। राज्य में सक्रिय हो रहे नए पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान कई जिलों में मेघगर्जन, बारिश और तेज हवाओं की संभावना है। कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हो सकती है।

मौसम विभाग ने बताया है कि आज जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर और उदयपुर संभाग के कुछ हिस्सों में दोपहर बाद मौसम करवट ले सकता है। आसमान में बादल छाने और मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश होने के आसार हैं। सुबह और दोपहर तक मौसम सामान्य रह सकता है, लेकिन बाद में अचानक बदलाव से लोगों को राहत भी मिल सकती है। विक्षोभ का सबसे ज्यादा प्रभाव 18 फरवरी को रहने की संभावना है। इस दिन बीकानेर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर, कोटा संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में कई जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि कुछ इलाकों में 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

# जल जीवन मिशन घोटाले में एसीबी का बड़ा एक्शन
## रिटायर्ड आईएएस से जुड़े ठिकानों पर रेड, 9 हिरासत में

जयपुर, 17 फरवरी (एजेंसियां)। कार्रवाई का प्रमुख फोकस पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव और रिटायर्ड आईएएस सुबोध अग्रवाल से जुड़े संभावित ठिकाने रहे। जांच एजेंसी को संदेह है कि मिशन के दौरान हुए कथित करोड़ों के फर्जीवाड़े की कड़ियां उच्च प्रशासनिक स्तर तक जुड़ी हो सकती हैं। सुबह से ही एसीबी की टीमों ने संदिग्धों के आवास और कार्यालयों पर दबिश दी। एसीबी ने सख्त रुख अपनाते हुए नौ लोगों को हिरासत में लिया है। सूत्रों के अनुसार केडी गुप्ता, सुशील शर्मा, डीके गौड़, महेंद्र सोनी, विशाल सक्सेना, दिनेश गोयल, शुभांशु दीक्षित, अरुण श्रीवास्तव और निरिल कुमार से पूछताछ की जा रही है। सभी से अज्ञात स्थानों पर गहन पूछताछ चल रही है और जांच एजेंसियों को बड़े खुलासों की उम्मीद है। इससे पूर्व एसीबी ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर करोड़ों के ठेके आवंटित करने के मामले में पीएचईडी के तीन अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। आरोप है कि नियमों की अनदेखी कर कुछ कंपनियों को लाभ पहुंचाया गया। जिन अधिकारियों के नाम सामने आए, उनमें तत्कालीन मुख्य अभियंता (विशेष परियोजना) दिनेश गोयल, सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता महेंद्र प्रकाश सोनी और अधिशासी अभियंता सिद्धार्थ टांक शामिल हैं।

हर घर जल योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में नल कनेक्शन देने के नाम पर कथित तौर पर 900 करोड़ रुपये से अधिक की अनियमितताओं का मामला सामने आया है। आरोप है कि ठेकेदारों ने पीएचईडी अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर फर्जी अनुभव प्रमाण पत्रों के आधार पर टेंडर हासिल किए और घटिया सामग्री का उपयोग किया।

# सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए : रेवंत रेड्डी

## सीएम ने सुबह-सवेरे निरीक्षण का दिया निर्देश




हैदराबाद, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने तीन नए बनाए गए नगर निगमों में सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया और चेतावनी दी कि शहर में कहीं भी कचरा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

राज्य सचिवालय में मंगलवार को नगर प्रशासन और शहरी विकास विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने आयुक्तों को सुबह 6 बजे से क्षेत्रीय निरीक्षण करने का आदेश दिया। मुख्यमंत्री ने राजस्व वृद्धि रणनीतियों की समीक्षा की और प्रमुख चौराहों पर स्मार्ट पोल लगाने, नेकलेस रोड के किनारे मल्टी-लेवल पार्किंग की संभावनाओं का अध्ययन करने और विज्ञापन राजस्व तंत्र को सुदृढ़ करने जैसे उपाय सुझाए। उन्होंने विज्ञापन बोर्डों से अपेक्षित आय कम होने पर अधिकारियों से सवाल किए और मुंबई, अहमदाबाद और बेंगलुरू में राजस्व मॉडल की तुलना करने का निर्देश दिया।

रेवंत ने राजस्व हानि करने वाले विज्ञापनदाताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और 10 प्रतिशत विज्ञापन बोर्ड सरकारी कल्याण अभियानों के लिए आरक्षित करने का सुझाव दिया। उन्होंने अधिकारियों को यूनिकोड आधारित स्ट्रीटलाइट प्रबंधन प्रणाली अपनाने और नगर निगमों में पार्क विकास पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश भी दिया। मुख्यमंत्री ने नए निर्वाचित शहरी स्थानीय निकाय प्रतिनिधियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का भी निर्देश दिया, जिसमें वे स्वयं भाग लेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री के सलाहकार वेम नारेंद्र रेड्डी, मुख्य सचिव रामकृष्ण राव, सीएम सचिव माणिक राज, एचएमडीए कमिश्नर सरफराज अहमद, हैदराबाद, साइबराबाद और मलकाजगिरी आयुक्त आर.वी. कर्णन, सृजना और विनय कृष्ण रेड्डी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रजा भवन में महिलाओं के अधूरे वादों को लेकर कविता का धरना



हैदराबाद, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना जागृति की अध्यक्ष के. कविता ने मंगलवार को हैदराबाद स्थित प्रजा भवन में अचानक विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कांग्रेस सरकार से तेलंगाना की महिलाओं से किए गए चुनावी वादों को पूरा करने की मांग की। पूर्व सांसद महिलाओं के साथ प्रदर्शन में शामिल हुईं और बाद में अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा, जिसमें लंबित वादों को तुरंत लागू करने की मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने नारे लगाते हुए दुल्हनों को 10 ग्राम सोना, छात्राओं को इलेक्ट्रिक स्कूटर और महिलाओं को 2,500 मासिक आर्थिक सहायता जैसे वादों को पूरा करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के बाद कविता ने आगामी बजट सत्र में इन योजनाओं के लिए धन आवंटित करने की मांग की। उन्होंने आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं से किए गए वादों को भी शीघ्र पूरा करने की अपील की।

# रमजान महीने में सुरक्षा को लेकर सीपी ने किया निरीक्षण

## कोतवाल हाउस में मुस्लिम धर्मगुरुओं से मुलाकात की



हैदराबाद, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पवित्र रमजान महीने की शुरूआत के मद्देनजर, हैदराबाद शहर के पुलिस कमिश्नर वी.सी. सज्जनार ने मंगलवार को चारमिनार स्थित ऐतिहासिक मक्का मस्जिद का दौरा किया। उन्होंने चारमिनार के विधायक मीर जुल्फीकर अली के साथ मिलकर मस्जिद प्रांगण और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया और वहां लागू किए गए सुरक्षा उपायों की बारीकी से समीक्षा की।

इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि रमजान के दौरान प्रार्थना के लिए आने वाले लोगों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएं। इससे पहले, पुलिस कमिश्नर ने पुरानी हवेली में स्थित कोतवाल हाउस में मुस्लिम धर्मगुरुओं से मुलाकात की। उन्होंने पूरे महीने चलने वाले रमजान उत्सवों की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की और कई सुझाव दिए। कार्यक्रम में अतिरिक्त सीपी तफ़सीर इकबाल, आईपीएस, जॉइंट सीपी एस.ए.एम. विजय कुमार, चारमीनार जोन डीसीपी खरे किरण प्रभाकर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# जनगांव और थोरूर नगरपालिकाओं में कांग्रेस का कब्जा

**लॉटरी से तय हुए अध्यक्ष पद का चुनाव**

हैदराबाद, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। संयुक्त वारंगल जिले में उच्च राजनीतिक तनाव और ड्रामे के बीच, कांग्रेस पार्टी ने जनगांव और थोरूर नगरपालिकाओं में अध्यक्ष पदों के लिए लॉटरी पद्धति से जीत हासिल की। रविवार को होने वाले चुनाव विवादों के कारण स्थगित होने के बाद मंगलवार को यह चुनाव संपन्न हुआ। जनगांव नगरपालिका में कांग्रेस उम्मीदवार कड़कंची बालमणि ने अध्यक्ष पद के लिए लॉटरी जीतकर विजय हासिल की, जबकि बीआरएस उम्मीदवार परवतल उपाध्यक्ष चुने गए। थोरूर में कांग्रेस उम्मीदवार थुनम श्रवण अध्यक्ष चुने गए और कांग्रेस की सोमरजिनी उपाध्यक्ष बनीं। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के साथ दो दिन तक बनी राजनीतिक तनावपूर्ण स्थिति समाप्त हो गई।

# कलेक्टर को कोर्ट की अवमानना पर 6 महीने की जेल और 2 हजार जुर्माना



मेदक, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हाईकोर्ट ने मेदक जिले के कलेक्टर राहुल राज को कोर्ट के आदेशों की अवमानना करने पर कड़ी सजा सुनाई है। मंगलवार को हुई सुनवाई के बाद अदालत ने उन्हें 6 महीने की जेल और 2,000 जुर्माना लगाया। कोर्ट ने जेल की सजा के खिलाफ अपील करने के लिए कलेक्टर को 4 सप्ताह का समय भी दिया है। यह कार्रवाई बोनाल गांव निवासी लक्ष्मी द्वारा दायर की गई याचिका के बाद हुई, जिसमें उन्होंने दावा किया कि कलेक्टर ने भूमि विवाद में कोर्ट के आदेशों की अवहेलना की। हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर के रवैये को गलत ठहराया और निर्देश दिया कि कोर्ट के आदेशों का पालन अनिवार्य है। अदालत ने कहा कि याचिका पर फैसला अमल में लाने की प्रक्रिया को चार सप्ताह के लिए स्थगित किया गया है, ताकि अपील की प्रक्रिया पूरी की जा सके। इस फैसले से स्पष्ट संदेश गया है कि सरकारी अधिकारियों द्वारा न्यायालय के आदेशों की अवहेलना बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



विश्व मंगल गौशाला में अमावस्या पर भेराराम सेणचा, कन्हैया कुमावत द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए भोजन प्रसादी धर्मा राम सुथार द्वारा की गई। महेंद्र शापूर, तुलसाराम, रमेश माली, अमरनाथ, परबत सोलंकी, नारायण राम, गोविंद, हनवंत, नरपत, गोविंद, देवाराम, महेंद्र कुमावत, राजूराम प्रजापत, सुरेश, भजन सम्राट लाल गिरी मिथोड़ा, रूगनाथ, दिनेश, मोहन, दिनेश, राजूराम कुमावत, दिनेश कुमावत, पुखराज भाटी, मोहनलाल बरफा, ओमप्रकाश, गोविंद चौहान, नारायण राम सुथार, राजेश नक्का उपस्थित रहे।



अमावस्या के उपलक्ष्य में कृष्णा गोपाल सेवा समिति की ओर से अन्नप्रसाद का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें लगभग 600 श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी लिया।

# बीआरएस की गुंडागर्दी लोकतंत्र पर हमला : विवेक

हैदराबाद, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। श्रम एवं खनन मंत्री जी. विवेक वेंकटस्वामी ने काइथनपल्ली नगरपालिका में चेयरमैन चुनाव के दौरान बीआरएस नेता बाल्का सुमन द्वारा कथित गुंडागर्दी की कड़ी निंदा करते हुए इसे लोकतंत्र पर हमला बताया। मंगलवार को चेनूर विधायक कैंप कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में, पेद्दापल्ली सांसद जी. वमशी कृष्णा के साथ मंत्री ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने और पुलिस बैरिकेडिंग के बावजूद बल्का सुमन समर्थकों के साथ पहुंचे और उनके वाहन पर हमला किया। हमले में एक पुलिस कांस्टेबल और एक कांग्रेस कार्यकर्ता घायल हो गए। मंत्री ने कहा कि वे और सांसद वामसी कृष्णा सह-चयनित सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण और चेयरमैन चुनाव में मतदान के लिए गए थे, लेकिन उन पर हमला किया गया। डॉ. विवेक ने कहा कि चुनाव पूरी तरह लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न हुए, लेकिन जानबूझकर अशांति फैलाने की कोशिश की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि बीआरएस शासनकाल में लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर किया गया और डराने-धमकाने की राजनीति की गई। उन्होंने कहा कि चुनाव आचार संहिता के दौरान समूह में घूमना कानून का उल्लंघन है। वीडियो साक्ष्य की ओर इशारा करते हुए मंत्री ने पुलिस से बल्का सुमन के खिलाफ तत्काल मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की।

# काइथनपल्ली नगरपालिका चेयरमैन चुनाव में हिंसा

हैदराबाद, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। काइथनपल्ली नगरपालिका में चेयरपर्सन और डिप्टी चेयरपर्सन चुनाव के दौरान मंगलवार को हिंसा भड़क उठी। कथित तौर पर भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकर्ताओं ने श्रम मंत्री जी. विवेक वेंकट स्वामी और पेद्दापल्ली सांसद जी. वमशी कृष्णा के काफिले पर पथराव किया, जिससे उनके वाहनों को नुकसान पहुंचा और एक पुलिस कांस्टेबल सहित दो अन्य लोग घायल हो गए। हिंसा उस समय भड़की जब पुलिस ने बीआरएस विधायक कोवा लक्ष्मी और पूर्व विधायक बाल्का सुमन को नगर परिषद हॉल में प्रवेश करने से रोक दिया। बीआरएस और कांग्रेस समर्थकों के बीच तनाव बढ़ने पर स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। तनाव बढ़ने के बीच, आक्रोशित बीआरएस समर्थकों ने मतदान के लिए पहुंच रहे मंत्री विवेक और सांसद वामसी कृष्णा के काफिले पर पथराव किया, जिससे दोनों वाहनों के किनारों को नुकसान हुआ।



राकेश जायसवाल पूर्व पार्षद जामबाग द्वारा अमावस्या पर, गौलीगुड़ा इमलीबन गौशाला में हरी घास खिलाई गई, उनके साथ प्रेम जैन, राजेंद्र यादव, किशन शर्मा, गजानंद चौधरी, रघुनंदन, राजू, नरसिंह, सूरी भी थे।



जियागुडा स्थित श्री समर्थ कामधेनु गोशाला में अमावस्या पर गौसेवा करते प्रभु दत्त महाराज, हरिकिशन मायच्छ, पवन व्यास, गोपाल रोड़ा, महावीर प्रशाद कड़ेल, सत्यनारायण मौसूण, पंकज वर्मा, शरद वर्मा, नथमल मायच्छ, मनोज सुंदलिया एवं अन्य।



सत्यम शिवम सुंदरम गगन पहाड़ स्थित गौशाला में गौ सेवा करते गौ भक्त



मेडचल रोड स्थित श्रीयादेवी आईजी गौशाला में अमावस्या के अवसर पर गौ सेवा करते हुए पंवार ताराराम सीरवी, मारवाड़ी युवा मंच मेडचल के कोषाध्यक्ष राजेश कुमार चौधरी, नारायणलाल सिरवी, आशाराम सीरवी, गणेश राम, कूपाराम, नारायणलाल व अन्य।



शिव मंदिर शमशेरगंज स्थित गौशाला में गौ सेवा करते हुए भक्त


दक्षिण मध्य रेलवे

@SCRailwayIndia

**खुली ई-निविदा सूचना सं. डीआरएम/वर्क्स/एससी/13-23/2026/ओटी, दि.13-02-2026**

PUB/1948

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु दि.13-03-2026 के 14.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

**क्रम सं.-01,** ई-निविदा सं.13 _सीओ_एससी _26 _ओटी, कार्य विवरणः बीपीक्यू-केजेडजे, केजेडजे-केआइ, डब्ल्यूडी-एससी & एससी-केजेडजे सेक्शन्सः संपूर्ण ट्रैक नवीनीकरण & रेल नवीनीकरण (रिन्युएल्स) कार्यों के माध्यम से एसआर. डीइएन/उत्तर/एससी, एसआर.डीइएन/पश्चिम/एससी & डीइएन/मध्य/एससी सेक्शन्स के तहत विभिन्न स्थानों पर सिटू में मोबाइल फ्लैश बटट् वेल्डिंग प्लांट या संयंत्र द्वारा रेल जायंट्स 60 किग्रा/52 किग्रा का वेल्डिंग कार्य।
अनुमानित निविदा मूल्य रु.2,79,40,626.00, पूर्व धरोहर राशि रु.2,89,700.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 09 महिने, रखरखाव अवधिः शून्य

**क्रम सं.-02,** ई-निविदा सं.14 _सीआर_एससी _26 _ओटी, कार्य विवरणः डब्ल्यूडी-एससी-केजेडजे सेक्शन्सः डीइएन/मध्य/एससी सेक्शन के तहत नई 60किग्रा.कर्व्ड स्विचेस/थिक वेब स्वीचेस, लीड रेल्स तथा सीएमएस/डब्ल्यूसीएमएससी सहित इएक्सजी. 52किग्रा/60किग्रा. स्वीचेस, लीड रेल्स एवं रन्निंग लाइन्स में क्रासिंग्स का टर्नआउट रिन्युएल या नवीनीकरण। अनुमानित निविदा मूल्य रु.3,71,35,873.00, पूर्व धरोहर राशि रु.3,35,700.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 12 महिने, रखरखाव अवधिः 60 (दिन)

**क्रम सं.-03,** ई-निविदा सं.15 _एनडब्ल्यू_एससी _26 _ओटी, कार्य विवरणः वीकेबी--पीआरएलआई सेक्शन्सः बीआईडीआऱ-बिदर रेलवे स्टेशन पर रोड नं.1 तथा रोड नं.3 हेतु बाल्लास्ट लेस्स ट्रैक का प्रावधान तथा त्वरित सिंचाई व्यवस्थाएं। (दो पैकेट प्रणाली)।
अनुमानित निविदा मूल्य रु.14,22,70,793.00, पूर्व धरोहर राशि रु.8,61,400.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 12 महिने, रखरखाव अवधिः 36 महिने

**क्रम सं.-04,** ई-निविदा सं.16 _एनडब्ल्यू_एससी _26 _ओटी, कार्य विवरणः पीडीपीएल--एनजेडबी सेक्शन्सः करीमनगर रेलवे स्टेशन पर लूप लाइन-1 हेतु बाल्लास्ट लेस्स ट्रैक का प्रावधान तथा त्वरित सिंचाई व्यवस्था।
अनुमानित निविदा मूल्य रु.8,66,60,525.00, पूर्व धरोहर राशि रु.5,83,300.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 12 महिने, रखरखाव अवधिः 36 महिने

**क्रम सं.-05,** ई-निविदा सं.17 _एनडब्ल्यू_एससी _26 _ओटी, कार्य विवरणः वीकेबी--पीआरएलआई सेक्शन्सः परली वैजनाथ रेलवे स्टेशन पर लूप लाइन-1 हेतु बाल्लास्ट लेस्स ट्रैक का प्रावधान तथा त्वरित सिंचाई व्यवस्था।
अनुमानित निविदा मूल्य रु.8,66,60,525.00, पूर्व धरोहर राशि रु.5,83,300.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 12 महिने, रखरखाव अवधिः 36 महिने

**क्रम सं.-06,** ई-निविदा सं.18 _एनडब्ल्यू_एससी _25 _ओटी, कार्य विवरणः एसडब्ल्यू 1) वीकेबी--पीआरएलआई सेक्शन्सः एसएसइ/पी.वे/बीआइडीआर क्षेत्राधिकारः विभिन्न यार्ड्स पर प्रस्तावित सुरक्षा संबंधित यार्ड सुधार तथा उन्नयन कार्य। एसडब्ल्यू 2) बीआइडीआर--जीआर सेक्शन्सः एसएसइ/पी.वे/एचएमबीडी क्षेत्राधिकारः विभिन्न यार्ड्स पर प्रस्तावित सुरक्षा संबंधित यार्ड सुधार तथा उन्नयन या अपग्रेडेशन कार्य।
अनुमानित निविदा मूल्य रु.2,72,84,458.00, पूर्व धरोहर राशि रु.2,86,500.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 12 महिने, रखरखाव अवधिः 60 (दिन)।

क्रम सं.-07, ई-निविदा सं.19 _एन_एससी 26 _ओटी, कार्य विवरणःबीपीक्यू-केजेडजेः फेन्सिंग लंबाई 15 किमी (फेज-।) हेतु उचित आइएस कोड्स नुसार, गति प्रति घंटा 130 किमी से अधिक के लिए, ट्रैक के चारों तरफ, उच्च टेन्सिल स्टील वायर कोटिंग से युक्त, उपयुक्त प्रोटेक्टिव कोटिंग सहित फिक्सड नाट फेंसिंग का इस्तेमाल करते हुए सेफ्टी फेन्सिंग/बाउण्डरी वाल का प्रावधान।
अनुमानित निविदा मूल्य रु.3,95,43,994.00, पूर्व धरोहर राशि रु.3,47,700.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 12 महिने, रखरखाव अवधिः 60 (दिन)।

**क्रम सं.-08,** ई-निविदा सं.20 _एन_एससी _26 _ओटी, कार्य विवरणःबीपीक्यू-केजेडजे सेक्शनः सिरपुर कागजनगर-रोड 5 हेतु बाल्लास्ट लेस्स ट्रैक का प्रावधान तथा सिरपुर कागजनगर रेलवे स्टेशन पर रोड 5 & 6 के बीच त्वरित सिंचाई प्रणाली व्यवस्था।
अनुमानित निविदा मूल्य रु.8,66,60,525.00, पूर्व धरोहर राशि रु.5,83,300.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 09 महिने, रखरखाव अवधिः 36 महिने।

**क्रम सं.-09,** ई-निविदा सं.21 _एन_एससी _26 _ओटी, कार्य विवरणः एसडब्ल्यू 1) काजीपेट -बल्लारशाह सेक्शन पर राघवपुरम शन्टिंग नेक का विस्तार कार्य। एसडब्ल्यू 2) पेध्दापल्ली (पीडीपीएल) स्टेशन यार्ड पर मौजूदा शन्टिंग नेक 50 मीटर्स का विस्तार कार्य।
अनुमानित निविदा मूल्य रु.4,11,82,075.00, पूर्व धरोहर राशि रु.3,55,900.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 12 महिने, रखरखाव अवधिः 36 महिने।

**क्रम सं.-10,** ई-निविदा सं.22 _एस_एससी _26 _ओटी, कार्य विवरणःकेजेडजे-केआई सेक्शन (एसआर.डीइएन/एस/एससी)- फेन्सिंग लंबाई 15 किमी (फेज-।) हेतु उचित आइएस कोड्स नुसार, गति प्रति घंटा 130 किमी से अधिक के लिए, ट्रैक के चारों तरफ, उच्च टेन्सिल स्टील वायर कोटिंग से युक्त, उपयुक्त प्रोटेक्टिव कोटिंग सहित फिक्सड नाट फेंसिंग का इस्तेमाल करते हुए सेफ्टी फेन्सिंग/बाउण्डरी वाल का प्रावधान।
अनुमानित निविदा मूल्य रु.4,14,61,307.00, पूर्व धरोहर राशि रु.3,57,300.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 12 महिने, रखरखाव अवधिः 60 (दिन)।

**क्रम सं.-11,** ई-निविदा सं.23 _एस_एससी _26 _ओटी, कार्य विवरणःकेजेडजे-बीजेडए सेक्शन-केसमुद्रम तथा तडालापुसापल्ली स्टेशनों के बीच एलसी नं. 79 (एम) किमी 428/9-11 पर रोड अंडर ब्रिज (आरयुबी) के लिए, सहायक कार्य (शेष बचे हुए कार्य) जैसे आरयुबी एप्रोचेस, रिटेनिंग वाल्स, नालियों या ड्रैनेज व्यवस्था आदि प्रस्तावित कार्य।
अनुमानित निविदा मूल्य रु.2,94,83,318.00, पूर्व धरोहर राशि रु.2,97,400.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 06 महिने, रखरखाव अवधिः 06 महिने।

निविदाकारों को केवल ई-टेंडरिंग के माध्यम से ही भाग लेना चाहिए तथा मैन्युएल आफर्स पर कतई विचार नही किया जायेगा।
सभी भावी निविदाकारों से अनुरोध है कि, केवल आनलाइन पेमेन्ट्स/बीजी द्वारा ही पूर्व धरोहर राशि को जमा करें।
रेल प्रशासन के पास कोई भी कारण न देते हुए निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार सुरक्षित है।
सभी भावी निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि, जीएसटीआईएन पहचान संख्याएं प्राप्त करें तथा इसे अपने आफर्स के साथ प्रस्तुत करें।
सीनि. डीइएन/को-आर्डिनेशन/सिकंदराबाद

**निविदा संख्याः जीआऱ/ई.29/।/211, दि.09-02-2026**

PUB/1949

भारत के राष्ट्रपति की ओर से,
चीफ वर्कशाप मैनेजर की बिजली शाखा, दक्षिण मध्य रेलवे, वैगान वर्कशाप, गुन्टुपल्ली-521241 द्वारा निम्न कार्यों हेतु दि.09-03-2026 के 14.45 बजे तक मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित हैं।

निविदा संख्याः जीआर/ई.29/।/211, दि.9-2-2025

**कार्य विवरणः** वैगान वर्कशाप तथा कालोनी, गुन्टुपल्ली के विभिन्न रूफटाप्स या छतों, शेड्स पर कुल 980 केडब्ल्यूपी क्षमता युक्त रूफ टाप सोलार प्लांट्स का प्रावधान।

मात्राः 01

**कार्य पूरा करने की अवधिः 12 महिने**

निविदा मूल्य रु.5,03,49,931.64 (रु.पांच करोड तीन लाख उनचास हजार नौ सौ इकत्तीस और चौंसठ पैसे)

जमा की जानेवाली बोली सुरक्षा/पूर्व धरोहर राशिः रु.4,01,800.00 (रु.चार लाख एक हजार आठसौ मात्र)

**निविदा दस्तावेज मूल्य रु. निःशुल्क**

**आफर वैधः** निविदा खोलने की तिथि से लेकर 60 दिन

**निविदा का प्रकारः** आईआरजीसीसी-2022 द्वारा अधिशासित कार्य निविदा

**टेंडरिंग प्रणालीः** खुली निविदा- एकल पैकेट

**तत्समान स्वभाव का कार्यः लागू**

**बोली बंद करने की तिथि व समयः 09-03-2026 के 15.00 बजे**

**बोली खोलने की तिथि व समयः 09-03-2026 के 15.15 बजे**

निविदा दस्तावेज व शुध्दिपत्रः निविदा दस्तावेज हेतु तथा परिवर्तनों/शुध्दिपत्र यदि कोई हो तो वेबसाइटः http://www.ireps.gov.in देखें।

यदि निविदा खोलने की तिथि को अवकाश घोषित होता है तो, निविदाओं को उसके अगले कार्यदिवस में तत्संबंधित निर्धारित समय पर खोला जायेगा।

चीफ वर्कशाप मैनेजर,
वैगान वर्कशाप, गुन्टुपल्ली

A2477

**निविदा नियम शर्तें/अधिक जानकारी तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइट्सः https://www.ireps.gov.in अथवा www.scr.indianrailways.gov.in देखें।**


# हिंदू टू हिंदू बिजनेस नेटवर्किंग संपन्न



हैदराबाद, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हिंदू टू हिंदू बिजनेस नेटवर्किंग (एच2एच) 7 आदित्य (बालानगर चैप्टर) ने सनातनी हिंदू व्यापारियों के लिए एक व्यापारिक सम्मेलन भाग्यनगर के हिंदू व्यापारियों की सहायता और प्रोत्साहन के लिए आयोजित किया गया था।

यह सम्मेलन कोमपल्ली के सुचित्रा सर्कल स्थित होटल रिच में आयोजित किया गया था। सम्मेलन के मुख्य अतिथि उद्योगपति और सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल बलदवा थे। अध्यक्ष सुजाता नाम्बियार और अन्य सदस्यों श्रीकांत रियानी और पंकज वर्मा की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया। एच2एच के संस्थापक गीतेश काटे भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# साइबराबाद में सौ किलो गांजा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

हैदराबाद, 17 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। एक बड़ी मादक पदार्थ विरोधी कार्रवाई में कोल्लूर पुलिस और एसओटी, सेरिलिंगमपल्ली जोन की संयुक्त टीम ने टेल्लापुर के पास दो तस्करों को गिरफ्तार कर 101.711 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। बरामद गांजे की कीमत लगभग 25.72 लाख रुपये बताया जा रहा है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले के किसान बसवा जगन्नाथम (37) और पुट्टपर्थी जिले के पल्लापु लक्ष्मीनारायण (52) को पकड़ा। कार्रवाई के दौरान चार मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। मुख्य आपूर्तिकर्ता, ओडिशा निवासी राजू, फिलहाल फरार है। पुलिस के अनुसार आरोपी टेल्लापुर स्थित शिल्पा वेंचर के पास निर्माण स्थलों पर काम करने वाले मजदूरों को निशाना बनाकर लेबर कैंपों के पास गांजा बेचते थे।


स्वतंत्र वार्ता

Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com

Epaper :
epaper.swatantravaartha.com

For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# न्यूजीलैंड सुपर-8 में पहुंचा: कनाडा को 8 विकेट से हराया

## कनेडियन बैटर युवराज समरा टी-20 वर्ल्डकप में शतक लगाने वाले सबसे युवा



चेन्नई, 17 फरवरी (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप के 31वें मैच में कनाडा को 8 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ कीवी टीम सुपर-8 में पहुंच गई। कनाडा ने चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया है। टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 173 रन बनाए। जवाब में कीवी टीम ने 15.1 ओवर में 2 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

174 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र ने अर्धशतक लगाए। फिलिप्स ने 36 बॉल पर नाबाद 76 रन बनाए। उन्होंने 3 कैच भी लिए थे। फिलिप्स को इस प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। रचिन ने 39 बॉल पर नॉटआउट 59 रन की पारी खेली। कनाडा के लिए साद बिन जफर और दिलोन हेलिगर को 1-1 विकेट मिला।

**युवराज समरा का शतक**

कनाडा के लिए युवराज समरा ने शतक लगाया। उन्होंने 65 बॉल पर 110 रन बनाए। 19 साल के युवराज टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड पाकिस्तान के अहमद शहजाद के नाम थी, जिन्होंने 2014 में 22 साल 127 दिन की उम्र में बांग्लादेश के खिलाफ मीरपुर में शतक लगाया था। कनाडा के लिए युवराज के अलावा कप्तान दिलप्रीत बाजवा ने 36 रन बनाए। युवराज और दिलप्रीत के बीच पहले विकेट के लिए 116 रन की साझेदारी हुई। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी, जैकब डफी, काइल जैमीसन और जिमी नीशम को 1-1 विकेट मिला।

**दोनों टीमों की प्लेइंग-11**

न्यूजीलैंड: फिन एलन, टिम साइफर्ट (विकेटकीपर), रचिन रवींद्र, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चापमन, डेरिल मिचेल (कप्तान), कोल मैककोनी, जिमी नीशम, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, जैकब डफी।

कनाडा: दिलप्रीत बाजवा (कप्तान), युवराज समरा, नवनीत धालीवाल, हर्ष ठाकेर, निकोलस किर्टन, श्रेयस मोव्वा (विकेटकीपर), साद बिन जफर, शिवम शर्मा, दिलोन हेलिगर, जसकरन सिंह, अंश पटेल।

# ऑस्ट्रेलिया टी-20 वर्ल्डकप से बाहर

## जिम्बाब्वे सुपर-8 में, जिम्बाब्वे-आयरलैंड मैच बारिश से रद्द; कंगारू दूसरी बार ग्रुप स्टेज से बाहर




2021 की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लीग राउंड से ही बाहर हो गई है। मंगलवार को जिम्बाब्वे और आयरलैंड के बीच मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। कैंडी के पल्लेकेले स्टेडियम में मैच का टॉस भी नहीं हो सका। इसी के साथ जिम्बाब्वे सुपर-8 में पहुंच गई है। एक दिन पहले कंगारू श्रीलंका के खिलाफ 8 विकेट से हार गए थे। उन्हें 13 फरवरी को जिम्बाब्वे ने 23 रन से हराया था। अब ऑस्ट्रेलिया को 20 फरवरी को ओमान से खेलना है। इसे जीतकर भी मिचेल मार्श की टीम अगले दौर में नहीं पहुंच सकेगी। ऑस्ट्रेलियन टीम इस टूर्नामेंट के इतिहास में दूसरी बार ग्रुप स्टेज से बाहर हुई है। इससे पहले 2009 में टीम रिकी पोंटिंग की कप्तानी में लीग राउंड से बाहर हो गई थी। मैच का स्कोरबोर्ड

**इस वर्ल्डकप में पहला मैच रद्द हुआ**

मौजूदा वर्ल्डकप में पहला मैच रद्द हुआ है। वहीं, टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक 8 मैच रद्द हुए हैं। 2016 के एडीशन में 2 मैच रद्द हुए थे। 2007, 2010, 2012, 2022 और 2024 में भी एक-एक मैच रद्द हुए।

**ऑस्ट्रेलिया बाहर कैसे हुआ?**

ग्रुप बी में श्रीलंका 6 पॉइंट्स और जिम्बाब्वे 5 पॉइंट्स के साथ सुपर-8 में पहुंच गई। ऑस्ट्रेलिया अब आखिरी मैच जीतकर भी 4 पॉइंट्स तक ही पहुंच सकेगा। एक ग्रुप से 2 ही टीमें अगले राउंड में जा सकती है, इसलिए ऑस्ट्रेलिया बाहर हो गया।

**जिम्बाब्वे अगले टी-20 वर्ल्डकप के लिए क्वालिफाई**

सुपर-8 में पहुंचने के साथ ही जिम्बाब्वे ने 2028 टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। उसे अब क्वालिफायर नहीं खेलना होगा। नियमों के मुताबिक टॉप-8 टीमें और मेजबान देश (जिस देश में वर्ल्ड कप हो रहा है) वर्ल्ड कप में सीधे खेलते हैं। जबकि, बाकी टीमों को टूर्नामेंट में एंट्री के लिए क्वालिफायर खेलना होता है।

# टीम इंडिया के कोच गंभीर को आईपीएल से ऑफर

## लेकिन कोच पद बना रुकावट, केकेआर को 2024 में तीसरा आईपीएल खिताब दिलाया



मुंबई, 17 फरवरी (एजेंसियां)। टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर को IPL की फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स से बड़ा प्रस्ताव मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक, टीम के नए निवेशकों में से एक ने गंभीर को पार्टनर, मेंटर और सीईओ का ऑफर दिया है।

साथ ही उन्हें 2 से 3 प्रतिशत इक्विटी स्टेक देने की भी पेशकश की गई है। बताया जा रहा है कि फ्रेंचाइजी के अधिकतर मौजूदा शेयरधारक अपनी हिस्सेदारी नए मालिकों को बेच रहे हैं और सौदा ट्रांसफर प्रक्रिया में है।

**गंभीर इंडियन मेन्स क्रिकेट टीम के हेड कोच हैं**

हालांकि, गंभीर फिलहाल इंडियन मेन्स क्रिकेट टीम के हेड कोच हैं, ऐसे में वे यह प्रस्ताव स्वीकार नहीं कर सकते। लोढ़ा कमेटी की सिफारिशों के तहत सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट नियम है कि कोई भी व्यक्ति एक साथ टीम इंडिया और किसी आीफर्ईळ फ्रेंचाइजी के साथ आधिकारिक भूमिका में नहीं रह सकता।

**कॉन्ट्रैक्ट 2027 ओडीआई वर्ल्ड कप के बाद खत्म होगा**

गंभीर के करीबी सूत्रों का कहना है कि वह अभी पूरी तरह अपने मौजूदा पद पर रहेंगे। इनका बीसीसीआई के साथ कॉन्ट्रैक्ट है, जो 2027 ओडीआई वर्ल्ड कप के बाद खत्म हो जाएगा।

संन्यास के बाद गंभीर आईपीएल में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वे 2022 और 2023 में लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटर रहे और टीम को दोनों बार प्लेऑफ तक पहुंचाया। इसके बाद 2024 सीजन में कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ जुड़कर फ्रेंचाइजी को तीसरा आईपीएल खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

फिलहाल गंभीर टीम इंडिया के साथ टी-20 वर्ल्ड कप अभियान में व्यस्त हैं। भारत लगातार तीन ग्रुप मैच जीतकर सुपर-8 में पहुंच चुका है और बुधवार को नीदरलैंड से भिड़ेगा।

# लगातार तीसरी जीत से श्रीलंका सुपर-8 में पहुंचा

## निसंका ने इस टूर्नामेंट का पहला शतक लगाया



स्पोर्ट्स डेस्क, 17 फरवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया को टी-20 वर्ल्ड कप में एक और करारी हार झेलनी पड़ी है। तीसरे मैच में श्रीलंका ने 8 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम इस टूर्नामेंट से लगभग बाहर हो गई है। अब उसकी उम्मीदें जिम्बाब्वे की हार पर टिकीं हैं। अगर जिम्बाब्वे मंगलवार को होने वाले मैच में आयरलैंड को हरा देती है, तो ऑस्ट्रेलिया बाहर हो जाएगी।

पल्लेकेले स्टेडियम में ग्रुप बी के इस मैच में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। ऑस्ट्रेलिया 20 ओवर में 181 रन पर ऑलआउट हो गई। श्रीलंका ने 182 रन का टारगेट 18 ओवर में 2 विकेट पर हासिल कर लिया। पथुम निसंका ने 52 बॉल पर नाबाद 100 रन की पारी खेली। इस पारी में 10 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। निसंका ने इस टूर्नामेंट का पहला शतक लगाया। कुसल मेंडिस ने 51 रन बनाए। मार्कस स्टोयनिस को 2 विकेट मिले।

ऑस्ट्रेलिया से ट्रेविस हेड ने 56 और मिचेल मार्श ने 54 रन की पारी खेली। दोनों ने शतकीय साझेदारी की।

जोश इंग्लिस ने 27 और ग्लेन मैक्सवेल ने 22 रन बनाए। दुषन हेमंथ ने 3 विकेट झटके। दुष्मंथा चमीरा को 2 विकेट मिले। मैच का स्कोरबोर्ड

**श्रीलंका ने 8 रन पर पहला विकेट गंवाया, निसंका के शतक से जीती टीम**

182 रन का टारगेट चेज कर रही श्रीलंका की शुरुआत रही। टीम ने दूसरे ओवर में 8 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवाया। यहां पर कुसल परेरा एक रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मार्कस स्टोयनिस ने कैच आउट कराया।

इसके बाद पथुम निसंका (नाबाद 100 रन) ने कुसल मेंडिस के साथ मिलकर टीम को 100 पार पहुंचा दिया। मेंडिस (38 गेंद पर 51 रन) के आउट होने के बाद निसंका ने पवन रत्नायके के साथ मिलकर टीम को जीत दिला दी। रत्नायके ने चौका लगाकर जिताया।

# शाहिद अफरीदी ने बाबर आजम के साथ अपने दामाद को भी नहीं बख्शा

## कहा- पाकिस्तान की टीम से बाहर करो



इस्लामाबाद, 17 फरवरी (एजेंसियां)। भारत से मुकाबला करने की पाकिस्तान को ललक खूब रहती है. लेकिन, जब हार मिलती है तो उनकी बौखलाहट भी उतनी ही दिखती है. फिर चाहे वहां के क्रिकेट फैंस हों या पूर्व क्रिकेटर, सबका हाल एक जैसा ही दिखता है. अब शाहिद अफरीदी को ही ले लीजिए. भारत के खिलाफ बड़ी-बड़ी डिंगे हांकने वाले शाहिद अफरीदी को कोलंबो में मिली हार हजम नहीं हुई. पाकिस्तान की हार से जनाब इतने बौखला गए कि उन्होंने अपने दामाद यानी शाहीन अफरीदी को भी नहीं बख्शा.

भारत के खिलाफ T20 वर्ल्ड कप 2026 के मुकाबले में पाकिस्तान को 61 रन से बड़ी हार का सामना करना पड़ा. उस हार पर शाहिद अफरीदी ने पाकिस्तान के एक टीवी शो में बैठकर अपनी राय रखी. उन्होंने 3 खिलाड़ियों पर निशाना साधा, जिनमें एक नाम शाहीन अफरीदी का भी रहा, जो कि उनके दामाद भी हैं. शाहिद अफरीदी ने भारत के खिलाफ पाकिस्तान की हार के बाद टीवी शो में कहा कि अगर मुझे फैसला करना हो तो मैं बाबर आजम, शाहीन अफरीदी और शादाब खान को टीम से बाहर निकालना चाहूंगा.

शाहिद अफरीदी ने कहा कि ये लंबे समय से टीम के साथ हैं पर रिजल्ट वैसा नहीं मिल पा रहा, जैसा मिलना चाहिए. इसलिए अब वक्त आ गया है जब इन तीनों को बाहर कर नए खिलाड़ियों को चांस देना चाहिए.

शाहिद अफरीदी की इस बात से पर्व पाक क्रिकेटर मोहम्मद यूसुफ भी इत्तेफाक रखते दिखे. उन्होंने भी अपने एक्स हैंडल पर बाबर, शाहीन और शादाब को बाहर कर नए खिलाड़ियों को मौका देने की वकालत की. मोहम्मद यूसुफ के मुताबिक इन तीनों खिलाड़ियों का टी20 करियर अब ओवर है.

# मोहम्मद शमी को ऐसा करते पहले नहीं देखा

## सेमीफाइनल में 8 विकेट के बाद टीम इंडिया में होगी वापसी?




कोलकाता, 17 फरवरी (एजेंसियां)। रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले में मोहम्मद शमी का भयंकर कहर टूटा है. बंगाल की ओर से खेल रहे शमी ने जम्मू कश्मीर के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में आग उगली है. उन्होंने इस सेमीफाइनल मैच में अपने फर्स्ट क्लास क्रिकेट करियर का बेस्ट प्रदर्शन किया है. मतलब उन्होंने जो किया, वैसा करते वो पहली बार दिखे. फर्स्ट क्लास की पिच पर उनका वैसा कहर पहली बार टूटा है. ऐसे में सवाल है कि इसके बाद भी अगर शमी की टीम इंडिया में वापसी नहीं होगी तो कब होगी?

**शमी की मचाई सनसनी से बंगाल को बढ़त**

मोहम्मद शमी के टूटे कहर ने सेमीफाइनल मैच की पहली पारी में जम्मू कश्मीर को पस्त करते हुए बंगाल को बढ़त दिला दी. बंगाल को पहली पारी में 26 रन की लीड मिली, जिसे दिलाने में शमी के चटकाए 8 विकेटों की बड़ी भूमिका रही.

**शमी ने करियर बेस्ट प्रदर्शन किया**

दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने जम्मू कश्मीर के खिलाफ सेमीफाइनल में 22.1 ओवर गेंदबाजी की और 90 रन देकर 8 विकेट चटकाए.

ये उनके फर्स्ट क्लास करियर का सबसे बेस्ट गेंदबाजी फीगर है. इससे पहले उन्होंने एक इनिंग में कभी 8 विकेट नहीं चटकाए थे. ये 15वीं बार रहा जब अपने फर्स्ट क्लास करियर की एक इनिंग में शमी ने 5 या उससे ज्यादा विकेट लिए हैं.

**टीम इंडिया में होगी शमी वापसी?**

रणजी ट्रॉफी के नॉक आउट मुकाबलों के दौरान मोहम्मद शमी के खेल पर भारतीय सेलेक्टर्स की भी नजरें जमी हैं. क्वार्टर फाइनल मुकाबले के दौरान आर पी सिंह ने तो मैदान में मौजूद रहकर काफी करीब से उनके खेल को देखा. उस मैच में शमी ने गेंद के साथ साथ बल्ले से भी अपना असर छोड़ा था. क्वार्टर फाइनल में छोड़े अपने असर को अब उन्होंने जम्मू-कश्मीर के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में भी बरकरार रखा है. सेमीफाइनल में उन्होंने अपना बेस्ट दिया है और अब उम्मीद की जा रही है कि सेलेक्टर्स भी उन्हें निराश नहीं करेंगे. रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में किए प्रदर्शन के बाद उनके अगली टेस्ट सीरीज के दौरान टीम इंडिया में लौटने के आसार बढ़ गए हैं.

# टी20 विश्व कप के बीच चोटिल हुआ स्टार तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना

## हर्षित राणा के बाद केकेआर को आईपीएल 2026 से पहले दूसरा झटका!



खेल डेस्क, 17 फरवरी (एजेंसियां)। टी20 वर्ल्ड कप 2026 के बीच कई सारे खिलाड़ी चोटिल हुए हैं. अब श्रीलंका के एक तेज गेंदबाज को भी चोट आई है. आईपीएल 2026 ऑक्शन में केकेआर ने उन्हें अपने साथ जोड़ा था. पहले ही कोलकाता नाइट राइडर्स के हर्षित राणा इंजर्ड होने के कारण टी20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए थे. अब उनकी ही टीम के लिए खेलने वाले एक और स्टार को चोट आई है. श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच में मथीशा पथिराना सिर्फ चार गेंद डाल पाए और उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा.

**श्रीलंका का स्टार गेंदबाज चोटिल**

मथीशा पथिराना टी20 वर्ल्ड कप 2026 में श्रीलंका के सबसे अहम तेज गेंदबाजों में से एक हैं. यह टूर्नामेंट अब तक उनके लिए धमाकेदार साबित हुआ था. उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ दो विकेट झटके थे, वहीं ओमान के विरुद्ध उन्होंने अपने स्पेल में मात्र 11 रन दिए थे. श्रीलंका की 16 फरवरी 2026 को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ंत हुई. पथिराना गेंदबाजी करने आए लेकिन अपने पहले ओवर में सिर्फ चार गेंद ही डाल पाए. उनके दाहिने पैर की हैमस्ट्रिंग में दर्द महसूस हुआ और उन्हें मेडिकल टीम द्वारा मैदान के बाहर ले जाया गया. इसके बाद वो दोबारा गेंदबाजी करने नहीं आए.

**स्कैन के बाद पता चलेगी चोट की गंभीरता**

मथीशा पथिराना के मैच से बाहर होने के बाद फैंस उनके लिए चिंतित हैं. श्रीलंका के लिए अब तक टी20 वर्ल्ड कप धमाकेदार साबित हुआ और वो तीन में से तीन मैच जीत चुके हैं. पथिराना की चोट उनका मोमेंटम खराब कर सकती है. श्रीलंका क्रिकेट ने अब तक मथीशा की चोट पर कोई अपडेट नहीं दिया है. मेडिकल टीम उनकी चोट के स्कैन करने के बाद ही बता पाएगी कि वो आगे टूर्नामेंट खेलेंगे, या नहीं.

**केकेआर को डबल झटका**

आईपीएल 2026 से केकेआर की टेंशन बढ़ती जा रही है. टी20 वर्ल्ड कप से पहले भारत के स्टार तेज गेंदबाज हर्षित राणा को चोट आई थी. इसी कारण वो टूर्नामेंट से बाहर हो गए और अब उनके आईपीएल मिस करने की बातें भी सामने आ रही है. केकेआर ने पथिराना को 18 करोड़ देकर खरीदा था और अगर वो बाहर हुए तो आईपीएल 2026 में कोलकाता का पूरा प्लान खराब हो सकता है.

# इटली में क्रिकेट के बीज एक श्रीलंकाई ने पनपाए

## जिस देश में पिच तक नहीं थी, वर्ल्डकप में नेपाल को 10 विकेट से हराया



खेल डेस्क, 17 फरवरी (एजेंसियां)। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टी-20 वर्ल्ड कप के एक मैच में इटली ने नेपाल को 10 विकेट से हराकर इतिहास रच दिया था। यह 78 साल के फ्रांसिस जयराजा के लिए एक चमत्कार था, जो स्टेडियम में बैठकर अपनी आंखों के सामने अपने 50 साल के संघर्ष को जीत में बदलते देख रहे थे। यह कहानी है एक ऐसे देश इटली की, जहां फुटबॉल तो धर्म है, लेकिन क्रिकेट के लिए एक जूनून कुछ लोगों के दिल में धड़कता रहा और इन जुनूनी लोगों ने देश में क्रिकेट को बचाए रखा।

**श्रीलंका के जाफना से रोम तक का सफर**

श्रीलंका के जाफना से 1968 में गणित पढ़ने रोम पहुंचे फ्रांसिस जयराजा ने नहीं सोचा था कि वे इटली के पहले क्रिकेट कप्तान बनेंगे। वे दिन में नौकरी करते और फिर शाम को विदेशी दूतावासों के कर्मचारियों के साथ खेलते। यहीं उनकी मुलाकात सिमोन गैम्बिनो से हुई। गैम्बिनो गर्मियों में इंग्लैंड में क्रिकेट देख चुके थे। दोनों ने 1980 में 'इटालियन क्रिकेट फेडरेशन' की नींव रखी। 1984 में इटली की टीम पहली बार इंग्लैंड दौरे पर गई, जिसके कप्तान जयराजा थे।

**मिलान और युवेंटस जैसे मशहूर क्लबों की शुरुआत में शामिल था क्रिकेट**

इटली में आम आदमी को क्रिकेट समझाना टेढ़ी खीर है। हालांकि, हैरानी की बात यह है कि इटली के मशहूर फुटबॉल क्लब एसी मिलान और युवेंटस की शुरुआत क्रिकेट और फुटबॉल क्लब के रूप में ही हुई थी। शुरुआत में एसी मिलान का नाम 'मिलान फुटबॉल एंड क्रिकेट क्लब' था, लेकिन 1900 के दशक में वहां से क्रिकेट गायब हो गया। इसका एक बड़ा कारण था बेनिटो मुसोलिनी का फासीवादी शासन। उन्होंने क्रिकेट को 'अन-इटालियन' और 'अंग्रेजों का खेल' बताकर इसे दबा दिया और फुटबॉल को राष्ट्रवाद के हथियार के तौर पर प्रचारित किया।

**2023-24 में कुछ शहरों में क्रिकेट खेलने पर प्रतिबंध भी लग चुका**

2023-24 के आसपास मोनफाल्कन शहर की मेयर ने पार्कों में क्रिकेट पर यह कहकर बैन लगा दिया था कि यह संस्कृति और सुरक्षा के लिए ठीक नहीं है। इटली में क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर की भारी कमी है। गैम्बिनो बताते हैं, 'शायद हम वर्ल्ड कप खेलने वाले पहले ऐसे देश हैं, जिसके पास अपने देश में ढंग की घास वाली विकेट तक नहीं हैं।' हालांकि, इस जीत के बाद इटली में क्रिकेट को लेकर माहौल बन रहा है। गैम्बिनो व लिएंड्रो का मानना है कि असली बदलाव ओलिंपिक से आएगा। जब इटली के लोग क्रिकेट को ओलिंपिक में देखेंगे, तभी यह खेल वहां का हिस्सा बन पाएगा।

